संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, रविवार, 10 दिसंबर 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 17 अंकः 329 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



मंत्री अमित शाह उत्तराखंड के देहरादून में उत्तराखंड वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन 2023 के समापन सत्र के दौरान।

# करोड़ों परिवारों को मिला सरकारी लाभ: मोदी

## विकसित भारत संकल्प यात्रा योजना के लाभार्थियों से बोले पीएम मोदी

**खुशी की बात**

**8 यह देखकर बहुत खुशी हो रही है कि बड़ी संख्या में लोग 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' में उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं।**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
भारतीय जनता पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं के साथ-साथ विकसित भारत संकल्प यात्रा के बारे में पीएम मोदी के साथ संवाद किया। इस वर्चुअल कार्यक्रम में पीएम मोदी ने 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के लाभार्थियों के साथ बातचीत की। पीएम मोदी ने जम्मू-कश्मीर के 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के लाभार्थियों से भी वर्चुअल बातचीत की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, यह देखकर बहुत खुशी हो रही है कि बड़ी संख्या में लोग 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' में उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा, "देश भर के गांवों में करोड़ों परिवारों को हमारी सरकार की किसी न किसी योजना से निश्चित रूप से लाभ हुआ है।" पीएम मोदी ने कहा, जब किसी को सरकारी योजनाओं का लाभ मिलता है, तो उसका आत्मविश्वास बढ़ता है। जीवन जीने की नई ताकत आती है। 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के लाभार्थियों से पीएम मोदी ने कहा, मेरे लिए इस देश का हर गरीब मेरे लिए वीआईपी है... हाल ही में विधानसभा चुनाव परिणाम घोषित हुए हैं। नतीजे बताते हैं कि लोगों को मोदी की गारंटी पर भरोसा है। मैं उन सभी का आभारी हूं जिन्होंने मेरी गारंटी पर भरोसा दिखाया... कुछ राजनीतिक पार्टियों को यह समझ नहीं आ रहा है कि झूठे वादों से उन्हें कुछ नहीं मिल सकता।

## मोदी ने वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की टिप्पणी दोहराई

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार सुबह वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से फिनटेक से जुड़े हुए ग्लोबल थॉट लीडरशिप प्लेटफॉर्म-इन्फिनिटी फोरम के दूसरे संस्करण को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष के पहले छह महीनों में भारत की 7.7 प्रतिशत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि देश की मजबूत होती अर्थव्यवस्था और पिछले 10 वर्षों में किए गए परिवर्तनकारी सुधारों का प्रतिबिंब है।

**निवेश के लिए बेहतर माहौल**
पीएम मोदी ने ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज और वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के एक बयान को दोहराया। उन्होंने कहा कि अल्बनीज ने इस साल की शुरुआत में कहा था कि भारत ग्लोबल साउथ को नेतृत्व देने के लिए मजबूत स्थिति में है। वहीं, कुछ हफ्ते पहले



वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम का कहना था कि भारत में लालफीताशाही कम हुई है और निवेश के लिए बेहतर माहौल है।

**नई टेक्नोलॉजी की तलाश**
बता दें, इन्फिनिटी फोरम का दूसरा संस्करण वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट 2024 के पूर्ववर्ती कार्यक्रम के रूप में भारत सरकार के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण और गिफ्ट सिटी द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। यह फोरम ऐसा मंच है कि जहां दुनिया भर से प्रगतिशील विचार, गंभीर समस्याएं, नई टेक्नोलॉजी की तलाश की जाती हैं, उनपर चर्चा की जाती है और समाधानों व अवसरों में विकसित की जाती है।

**आज पूरी दुनिया की उम्मीदें भारत पर टिकी**
मोदी ने यहां आयोजित ह्यइनफिनिटी फोरम 2.0 सम्मेलन को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि उनकी सरकार ह्यगुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक- सिटीह्न (गिफ्ट सिटी) को नए युग की वैश्विक वित्तीय और प्रौद्योगिकी सेवाओं का वैश्विक केंद्र बनाना चाहती है। उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष के पहले छह महीनों में भारत ने 7.7 फीसदी की जीडीपी वृद्धि हासिल की है। आज पूरी दुनिया की उम्मीदें भारत पर टिकी हैं।

**फास्ट न्यूज**

### नागा महिला की हत्या मामले में सीबीआई ने नौ लोगों को बनाया आरोपी

**नई दिल्ली।** मणिपुर हिंसा मामले में सीबीआई ने अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। मणिपुर में जातीय हिंसा के दौरान 15 जुलाई को केइबी गांव में भीड़ द्वारा एक 55 वर्षीय नागा महिला की हत्या कर दी गई थी। इस मामले में सीबीआई ने नौ लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है। नौ लोगों के खिलाफ चार्जशीट दायर अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि गुवाहाटी में एक विशेष सीबीआई अदालत के समक्ष आरोपपत्र दायर किया गया, जिसमें सीबीआई ने नौ लोगों पर अपराध करने का आरोप लगाया है। बता दें कि इस घटना को लेकर पहले इम्फाल पूर्व के लमलाई पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया था। बाद में मणिपुर सरकार के अनुरोध पर केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को इसकी जांच सौंपी गई। इसके बाद सीबीआई ने अपनी जांच शुरू की।

### केरल में नकली शराब बनाने की फैक्टरी का पदार्फाश

**नई दिल्ली** : केरल के एक रेस्तरां के पीछे नकली शराब बनाने की इकाई चलाने के आरोप में 44 वर्षीय एक डॉक्टर और पांच अन्य को गिरफ्तार किया गया है। आबकारी अधिकारियों ने शनिवार को बताया इरिंजालाकुडा के रहने वाले एलोपैथी डॉक्टर अनूप की देखरेख में पेरिंगोटुकारा में कुछ समय से गिरोह यह इकाई चला रहा था। टीम ने औचक छापा मारा अधिकारी ने बताया कि आबकारी आयुक्त के दस्ते को अवैध शराब उत्पादन इकाई के बारे में एक जानकारी मिली। सूचना मिलने पर त्रिशूर आबकारी सर्कल इंस्पेक्टर अशोक कुमार के नेतृत्व में अधिकारियों की एक टीम ने औचक छापा मारा और आरोपी को पकड़ लिया। 1,072 लीटर नकली शराब बरामद उन्होंने बताया कि छापेमारी के दौरान कुल 1,072 लीटर नकली शराब, दो कार और एक एयर-गन जब्त की गई। वहीं, आरोपियों से पूछताछ जारी है। भारतीय और अमेरिकी सेना संयुक्त रूप से अभ्यास कर रहे हैं। संयुक्त अभ्यास 'वज्र प्रहार 2023' के दौरान हवाई लड़ाई, लड़ाकूओं को बचने और भार को सटीक रूप से गिराने में प्रशिक्षित किया गया।

## 'भारत की तरक्की दुनिया को दिखाना जरूरी'

### भारतीय छात्रों और युवाओं से बोले एस जयशंकर



**टीम एक्शन इंडिया/दुबई**
भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने दुबई में भारतीय छात्रों और युवा उद्यमियों और नौकरीपेशा लोगों से मुलाकात की। इस दौरान विदेश मंत्री ने कहा कि विदेश में रहने वाले भारतीयों से अपील की कि वह दुनिया के सामने देश की तरक्की वाली तस्वीर पेश करें और दुनिया को बताएं कि भारत किस तरह से आगे बढ़ रहा है और क्या बदलाव हो रहे हैं।

**क्या बोले भारतीय विदेश मंत्री**
विदेश मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी आज विकसित भारत संकल्प यात्रा को संबोधित करेंगे। इस पहल के जरिए देशवासियों को पिछले 10 सालों में हुई तरक्की के बारे में जानकारी दी जाएगी। साथ ही उन्हें समझाया जाएगा कि देश ने क्या प्रगति की है।

जब हम विकसित भारत की बात करते हैं तो हम नए भारत के बारे में बात करते हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि जब भी आप ये सब नारे सुनते हैं तो हो सकता है कि आप इसके लाभार्थी ना हों, यह फायदे असल में उन लोगों को मिलेंगे जो इसके असल में जरूरतमंद हैं, लेकिन इसका दूसरा पहलू भी है। यह पहलू है चंद्र मिशन, सबसे तेजी से 5जी तकनीक को भारत में लागू करना, कोवैक्सिन यह भी विकसित भारत बना रहे हैं।'

**बदलाव**

**8 दुनिया को बताएं कि भारत किस तरह से आगे बढ़ रहा है और क्या बदलाव हो रहे हैं।**




भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ गुरुग्राम के सेक्टर-45 स्थित सार्थक ग्लोबल रिसोर्स सेंटर का उद्घाटन करते हुए।

## महाराष्ट्र-कर्नाटक में 40 से ज्यादा जगहों पर एनआईए के छापे

**नई दिल्ली** : राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने शनिवार सुबह देशभर में 40 से भी ज्यादा जगहों पर छापेमारी शुरू की। बताया गया है कि एजेंसी ने महाराष्ट्र में ठाणे, पुणे से लेकर मीरा भायंदर तक में कई ठिकानों पर रेड की। वहीं, कर्नाटक में भी एजेंसी ने कई जगहों पर सुबह-सुबह छापे मारे। अब तक इन मामलों में महाराष्ट्र के पुणे से 13 लोगों की गिरफ्तारी की गई है। एनआईए ने जिन 44 जगहों पर छापे मारे हैं, उनमें कर्नाटक में एक, पुणे में दो, ठाणे के ग्रामीण संभाग में 31, ठाणे शहर में नौ और भायंदर में एक ठिकाना शामिल है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, आतंकरोधी एजेंसी ने दोनों राज्यों में पुलिस के सहयोग से छापेमारी जारी रखी है।

## एसोसिएशन के नाम से फर्जीवाड़ा करने पर हाईकोर्ट सख्त



**टीम एक्शन इंडिया/बंगलूरू**
एक एसोसिएशन के अंग्रेजी नाम से फजीर्वाड़ा करने के मामले में कर्नाटक हाईकोर्ट ने सख्ती दिखाई दी है। अदालत ने एक एसोसिएशन 'कलारिपयट्टू' के नाम की नकल पर बनाए दूसरे एसोसिएशन की सभी संबद्धताओं और अनुदानों को रद्द कर दिया है। इसके साथ ही रजिस्ट्रार ऑफ सोसाइटीज द्वारा जारी पंजीकरण प्रमाणपत्र को रद्द कर दिया है। दरअसल, असली और नकली नाम में सिर्फ 'ढ' शब्द से छेड़छाड़ की गई है। न्यायमूर्ति एम नागप्रसन्ना की एकल पीठ ने कर्नाटक कलारिपयट्टू एसोसिएशन की याचिका स्वीकार कर नाम के साथ फजीर्वाड़ा करने वाले संघ के पंजीकरण को रद्द करने का आदेश दिया। कार्यवाही के दौरान प्रतिवादी एसोसिएशन अदालत में उपस्थित नहीं हुआ। कर्नाटक कलारिपयट्टू संघ ने अपनी याचिका में केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्रालय, कर्नाटक युवा मामलों के विभाग, रजिस्ट्रार ऑफ सोसायटीज और भारतीय खेल प्राधिकरण को प्रतिवादी बनाया था।

## 'मैंने किसी जवाब पर हस्ताक्षर नहीं किए'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी का कहना है कि उन्होंने हमास को आतंकी संगठन घोषित करने संबंधी किसी जवाब पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं।
बता दें कि सोशल मीडिया पर एक पत्र की तस्वीर शेयर की गई है, जिसमें लोकसभा में एक सांसद द्वारा हमास को आतंकी संगठन घोषित करने संबंधी सवाल पूछा गया है। इस पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए मीनाक्षी लेखी ने लिखा कि 'आपको गलत जानकारी दी गई है, मैंने ऐसे किसी पेपर पर हस्ताक्षर



नहीं किए हैं।' वहीं विपक्ष ने इसकी जांच की मांग की है।
**क्या है मामला:** बता दें कि सोशल मीडिया पर वायरल हो रही तस्वीर में दिख रहा है कि सांसद कुंबाकुदी सुधाकरण ने विदेश मंत्रालय से लोकसभा में लिखित सवाल पूछा कि 'क्या भारत सरकार का ऐसा कोई प्रस्ताव है, जिसमें हमास को भारत में आतंकी संगठन घोषित किया जाएगा, यदि है तो उसकी जानकारी दी जाए। साथ ही ये भी पूछा गया है कि क्या इस्राइल की सरकार ने भारत सरकार से हमास को आतंकी संगठन घोषित करने की मांग की है, यदि हां तो उसकी जानकारी दें।' तस्वीर में दिख रहा है कि मीनाक्षी लेखी ने अपने कथित जवाब में लिखा है कि 'किसी संगठन को आतंकी संगठन घोषित करना यूएपीए एक्ट के तहत आता है।'

**सीएम बोले** सबका साथ सबका विकास के ध्येय के अनुरूप योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव सब तक पहुंच रहा है

## पीएम मोदी के नेतृत्व में हो रहे नये भारत के दर्शन

**टीम एक्शन इंडिया/गोरखपुर**
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछले साढ़े नौ सालों के अंदर भारत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सर्वांगीण विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त किया है। मोदी के नेतृत्व में नए भारत का दर्शन हो रहा है। नया भारत वैश्विक स्तर पर 142 करोड़ भारतवासियों के गौरव को बढ़ाता है। इस भारत में बड़ी-बड़ी परियोजनाएं तो आगे बढ़ ही रही हैं, सबका साथ सबका विकास के ध्येय के अनुरूप योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव सब तक पहुंच रहा है। मुख्यमंत्री योगी शनिवार



को गोरखपुर के झारखंडी में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वर्चुअल संबोधन सुनने से पूर्व उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने नगरीय क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बनने वाले 1100 आवासों के प्रतीकात्मक भूमि पूजन में भी सम्मिलित हुए और जनहित की योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा की चर्चा की और कहा कि पिछले साढ़े नौ वर्षों के अंदर देश में 10 करोड़ से अधिक गरीबों के शौचालय बनाए गए हैं। इनमें से 4 करोड़ शौचालय उत्तर प्रदेश के लोगों के बने हैं। देश मे 4 करोड़ गरीबों के आवास बनवाए गए हैं। जिनमें से 55 लाख यूपी में बने हैं। देश में 50 करोड़ लोगों को आयुष्मान योजना से पांच लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा का लाभ मिल रहा है। यूपी में इस योजना से 10 करोड़ लोग सुविधा प्राप्त कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी की पहल पर कोरोना काल से देश में 80 करोड़ तथा उत्तर प्रदेश में 15 करोड़ लोगों को मुफ्त खाद्यान्न की सुविधा मिल रही है।



# भ्रष्टाचार का सबसे अधिक प्रभाव गरीब पर: मुख्यमंत्री

## आर्थिक, नैतिक और चारित्रिक भ्रष्टाचार से मुक्ति पाना जरूरी है: मुख्यमंत्री, मिशन कर्मयोगी चलाकर कर्मचारियों व अधिकारियों को बनाया जा रहा है चरित्रवान

**टीम एक्शन इंडिया/ चंडीगढ़/दीपिका शर्मा**
हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने कहा कि भ्रष्टाचार का सबसे अधिक प्रभाव गरीब व्यक्ति पर पड़ता है। भ्रष्टाचारी गरीब व्यक्ति का हक मारकर स्वयं को समाज में प्रतिष्ठित दिखाने का कार्य करते हैं। इसलिए हमें समाज के साथ संबंध जोड़कर समाज सेवा का दायित्व निभाना चाहिए और भ्रष्टाचार को पूर्ण रूप से खत्म करने का प्रयास करना चाहिए। भ्रष्टाचार से दूर रहकर देश व प्रदेश को आगे बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए। मुख्यमंत्री आज पंचकूला के लोक निर्माण विश्रामगृह में हरियाणा भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा अंतरराष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोधी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान प्रदेश के 9 जिलों के 25 स्थानों पर, जहां मिशन कर्मयोगी की ट्रेनिंग दी जा रही है, वहां पर भी अधिकारी व



कर्मचारी ऑनलाइन इस कार्यक्रम से जुड़े। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने प्रदेश में भ्रष्टाचार रोकने में सराहनीय कार्य करने वाले 16 अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरी दुनिया में भ्रष्टाचार विषय पर आज के दिन चर्चा हो रही है। भ्रष्टाचार किसी देश व प्रदेश तक ही सीमित नहीं है, बल्कि पूरी दुनिया में कम या ज्यादा मिलता है। इससे मुक्त होने के लिए हमें निरंतर प्रयास करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए जन जागरण की कोई कमी नहीं है। कमी है तो केवल संस्कारों की है। यदि हम जीवन में संस्कार और संतोष के भाव का समावेश कर लें तो भ्रष्टाचार से मुक्ति पाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि आर्थिक, नैतिक और चारित्रिक भ्रष्टाचार से मुक्ति पाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचारी देश व समाज को खोखला करने का काम कर रहे हैं। भ्रष्टाचार एक तरह का कैंसर है, जिसके घातक परिणाम होते हैं। इसके अलावा चारित्रिक भ्रष्टाचार की सोच वाले व्यक्ति समाज में अपनी लोकलाज बढ़ाने के लिए भ्रष्टाचार करते हैं। मुख्यमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री, चाणक्य तथा चंडीगढ़ निवासी समाजसेवी जगदीश आहूजा के जीवन का उदाहरण देकर लोगों का आह्वान किया कि वे उनके जीवन से प्रेरणा लेकर काम करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री बनते ही एक लक्ष्य तय किया था कि सबसे पहले अपनी राजनीतिक बिरादरी की छवि को कायम रखने का कार्य करेंगे। यह चुनौतीपूर्ण कार्य को उन्होंने संभव करके दिखाया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने भर्तियों में पारदर्शिता रखी और किसी भी आवेदक के साथ भेदभाव नहीं किया। मेरिट के आधार पर ही नौकरियां दी गई, जिसकी बदौलत गरीब के बच्चे का नौकरी पाने का सपना पूरा हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने मिशन कर्मयोगी कार्यक्रम चलाया है।

### व्यवस्था परिवर्तन से लगा है भ्रष्टाचार पर अंकुश : पुलिस महानिदेशक

इस दौरान कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि भ्रष्टाचार लोकतंत्र की नींव के लिए खतरा है और भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रही इस लड़ाई में सभी को एकजुटता के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है।
उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल प्रदेश ने भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए व्यवस्था परिवर्तन का कार्य किया है।
उन्होंने ऑटो अपील सिस्टम का उदाहरण देते हुए कहा कि प्रदेश में तकनीक का इस्तेमाल करते हुए भ्रष्टाचार नियंत्रित करने की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए। इतना ही नहीं, एंटी करप्शन ब्यूरो में भी रैंक के अंतर को समाप्त करते हुए प्रक्रियात्मक परिवर्तन का कार्य किया गया। ब्यूरो का पुनर्गठन करते हुए रीजनल एंटी करप्शन ब्यूरो स्थापित किए गए।

# इनेलो ने प्रदेशाध्यक्ष समेत 22 जिलों के अध्यक्षों की नियुक्तियां

**टीम एक्शन इंडिया/ चंडीगढ़**
**इनेलो** सुप्रीमो एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. ओम प्रकाश चौटाला ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से विचार विमर्श उपरांत खेल प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष, उपाध्यक्ष, प्रधान महासचिव, महासचिव, संगठन सचिव, प्रचार सचिव, सचिव, कोषाध्यक्ष, सदस्य और सभी 22 जिलों के अध्यक्षों की नियुक्तियां की।
खेल प्रकोष्ठ में 51 लोगों को अलग-अलग पदों पर नियुक्त कर-के उन्हें अहम जिम्मेवारी दी गई है। खेल प्रकोष्ठ के नवनियुक्त पदाधिकारियों की सूची जारी करते हुए इनेलो प्रदेश अध्यक्ष नफे सिंह राठी ने कहा कि खेल प्रकोष्ठ में कर्मठ उजार्वान युवाओं को जगह दी गई है। आज प्रदेश का युवा जो खेल में अपने भविष्य को लेकर काफी परेशान और चिंतित है और एक ऐसी पार्टी की सरकार चाहता है जो उनके भविष्य को संवार सके। ऐसे में युवा खिलाडियों के भविष्य और रोजगार देने के प्रति इनेलो पार्टी की सोच से प्रेरित होकर प्रदेश का युवा खिलाड़ी इनेलो पार्टी में अपना विश्वास जता रहा है।
नफे सिंह राठी ने खेल प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों की सूची जारी करते हुए कहा कि सूबे सिंह अटेला को प्रदेशाध्यक्ष, दूलीचंद, प्रदीप, नवीन पहलवान, जितेंद्र, जगपाल सिंह, सुनील दलाल, संदीप ढुल, महावीर पहलवान, विक्रम सिंह, चरण सिंह, चांदी राम और सुरेश को उपाध्यक्ष, नरेंद्र मोर को प्रधान महासचिव, हनुमान सिंह, सत्यवान, अनूप गलवारा, रत्ती राम, जसवीर, पवन बैनिवाल और राजेंद्र सिंह को महासचिव, कमल सिंह, सुनील बलाल, संदीप ढुल और अरस्तु खान को सचिव, सुभाष चंद्र को संगठन सचिव, भूपेंद्र को प्रचार सचिव, दलबीर सिंह को कोषाध्यक्ष, बलवान सिंह कुंडू, बलकार सिंह, दिलबाग सिंह राठी, अनिल, विनोद जाखड़, सत नारायण सेन, जोगिंद्र, लोकेश दहिया, कृष्ण कुमार और सुरेंद्र को सदस्य नियुक्त किया गया है।

# 'भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए हम सभी को मिलकर काम करना होगा'

## नरेंद्र मोदी गाड़ी गारंटी वाली गाड़ी है, मोदी जी जो कहते है वह काम पूरा होना ही है: अनिल विज

**टीम एक्शन इंडिया/ चंडीगढ़**
**हरियाणा** के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए हम सभी को मिलकर काम करना होगा।
उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी गाड़ी गारंटी वाली गाडी है और मोदी जी जो कहते है वह काम पूरा होना ही है। विज आज अम्बाला छावनी विधानसभा क्षेत्र के गांव बाडा में विकसित भारत संकल्प जनसंवाद यात्रा में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जनसंवाद यात्रा के जरिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आम आदमी से संवाद कर देश को ऊंचाई पर ले जाने का कार्य कर रहे हैं। वह पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है और इस संकल्प एवं सपने को हमें पूरा करना है। गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि जनसंवाद यात्रा के जरिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आम आदमी की जरूरतों के बारे में उनसे सीधा संवाद कर रहे हैं। यह यात्रा कश्मीर से कन्याकुमारी तक चल रही है। 2047 तक देश को



विकसित राष्ट्र बनाने के लिए सभी को संकल्प लेना चाहिए, वास्तव में जब देश आजाद हुआ था उसी समय भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लेना चाहिए था लेकिन किसी ने ऐसा कार्य नहीं किया। गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में देश व प्रदेश में जनहित के लिए अनेकों योजनाएं क्रियान्वित की हुई है। जिनका लाभ लोगों को उपलब्ध करवाया जा रहा है। विकास के भी अनेकों काम हुए हैं। गांव बाड़ा की बात करें तो पूर्व सरपंच ने यहां पर हुए विकास कार्यों के बारे में आपको विस्तार से जानकारी दी है।
अम्बाला छावनी में आधुनिक सिविल अस्पताल, अटल कैंसर केयर सेंटर, शहीदी स्मारक, बैंक स्क्वायर कम शॉपिंग मॉल, अंतरराष्ट्रीय स्तर का फुटबॉल स्टेडियम, लघु सचिवालय, आल वेदर स्विमिंग पुल, जिम्नास्टिक हाल के साथ-साथ अनेकों विकास कार्य शामिल हैं जिनमें से अधिकतर कार्यों को पूरा कर लिया गया है और कुछ कार्य शेष बचे हैं।
गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा जो योजनाएं घोषित की गई हैं, उन योजनाओं का लाभ योग्य पात्रों को दिलवाने के लिए सरकार कृतसंकल्प है।

# 'सुशासन की दिशा में सरकार का एक और महत्वपूर्ण मिशन'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/ काजल रानी**
हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रदेश के कर्मचारियों व अधिकारियों को नैतिकता का पाठ पढाने के लिए हरियाणा मिशन कर्मयोगी कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत प्रदेश के सभी साढे तीन लाख कर्मचारियों व अधिकारियों को मार्च 2024 तक प्रशिक्षित किया जाएगा। यह मिशन राज्य में भ्रष्टाचार उन्मूलन के साथ-साथ चरित्र निर्माण के लिए कारगर साबित होगा। मुख्यमंत्री आज भ्रष्टाचार निरोधी दिवस पर हरियाणा मिशन कर्मयोगी कार्यक्रम के तहत राज्य के 9 जिलों में 25 से अधिक स्थानों पर चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम से ऑनलाईन वातालर्प कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कर्मयोगी कार्यक्रम के



माध्यम से कर्मचारियों व अधिकारियों में नैतिकता के प्रति जागरूक, सचेत और प्रेरित किया जा रहा है ताकि राज्य को भ्रष्टाचार रूपी कैंसर से निजात दिलाने में अहम भूमिका निभाई जा सके।
हिपा के माध्यम से चलाए जा रहे इस कर्मयोगी मिशन कार्यक्रम के तहत राज्य स्तर पर 967 मास्टर ट्रेनर तैयार किए गए जो नियमित रूप से कर्मचारियों एवं अधिकारियों को सेवा के दौरान नैतिकता, कर्तव्यपरायणता एवं दायित्वों के प्रति जागरूक करेंगे।
इस प्रशिक्षण को वे न केवल अपने सामाजिक जीवन में आत्मसात करेंगे बल्कि भविष्य में युवाओं के लिए भी प्रेरणा स्त्रोत बनेंगे।
मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कर्मयोगी मिशन के तहत फील्ड में 8622 कर्मचारियों व अधिकारियों को नैतिकता एवं दायित्व के प्रति प्रशिक्षित किया जा चुका है।
अम्बाला, भिवानी, फरीदाबाद में प्रशिक्षण लगभग पूरा किया जा चुका है और 12 जिलों में प्रशिक्षण कार्यक्रम चल रहा है। यह पारदर्शी, जिम्मेवार और जवाबदेही प्रशासन बनाने की दिशा में अहम कार्य है जो राज्य को बेहतर सुशासन की ओर लेकर जाएगा।
मुख्यमंत्री ने कहा कि ईमानदार व्यक्तित्व का आत्मबल मजबूत होता है। इसलिए भ्रष्टाचार को रोकने के लिए सामाजिक चेतना की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण उपरांत सभी कर्मचारी और अधिकारी समाज के प्रति अपने दायित्व को भली भांति निभाएंगे और भ्रष्टाचार रूपी कलंक का उन्मूलन करने में अवश्य कामयाब होंगे।

## 22 जिलों तथा 34 उप-मण्डलों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष श्री अरूण पल्ली के मार्गदर्षन में हरियाणा राज्य में वर्ष 2023 में अपनी चौथी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया। राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन हरियाणा के 22 जिलों और 34 उपमंडलों में किया गया, जिसमें सिविल, आपराधिक, वैवाहिक, बैंक वसूली, एम.ऐ.सी.टी., छोटे अपराध, सारांश, यातायात चालान, एन.आई. एक्ट आदि से संबंधित कई मामले उठाए गए। इसमें एडीआर केंद्रों में कार्यरत स्थायी लोक अदालतों के मामले भी शामिल हैं।

## 'अमेरिका में बढ़ा भारत व भारतीयों का दबदबा'

**फतेहाबाद।** पिछले दस वर्षों में अमेरिका में भारत और भारतीय कम्युनिटी का प्रभाव जबरदस्त बढ़ा है। यह बात समाजसेवी एवं हरियाणा अमेरिकन एसोसिएशन के महासचिव बृज भूषण मिढा ने शनिवार को यहां प्रेस क्लब में पत्रकारों से मुखातिब होते हुए कही। रोटरी क्लब के सबसे बड़े अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार 'सर्विस अबॉव सेल्फ अवॉर्ड' विजेता मिढा मूल रूप से फतेहाबाद निवासी है और दो दशकों से अमेरिका में नवादा राज्य की रिनो सिटी में रहते है।

## रणजीत सिंह प्रैपरेट्री इंस्टीट्यूट के चार और कैडेट बने फौज के अफसर

**चंडीगढ़।** महाराजा रणजीत सिंह आर्म्ड फोर्सिज प्रैपरेट्री इंस्टीट्यूट, (एम.आर.एस.ए.एफ.पी.आई.), एसएएस नगर (मोहाली) के चार और कैडेट शनिवार को देहरादून की प्रतिष्ठित इंडियन मिलिट्री अकैडमी में हुई पासिंग आउट परेड के बाद भारतीय फौज में कमिश्न्ड अफसर के तौर पर चुने गए हैं। इन चार कैडेट्स में स्वास्तिक शर्मा, सरबजोत सिंह, दिवेश ठाकुर और गोविन्द गुप्ता शामिल हैं। इन कैडेट्स के भारतीय फौज में शामिल होने से, इस इंस्टीट्यूट की शुरूआत से लेकर अब तक कुल 145 कैडेट भारतीय सशस्त्र बलों में कमिश्न्ड अफसर के तौर पर भर्ती हुए हैं।

# हरियाणा में व्यापक स्तर पर आयोजित हो रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम

यात्रा के नौवें दिन 128 स्थानों पर हुए कार्यक्रम, 53 हजार से ज्यादा लोग हुए शामिल

**टीम एक्शन इंडिया/ चंडीगढ़**
हरियाणा सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चलाई जा रही 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' में अपना सक्रिय योगदान देने का संकल्प किया है। इसी के चलते प्रदेश में इस यात्रा के कार्यक्रम व्यापक स्तर पर आयोजित किए जा रहे हैं। यात्रा का मुख्य उद्देश्य पात्र लाभार्थियों को केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में जागरूक करना और नई योजनाओं के माध्यम से उनको लाभ पहुंचाना है। कोई भी पात्र व्यक्ति सरकार की योजनाओं से ना छूटे यह सुनिश्चित करने के लिए हरियाणा में इस यात्रा के

**जानकारी**
**8 शहरों और गांवों में कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को दी जा रही योजनाओं की जानकारी**

कार्यक्रम गांवों के साथ-साथ शहरों में भी बड़े स्तर पर आयोजित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रधानमंत्री की परिकल्पना है कि भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र में तब्दील हो जाए। यह एक बड़ा और व्यापक अभियान है। देश के प्रत्येक नागरिक और सभी वर्ग के लोगों को इस अभियान से जुड़ना चाहिए। यदि सभी लोग इससे जुड़ेंगे तो निश्चित ही भविष्य में भारत वैश्विक मानचित्र पर सर्वश्रेष्ठ राष्ट्र के रूप में स्थापित हो सकेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री इस यात्रा के माध्यम से यह प्रयास करना चाहते हैं कि गरीबों के जीवन स्तर में बदलाव लाने के लिए बनाई गई योजनाएं आम जन तक पहुंचे और पात्र लोगों को उनका लाभ मिले। यात्रा के नौवें दिन प्रदेशभर में 128 स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित हुए जिसमें 53 हजार से ज्यादा लोगों की भागीदारी रही।

# 'जनता बेहाल, किसान कंगाल, सरकार के गुजराती मित्र मालामाल'

**टीम एक्शन इंडिया/ चंडीगढ़**
अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हरियाणा कांग्रेस कमेटी की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार के शासन के दौरान देश की जनता बेहाल है, किसान कंगाल है, लेकिन सरकार के गुजराती मित्र मालामाल हैं। देश में गेहूं का सरकारी स्टॉक पिछले साल के मुकाबले 36 प्रतिशत से अधिक कम हो चुका है। आटा, दाल, चावल लगातार महंगे हो रहे हैं, लेकिन स्टॉकिस्ट पर छापेमारी नहीं हो रही। क्योंकि, ये बड़े-बड़े स्टॉकिस्ट सरकार के मुखिया के गुजराती मित्र हैं। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि देश में इतिहास में यह पहली बार



हो रहा है, जब आटा, दाल, चावल के भाव लगातार आसमान छू रहे हैं। यही सिलसिला चलता रहा तो रोटी जनता की थाली से गायब ही हो जाएगी। लोगों के सामने भूखे मरने की नौबत आ जाएगी, जबकि देश की अर्थव्यवस्था के सामने बड़ा संकट खड़ा हो जाएगा। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सीएमआईई की रिपोर्ट के अनुसार केंद्र सरकार के संरक्षित भंडार में केवल 2.39 करोड़ टन गेहूं ही बचा है, जो पिछले साल 3.77 करोड़ टन था। यानी, सरकारी भंडार में गेहूं 36.60 प्रतिशत तक कम हो चुका है। इससे साफ है कि गेहूं का संकट प्राकृतिक नहीं है, यह कृत्रिम है। इसे बनाया गया है। गेहूं सभी की जरूरत है, इसलिए बड़े-बड़े गुजराती व्यापारियों ने मुनाफा कमाने के लिए इसे स्टॉक किया हुआ है। कुमारी सैलजा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार का यह बड़ा फेल्योर है, जो आटा के दाम थोक बाजार में 6 महीने के अंदर 16 प्रतिशत बढ़ चुके हैं। इसी तरह चावल के भाव में 14.8 प्रतिशत, चीनी में 10.8 प्रतिशत व तुअर की दाल में 16.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की जा चुकी है। इससे भी बड़ी चिंता की बात तो यह है कि अगले तीन महीने के दौरान इन खाद्यान्नों के दाम में और भी बढ़ोतरी की आशंका जताई गई है।



# निगम में बजट पेश, बीजेपी ने कहा काला दिन

## निगम आयुक्त ने कहा, संपत्ति कर से आय का बना नया कीर्तिमान, कांग्रेस के पार्षदों ने पिछले सदन में हुई अभद्रता का मुद्दा उठाया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में शनिवार को बजट बैठक की शुरूआत हुई। भाजपा ने सदन में बजट पेश करने को काला दिन बताया है।

बीजेपी का कहना है कि स्थायी समिति न होने पर बजट पेश करना असंवैधानिक है। वहीं कांग्रेस के पार्षदों ने पिछले सदन में हुई अभद्रता का मुद्दा उठाया।
इस पर बीजेपी ने कहा कि हमारे किसी के पार्षद ने अभद्रता नहीं की थी। वहीं बजट पेश करने के दौरान हल्की नोकझोंक भी हुई। निगम बजट आयुक्त ज्ञानेश भारती ने पेश किया। उन्होंने कहा कि हमने पिछले वित्त वर्ष में संपत्ति कर से आय का नया कीर्तिमान बनाया है। निगमायुक्त ने 16,683 करोड़ खर्च और 15,686 करोड़ की आय का अनुमान रखा है।
**वर्ष 2023-24 के संशोधित बजट अनुमान तथा 2024-25 के बजट अनुमानों के मुख्य बिन्दुः**





- वित्त वर्ष 2022-23 में निगम को 2,417 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है, जो पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में लगभग 400 करोड़ रुपए अधिक है। निगम के इतिहास में अब तक संपत्ति कर से प्राप्त सर्वाधिक राजस्व है।
- सम्पत्ति कर बढ़ाने तथा सटीक सम्पत्ति कर गणना हेतु रियल टाइम जिओ टैगिंग प्रक्रिया की शुरूआत की गई है। सम्पत्ति करदाताओं को जिओ टैगिंग के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।
- सहभागिता योजना में एक नई प्रणाली का भी प्रावधान किया गया है, जिसके अंतर्गत शैक्षणिक संस्थानों, जिनका कुल भूमि क्षेत्रफल 10 एकड़ से अधिक है। उन्हें 100 प्रतिशत सम्पत्ति कर जमा कराने के उपरांत 5 प्रतिशत अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि विकास कार्यों के लिए दी जाएगी।
- पॉयलट प्रोजेक्ट के तौर पर 3 वार्डों, प्रीत विहार, पूर्व पटेल नगर और कोटला मुबारकपुर में आर्टिफिशिल इंटेलिजेंस के माध्यम से प्रदत्त नागरिक सेवाओं में कमी को पहचानने और सुधार करने हेतु सूचना भेजने की प्रणाली की स्थापना।
- नजफगढ़ क्षेत्र के इंदिरा पार्क, पश्चिमी क्षेत्र के विष्णु गार्डन, पश्चिमपुरी, मादीपुर जेजे कॉलोनी, करोल बाग क्षेत्र के प्रेम नगर, नरेला क्षेत्र के बवाना।
  सिविल लाइंस क्षेत्र के मुकुंदपुर और केशवपुरम क्षेत्र के सरस्वती विहार में स्कूल भवनों का निर्माण का कार्य पूरा हो गया है।
- पश्चिमी क्षेत्र के पंजाबी बागए पश्चिम विहार, सिविल लाइंस क्षेत्र के इब्राहिम पुर, वजीराबाद गांवए जीटीबी नगर और रोहिणी क्षेत्र के मंगोलपुरी समेत लगभग 20 स्कूल भवनों के निर्माण का कार्य प्रगति पर है।
- दिल्ली नगर निगम ने लाजपत नगर में 246, हौज खास में 136, अधचिनी गांव में 56, सुभाष नगर में 236 व निजामुद्दीन बस्ती के निकट 86 कारों की मल्टीलेवल कार पार्किंग का कार्य पूरा कर लिया है।
- पंजाबी बाग में 225, अमर कॉलोनी लाजपत नगर में 81, शिवा मार्किट पीतमपुरा में 500, गांधी मैदान चांदनी चौक में 2, 338, कुतुब रोड पर 174, निगम बोघ घाट में 95 और बाग दिवार मार्किट, फतेहपुरी में 196 कारों की क्षमता वाली पार्किंग सुविधा का निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिसे इस वित्तीय वर्ष में पूरा कर लिया जायेगा।
- तीनों लैंडफिल साइट पर ट्रॉमलिंग मशानों के द्वारा नवंबर 2023 तक लगभग 102 लाख मीट्रिक टन कूडे.का पृथक्कीकरण किया जा चुका है।
- नरेला, बवाना में 3600 केवी क्षमता के वेस्ट टू एनर्जी प्लांट स्थापित किया जायेगा। साथ ही ओखला और तेहखंड वेस्ट टू एनर्जी प्लांट की क्षमता को बढ़ाया जा रहा है।
- ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और एडब्ल्यूएम 2016 नियमों के अनुपालन के ऑडिट के लिए हैदराबाद के साथ समझौता किया।

# कुख्यात गैंगस्टर नंदू गिरोह के दो शूटर गिरफ्तार




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
क्राइम ब्रांच ने बाहरी दिल्ली के रहने वाले कुख्यात गैंगस्टर कपिल सांगवान ऊर्फ नंदू गिरोह के दो शूटरों को गिरफ्तार किया। इनके पास से दो पिस्टल और आठ कारतूस बरामद किए गए हैं। इनके खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास और रंगदारी मांगने के 13 आपराधिक मामले दर्ज हैं। दोनों पालम गांव थाने के घोषित बदमाश हैं। नंदू विदेश में रहकर भारत में अपने गिरोह को संचालित कर रहा है। आरोपी विनोद उर्फ विक्की उर्फ संन्यासी (43 वर्ष), चंदर विहार, सेक्टर 7, द्वारका, दिल्ली का मूल निवासी है। उसने सिर्फ 10वीं क्लास तक ही पढ़ाई की है। बचपन में वह इलाके के बुरे लोगों के संपर्क में आया और अपराध की दुनिया में शामिल हो गया। उस पर हत्या, हत्या के प्रयास और छिनैती के कुल 13 मामले दर्ज हैं। वह हाल ही में पैरोल पर बाहर आया था। वहीं दूसरा आरोपी नाबालिग है।

# संजय सिंह की जमानत का ईडी ने किया विरोध, अगली सुनवाई 12 को


**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट में दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में गिरफ्तार आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह की जमानत याचिका पर शनिवार को ईडी की ओर से दलीलें रखी गईं। स्पेशल जज एमके नागपाल ने जमानत याचिका पर अगली सुनवाई 12 दिसंबर को करने का आदेश दिया। सुनवाई के दौरान आज ईडी ने संजय सिंह की जमानत याचिका का विरोध किया। ईडी के मुताबिक दो करोड़ का लेनदेन दो किश्तों में किया गया। यह लेनदेन संजय सिंह के घर पर हुआ। इसकी पुष्टि दिनेश अरोड़ा ने की थी। ईडी ने कहा कि सर्वेश को सजंय सिंह के घर पर पैसा दिया गया, जो कि सजंय सिंह का कर्मचारी है। दिनेश अरोड़ा ने इसकी पुष्टि की है। छह दिसंबर



को सुनवाई के दौरान संजय सिंह के वकील ने जमानत की मांग करते हुए कहा था कि वो जमीन से जुड़े हुए नेता हैं और उनके देश छोड़कर भागने का कोई खतरा नहीं है। उनकी तरफ से कहा गया था कि 15 महीने तक संजय सिंह के खिलाफ कोई आरोप नहीं था न ही कोई पूछताछ हुई। उन्होंने कहा था कि फिलहाल कोई दस्तावेज भी नहीं है और यहां तक कि ईडी द्वारा दाखिल की गई पूरक चार्जशीट में संजय सिंह का नाम नहीं था। संजय सिंह के वकील ने दिनेश अरोड़ा के बयान की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हुए कहा कि जो शख्स कभी इस केस में आरोपित था, उसके बयान की कितनी विश्वसनीयता है। कोर्ट ने 28 नवंबर को ईडी को नोटिस जारी किया था। संजय सिंह ने 24 नवंबर को पेशी के दौरान जमानत याचिका दायर की थी।

# रुपए नहीं लौटा रहा था दोस्त, आया गुस्सा, घर के बाहर शुरू कर दी फायरिंग

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
सोनिया विहार थाना क्षेत्र में रुपयों के विवाद में देर रात आरोपित ने अपने जानकार के एक घर के बाहर गोली चला दी। पीड़ित रिंकू जायसवाल सोनिया विहार तीसरा पुश्ता गली नंबर सात में परिवार के साथ रहते हैं। उनकी आभूषण की दुकान है। आरोपितों की पहचान सोनिया विहार जीरो पुश्ता निवासी सोनू शर्मा और तीसरा पुश्ता निवासी सुमित गुप्ता के रूप में हुई है। सोनू पहले से लूट और अन्य तीन आपराधिक मामलों में शामिल पाया गया है। आरोपितों के पास से दो पिस्टल और वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद हुई है। पुलिस ने गोली चलाने और आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी पंजीकृत करके दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। उत्तर पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त डॉ. जॉय टिर्की ने बताया कि पीड़ित ने देर रात करीब 12:30 बजे सूचना दी कि किसी अज्ञात व्यक्ति उनके घर



के बाहर गोली चलाई। उसे संदेह है कि उसके पुराने परिचित सोनू शर्मा ने उसके घर पर गोली चलाई होगी क्योंकि उनके बीच रुपयों को लेकर कुछ विवाद चल रहा है।
**आरोपी घर पर गोली चलाकर हुए फरारः** पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने प्राथमिकी पंजीकृत करके जांच शुरू की। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसमें दो लड़के मोटरसाइकिल पर आते दिखे और उनके घर पर गोली चलाकर फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित के बयान व आसपास लोगों से जानकारी जुटाकर आरोपितों को पकड़ लिया।
**रुपये वापस करने के लिए दिखाया डरः** पूछताछ करने पर आरोपित सोनू ने बताया कि रिंकू पर उसके करीब तीन लाख रुपये बकाया थे, जिन्हें वह वापस नहीं कर रहा था। उसने रिंकू को डराने और उस पर दबाव बनाने के लिए उसके घर के बाहर गोली चलाई। उसे लगा ऐसा करने पर वह रुपये वापस कर देगा। पुलिस आरोपितों से पूछताछ करके आगे मामले की जांच कर रही है।

# मुठभेड़ में लॉरेंस बिश्नोई के 2 गुर्गे दबोचे

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
लॉरेंस बिश्नोई गैंग के शूटर्स के साथ दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की मुठभेड़ हुई है। यह मुठभेड़ वसंत कुंज इलाके में बीती रात हुई।
दोनों तरफ से ताबड़तोड़ गोलियां चलाई गईं। काफी देर तक चले एनकाउंटर में लॉरेंस बिश्नोई गैंग के दो शूटर्स पकड़े गए। दोनों शूटर्स में से एक नाबालिग है। दोनों के ऊपर पुराने कई मामले दर्ज हैं। स्पेशल सेल के मुताबिक लॉरेंस बिश्नोई के शूटर्स में एक का नाम अनीश है, जो रोहतक (हरियाणा) का रहने वाला है। दूसरा शूटर नाबालिग है। उसकी उम्र करीब 16 साल है। इन दोनों शूटर को पॉकेट 9 वसंत कुंज इलाके में शुक्रवार रात करीब 9:30 बजे एनकाउंटर के बाद गिरफ्तार किया गया।

# आरोपी को पकड़ने गई दिल्ली पुलिस पर हमला, कॉन्स्टेबल के सीने और हाथ में घोंपा चाकू

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
राजधानी में दिल्ली पुलिस के एक कॉन्स्टेबल को डकैती के एक आरोपी ने चाकू मार दिया। पुलिसकर्मी आरोपी को पकड़ने की कोशिश कर रहा था। घटना आदर्श नगर इलाके की है। पुलिस ने बताया कि पुलिसकर्मी को चोटें आई हैं और इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस के अनुसार, एक टीम शुक्रवार रात अजय उर्फ गंजा को पकड़ने गई थी। इस पर पहले भी वजीरपुर में मच्छी मार्केट के पास स्नैचिंग और डकैती के मामले में शामिल होने का आरोप है। अजय अपने दोस्त आकाश के साथ बैठा था। कांस्टेबल भूपेंदर ने उन्हें रोकने की कोशिश की। इस दौरान आरोपी अजय ने चाकू से भूपेंदर की छाती और हाथ पर चाकू से वार किए। फिर मौके से फरार हो गया। वहीं, पुलिस ने आकाश को पकड़ लिया। पुलिस ने बताया कि कॉन्स्टेबल को शालीमार बाग के फोर्टिस अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।
आदर्श नगर इलाके में आर्म्स एक्ट और डकैती के सात मामलों में शामिल होने के आरोपी अजय को गिरफ्तार करने के लिए टीमें गठित की गई हैं।

# मजलिस पार्क में पार्षद के सामने ही भीड़ गई दो आरडब्ल्यूए









**नई दिल्ली/ टीम एक्शन इंडिया**
**दिल्ली** की आदर्श नगर विधानसभा के मजलिस पार्क इलाके में उस समय अजीबोगरीब स्थिति उत्पन्न हो गई जब स्थानीय पार्षद मुकेश गोयल के सामने ही दो गुट आपस में उलझ गए।
**क्या है मामला**
हुआ यूँ कि जब मुकेश गोयल मजलिस पार्क ए ब्लॉक में विकास कार्यों का शुभारंभ करने पहुँचे तो, दो अलग-अलग आरडब्ल्यूए आमने-सामने आ गई। पुरानी आरडब्ल्यूए ने नयी बनी समिति पर आरोप लगाये तो वहीं नयी बनी आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों ने पुरानी आरडब्ल्यूए पर आरोप लगाए। माहौल पूरी तरह गर्मा गया। हालात यहाँ तक पहुँच गए कि पार्षद के सामने ही नारेबाजी शुरू हो गई। इस पूरे मसले में फंस गए बिचारे मुकेश गोयल। न उनसे निगलते बन रहा था और ना ही उगलते। अब वो इधर जाएँ या उधर। ये बड़ी समस्या बन गई क्यूंकि दोनों तरफ ही लोग उनके समर्थन में खड़े थे। इस दुविधा में मुकेश गोयल कुछ वक़्त इधर रहे तो कुछ समय दूसरी तरफ नजर आए। इसके बाद आनन-फानन में श्री गोयल ने पार्कों के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया और निकल गए। इस बीच जब उनसे पत्रकारों ने सवाल किया तो उनके चेहरे पर गुस्सा साफ देखा जा सकता था। इस पूरे मामले में एक्शन इंडिया टीम ने दोनों पक्षों से बात की तो सभी अपने-अपने राग अलाप रहे थे। नयी आरडब्ल्यूए वालों का कहना था कि पुरानी आरडब्ल्यूए वाले कुछ नहीं करते। यहाँ तक तो लोगों को पता भी नहीं है कि यहाँ कोई आरडब्ल्यूए कार्यरत भी है या नहीं। वहीं, दूसरे पक्ष का कहना था कि मजलिस पार्क ए ब्लॉक में वर्षों से आरडब्ल्यूए कार्यरत है। इलाके के सभी काम हमने ही करवाये हैं। ये लोग सिर्फ.पब्लिसिटी के लिए ये ड्रामेबाजी कर रहे हैं। बहरहाल, सच्चाई क्या है ये तो कोई स्पष्ट नहीं कर पाया लेकिन इस पूरे प्रकरण में नुकसान जनता का होता दिख रहा है।







## न्यूज फ्लैश

### अवैध हथियार व कारतूस सहित आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा**
**सीआईए** वन की टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना पर आरोपी रजत उर्फ मातन उर्फ कालू पुत्र सुमेरचंद वासी रंदौली करनाल को रकबा आवर्धन नहर बयाना से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से एक अवैध देशी कट्टा 12 बोर और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। इस संबंध में आरोपी रजत के खिलाफ थाना इंद्री में शस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।
पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि यह असला वह शौकिया तौर पर नंगली घाट यमुना से पांच हजार में खरीद कर लेकर आया था। आरोपी को आज न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### बाबा साहेब अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर लगाया रक्तदान शिविर: राम चौहान

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल**
**कुंजपुरा** स्थित श्री गुरु रविदास मंदिर परिसर में द अम्बेडकर ऐड सामाजिक संस्था द्वारा बाबा साहेब डॉ.भीम राव अम्बेडकर के 68वें महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सामाजिक सरोकार से जुड़े लोगों ने बढ़-चढकर भाग लिया और जरूरतमंदों को जीवन दान देने के लिए बड़ी संख्या में युवाओं ने रक्तदान किया। करनाल के सामाजिक सरोकार से जुड़े लोगों ने बाबा साहेब अम्बेडकर को श्रद्धांजलि देने लिए लगाए गए इस रक्तदान शिविर की प्रशंसा की और आयोजित कार्यक्रम में शिरकत कर बाबा साहेब अम्बेडकर को श्रद्धांजलि देते हुए उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों द्वारा रक्तदाताओं को बैज लगा कर उनका उत्साह बढ़ाया। संस्था संचालक राम चौहान ने बताया कि शिविर में 73 रक्तदाताओं ने शिरकत की व 52 यूनिट रक्तदान एकत्र हुआ। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से शरीर में किसी तरह की कमी नहीं आती, बल्कि हमारा शरीर स्वस्थ रहता। उन्होंने कहा कि 28 बार रक्तदान कर मुझे भी किसी जरूरतमंद के काम आने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है।
सुभम चौहान ने 17वीं बार रक्त दान किया और शुभम चौहान ने 18वीं और अंकित कुमार ने 9वीं बार रक्तदान करते हुए कहा कि हमारे बहुत से साथी है, जो सोशल मीडिया पर लोगों की एक आवाज पर रक्तदान करने पहुंच जाते हैं। उन्होंने कहा इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मिथुन समाना व शुभम चौहान, नवीन काछ्वा, श्रीचंद तंवर ने भूमिका निभाई और रक्तदाताओ को बैज लगाया।

### पैन्शरज वैल्फेयर एसोसिएशन का कर पैन्शनर दिवस और वार्षिक सम्मेलन 17 दिसंबर को

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल**
**हरियाणा सिविल** पैन्शरज वैल्फेयर एसोसिएशन के मुख्य कार्यालय में कार्यकारिणी की एक विशेष बैठक एसएल दुरेजा प्रान्तीय प्रधान की अध्यक्षता में हुई, जिसमें कार्यकारिणी के पदाधिकारी व सदस्य शामिल हुए । एसोसिएशन के पदाधिकारी राम प्रकाश शर्मा ने बताया कि बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष पैन्शनर दिवस और वार्षिक सम्मेलन 17 दिसंबर को पंचायत भवन करनाल में प्रात: 10 बजे मनाया जाएगा, जिसमें प्रदेश की यूनिटों के पदाधिकारी व उनकी टीम शामिल होंगे। सम्मेलन में मुख्यमंत्री प्रतिनिधि संजय बठला व एसबीआई के क्षेत्रीय प्रबंधक सरदार सरबजीत सिंह सुखीजा मुख्य अतिथि होंगे, जबकि विर्क अस्पताल के निदेशक डा. बलबीर सिंह विर्क सम्मानित अतिथि रहेंगे। महासचिव सुभाष यादव ने बताया कि इसी दिन 80 वर्ष पूरे कर चुके 10 नियमित पैन्शनरज को सम्मानित किया जाएगा और दिसम्बर माह में जन्में पैन्शनरज का जन्मदिवस भी मनाया जाएगा। प्रान्तीय प्रधान एसएल दुरेजा ने इस कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिये सभी पदाधिकारियों व सदस्यों की डयूटियां लगाई व अधिक से अधिक संख्या में पैन्शनरज को कार्यक्रम में शामिल होने का अनुरोध किया। बैठक में टेकचंद गौतम, आरपी गर्ग, ओएन मलिक, आरडी काम्बोज, अशोक मनचदा, सुभाष दुरेजा, गिरधारी लाल शर्मा, मोहिन्द्र नरवाल, श्याम सिंह राणा, एमएस तंवर, नवीन शर्मा, जगदीश शर्मा, राम प्रकाश शर्मा व अन्य मौजूद रहे।

### कृषि वैज्ञानिक डा. पंवार ने स्थापित की मिसाल

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल**
करनाल ही नहीं देश के जाने-माने कृषि वैज्ञानिक डा. प्रताप सिंह पंवार ने अपने एडवोकेट बेटे की बिना दहेज के शादी कर एक नई मिसाल कायम की है। उनका बेटा विश्वजीत पंवार एडवोकेट सुप्रीम कोर्ट में एडवोकेट हैं। उसका नाम वहां के नामचीन एडवोकेट में लिया जाता हैं।
डा. पंवार ने अपने समधि द्वारा दिया जा रहा सामान और नकदी यह कहकर लेने से मना कर दिया कि वह अपने बेटे के लिए योग्य बेटी ले रहे हैं। उनके लिए यही काफी है। उन्होंने बताया कि लडकी वालों से उन्होंने शगुन का केवल एक रुपया लिया। उन्होंने बताया कि उनकी पुत्रवधू पूजा रसायन शास्त्र में स्नातकोत्तर हैं। आमतौर पर भौतिकवाद के दौर में उन्होंने एक मिसाल कायम की है। जाट समाज में उनके इस कदम की सराहना की जा रही है।

# पोपड़ा गांव में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा। विकसित** भारत जनसंवाद संकल्प यात्रा 10वें दिन जिले के पोपड़ा गांव में पहुंची। इस दौरान एलईडी वैन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने वर्चुअल माध्यम से आमजन को संबोधित भी किया। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा कि ये गाड़ी देश के हर छोटे से लेकर बड़े गांव तक पहुंचकर आमजन को उनके द्वार पर सरकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी देते हुए उनके द्वार पर ही लाभ दे रही है। उन्होंने कहा कि अब किसी भी गरीब या पात्र व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए सरकारी दफ्तरों में चक्कर काट- काट कर भीख नहीं मांगनी पड़ती। सरकार व प्रशासन खुद पात्र लोगों के द्वार तक पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस यात्रा का देश के हर गांव की गली-गली में भव्य स्वागत किया जा रहा है। इस उत्साह से नजर आ रहा है कि 2047 तक विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए हर आमजन अपना सहयोग दे रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा की यह गाड़ी सरकारी योजनाओं का लाभ देने के साथ-साथ गारंटी पर गारंटी का विश्वास आमजन को देने का काम कर रही है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज हर भारतीय 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का संकल्प ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह विकसित भारत संकल्प यात्रा का अभियान जन आंदोलन के रूप में तब्दील होकर 2047 से भी पहले ही देश को विकसित करने का निर्माण करेगा। उज्ज्वला योजना के माध्यम देश की महिलाओं को मात्र 603 रुपये में गैस सिलेंडर देने का काम भी केन्द्र सरकार ने ही किया है। इसी कड़ी में किसानों को वर्तमान की केन्द्र सरकार फसलों के अच्छे रेट देने के साथ-साथ खाद भी सस्ते रेट में मुहैया करवा रही है। पोपड़ा गांव में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भाजपा जिला अध्यक्ष योगेन्द्र राणा ने कार्यक्रम में उपस्थित आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि आज हर भारतीय को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर अटूट विश्वास है।

## एसपी ने समस्याओं को लेकर पुलिस परिवारों के साथ की बैठक



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल। कैथल रोड** पर स्थित नई पुलिस लाइन के सभागार में पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन की अध्यक्षता में पुलिस लाइन निवासियों व सरकारी आवासों की अन्य समस्याओं को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। बैठक के माध्यम से पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन के सरकारी आवासों में रह रहे परिवारों व पुलिस लाइन आवासों की अन्य समस्याओं को लेकर पुलिस कर्मचारियों व उनके परिवारों के साथ विचार-विमर्श किया। उनकी समस्याएं जानी और उन समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करने के लिए संबंधित को निर्देश दिए। मीटिंग में डीएसपी शहर करनाल वीर सिंह, डीएसपी महिला सुरक्षा नायाब सिंह, लाइन अफसर पीएसआई बलवान सिंह, पुलिस लाइन की आरडब्लूए टीम व करीब 60 परिवार मौजूद रहे।

## ज़िले में हुआ नेशनल लोक अदालत का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा। जिला एवं** सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के अध्यक्ष चंद्रशेखर के मार्गदर्शन में शनिवार को जिला करनाल, सब डवीजन इन्द्री व सब डिवीजन असंध की अदालतों में नैशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस लोक अदालत में 7201 मुकदमे रखे गए, जिनमें से 5747 मुकदमों का 11,72,00,840 रुपए पर निपटारा हुआ।
मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव सुश्री जसबीर कौर ने बताया कि इस लोक अदालत में प्री लिटिगेशन स्टेज व जिला न्यायालय, करनाल के साथ-साथ सब डवीजन इन्द्री व सब डवीजन असंध की अदालतों में लम्बित मुकदमों का निपटारा किया गया। इन मुकमदमो में बैंक संबधी मुकदमे, बिजली विभाग संबधी मुकदमे, फौजदारी, अपराधिक, पारिवारिक मुकदमों के साथ साथ यातायात चलानो का भी निपटारा किया गया।

## पुलिस टीम ने चरस सप्लायर को किया काबू

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल। सीआईए वन** की टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना पर आरोपी विपिन कुमार पुत्र हरिराम वासी तरावड़ी को डोडवा मोड रेलवे ब्रिज तरावड़ी से गिरफ्तार किया गया था। आरोपी के कब्जे से 803 ग्राम चरस बरामद की गई थी। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ थाना तरावड़ी में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस पूछताछ में पाया गया था कि आरोपी विपिन यह चरस उत्तर प्रदेश से लेकर आया था। आरोपी चरस के सेवन का भी आदी है और जल्दी अमीर बनने के लिए उत्तर प्रदेश से चरस लाकर यहां ऊंची कीमत में चलते फिरते नशा करने वालो को बेचता है। आरोपी विपिन को 6 दिसंबर को न्यायालय में पेश करके दो दिन का रिमांड हासिल किया गया था।

## भेड़ चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, आरोपियों के कब्जे से भेड़ हुई बरामद



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा।** सीआईए टू की टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना पर आरोपी इकराम पुत्र ताहिर वासी जठलाना यमुनानगर और फरहान पुत्र महमूद वासी कुंडा खुर्द सहारनपुर उत्तर प्रदेश को बस स्टैंड इंद्री से गिरफ्तार किया गया।
आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई पंद्रह भेड़ बरामद की गई।
पुलिस जांच में पाया गया कि दोनों आरोपियों ने 5 दिसंबर की रात को शिकायतकर्ता महेंद्र पाल वासी चंद्राव के बाड़ा में घुसकर बीस भेड़ और दो बकरी चोरी करके वारदात को अंजाम दिया था। इस संबंध में नामालुम आरोपियों के खिलाफ थाना इंद्री में आईपीसी की धारा 457 एवं 380 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।
पुलिस पूछताछ में पाया गया कि दोनों आरोपियों ने जल्दी पैसे कमाने के लालच में वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी इकराम के खिलाफ पहले भी शस्त्र अधिनियम का एक मुकदमा दर्ज है। दोनों आरोपियों को आज न्यायालय में पेश करके दो दिन का रिमांड हासिल किया गया है। रिमांड के दौरान आरोपियों से गहनता से पूछताछ की जाएगी और मुकदमे में अन्य बरामदगी भी की।

# अचानक गौवंश आने से टकराई दो कारें, बैल की टूटी टांग, हाईवे पर लगा जाम



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल**
**कस्बा घरौंडा** में नेशनल हाईवे 44 पर अचानक गोवंश आने से दो कारें दुर्घटनाग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि हादसे में कोई व्यक्ति हताहत नहीं हुआ, लेकिन एक गोवंश की पीछे की एक टांग टूट गई। हादसे के बाद हाइवे पर जाम की स्थित बन गई। सूचना के बाद पुलिस व गोरक्षा दल के सदस्य मौके पर पहुंच गए। हाइड्रा की मदद से गोवंश को हटाया गया। फिलहाल पुलिस को किसी भी पक्ष की तरफ से कोई शिकायत नहीं मिली है।
जानकारी अनुसार आज सुबह करीब 11 बजे कार चालक संजीत कुमार सवारियों को लेकर करनाल से दिल्ली जा रहा था। एनएच-44 पर उसके आगे एक कार चल रही थी, जिसके सामने अचानक बैल आ गया। कार चालक ने पूरे जोर से ब्रेक लगाए, लेकिन गाड़ी बैल से टकरा गई। उसके पीछे चल रहे संजीत ने भी एक्सीडेंट होते देखकर अपनी कार के ब्रेक लगाए, लेकिन सबकुछ इतना अचानक से हुआ कि कार ब्रेक लगने के बावजूद आगे चल रही कार से टकरा गई। संजीत की गाड़ी में दो महिलाएं और एक व्यक्ति सवार थे। एक्सीडेंट में आगे की सीट पर बैठे व्यक्ति की कमर में हल्की चोट आई। टक्कर में उसकी गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। संजीत ने बताया कि कार को समय रहते कंट्रोल कर लिया गया, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। दूसरी कार का चालक अपनी गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया था। वह कौन था, कहां का रहने वाला था? इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है। शहीद विक्रांत गऊ रक्षा समिति के युवा सदस्य घटनास्थल पर पहुंच गए। हाइड्रा की मदद से घायल बैल को जीटी रोड से सर्विस रोड के किनारे पर डाल दिया गया था। बैल दर्द से कराह रहा था, तभी गऊ रक्षा समिति की गऊ एंबुलेंस मौके पर पहुंची। बैल को हाइड्रा की मदद से गाड़ी में लोड किया जाना था, लेकिन समय पर कोई भी हाइड्रा या जेसीबी मशीन उपलब्ध नहीं हुई। लिहाजा युवाओं ने खुद ही रस्सों की मदद से घायल बैल को गऊ एम्बुलेंस में लोड किया।
इस दौरान बैल को इंजेक्शन भी दिया गया, ताकि घायल बैल को दर्द से कुछ राहत मिल सके। समिति के सदस्य राहुल, सुनील, शैंकी व अन्य ने बताया कि हाइवे पर फेंसिंग जगह-जगह से टूटी हुई है।

## ताऊ के बेटे ने नाबालिग छात्रा से की छेड़छाड़ व मारपीट

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल**
**घरौंडा थाना** क्षेत्र में 11वीं कक्षा की छात्रा के साथ छेड़छाड़ व मारपीट करने का मामला सामने आया है। छेड़छाड़ करने वाला कोई और नहीं बल्कि छात्रा के ताऊ का लडका है। छात्रा का भाई बीच बचाव के लिए आया तो आरोपी ने उसके साथ भी मारपीट की और घर में खड़ी बाइक को भी बुरी तरह से तोड़ दिया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।
पुलिस को दी शिकायत में छात्रा ने बताया कि उसके ताऊ का लडका नशेड़ी प्रवृत्ति का व्यक्ति है। शुक्रवार को वह अपने घर पर थी, तभी उसके ताऊ का लडका घर पर आया। उसने शराब पी हुई थी और वह नशे की हालत में था। नाबालिग का आरोप है कि उसके ताऊ के लडके ने उसके साथ गाली गलौच शुरू कर दी। फिर मारपीट और छेडखानी शुरू कर दी। इसके बाद उसने शोर मचाना शुरू कर दिया। शोर सुनकर उसका भाई आ गया।
उसका भाई जब बीच बचाव करने लगा तो उसके साथ भी मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान आरोपी के परिवार के अन्य सदस्य भी आ गए थे। इन लोगों ने भी मारपीट की। वहीं पर मोटरसाइकिल भी खड़ी हुई थी, जिसको भी तोड़ दिया गया। इसके अलावा उसे व उसके भाई को चोट भी आई हैं। उसके पिता उन दोनों को घरौंडा के सरकारी अस्पताल में लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उनका उपचार किया। दोनों का मेडिकल करवाया गया। पीड़िता के पिता ने बताया कि मेडिकल के बाद मामले की शिकायत पुलिस को की गई। घरौंडा थाना के प्रभारी नसीब सिंह ने बताया कि छात्रा की शिकायत के आधार पर आरोपी व अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## सडक हादसे में दंपति की मौत, दो अन्य घायल

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल**
**जिले** के गांव प्यौंत के पास पक्का खेड़ा में कार पुलिया से टकरा गई। हादसे में पति-पत्नी की मौत हो गई, जबकि एक दंपति गंभीर रूप से घायल है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं पुलिस ने मृतक पति-पत्नी के शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों के हवाले कर दिए हैं।
मरने वालों की पहचान मांगेवाला डेरा निवासी 45 वर्षीय गुरजिंदर और उसकी पत्नी राज कौर के रूप में हुई। गुरजिंदर सिंह शनिवार को अपने चाचा के बेटे और उसकी पत्नी को कार में लेकर प्यौंत की तरफ जा रहे थे। रास्ते में उनकी कार पुलिया से टकरा गई। इस एक्सीडेंट में गुरजिंदर और उनकी पत्नी राज कौर की मौत हो गई, जबकि उसका चाचा का बेटा और उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए।

# वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा दे रहा है दुबई कॉर्निवल



**टीम एक्शन इंडिया /करनाल/राजकुमार शर्मा।** सैक्टर-12 हुडा ग्राउंड मे वीर इवेंट्स द्वारा दुबई कॉर्निवल के नाम से मेला लगाया गया है, जिसका भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा एवं मुख्यमंत्री प्रतिनिधि संजय बठला द्वारा विधिवत रूप से शुभारंभ किया गया।
भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने कहा कि दुबई कॉर्निवल के नाम से लगाया गया यह मेला भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल के सपनों को साकार करने का काम कर रहा है। इसके अतिरिक्त इस मेले में लगे झूलों से बच्चों का मनोरंजन भी हो रहा है एवं इसमें लगे स्टालों से लोगों को कम दामों पर खरीदारी करने का मौका भी मिल रहा है।
मुख्यमंत्री प्रतिनिधि संजय बठला ने कहा कि लोकल फॉर वोकल के उद्देश्य से लगाया गया यह मेला देखने लायक है। इस मेले में लगे झूले आकर्षण का केंद्र पर बने हुए हैं। वीर इवेंट्स के डायरेक्टर रमनजीत खुराना ने बताया कि 3 दिसंबर से शुरू किया गया यह मेला 2 जनवरी तक चलेगा।
उन्होंने बताया कि इस मेले में आपको बाजार से काफी दामों पर खरीदारी करने का मौका मिल रहा है। मेले में लिबर्टी द्वारा 50 प्रतिशत छूट की सेल भी लगाई गई है और सर्दी के मौसम में बाजार से सस्ते दामों में वूलन कपड़ों के स्टाल, सहारनपुर का लकडी फर्नीचर, वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देते हुए स्वदेशी दवाओं के स्टाल भी लगाये गये हैं।
जनता से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि इस मेले मे पंहुचकर अब आप एक ही जगह मनोरंजन के साथ-साथ खरीददारी कर सकते हैं।
इस मौके पर उजाला सिग्नस अस्पताल के मैडिकल डायरेक्टर डा.आबिद आमीन भट्ट, तिलक राज सीकरी एवं डा. अशोक कुमार विशेष तौर से मौजूद रहे।

# अब लाभपात्रों को सरकार से मिलती है पूरी राशिः भगवान दास



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा। विकसित** भारत संकल्प यात्रा आज 10वें दिन जिला के गांव समानाबाहू और अंजनथली पहुंची। समानाबाहू में पूर्व विधायक भगवानदास कबीरपंथी और अंजनथली में भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष मीना चौहान ने बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया।
इस मौके पर भगवानदास कबीरपंथी ने सरकार की विभिन्न नीतियों व उपलब्धियां की जानकारी देते हुए लोगों से इनका फायदा उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पिछले 9 सालों में व्यवस्था परिवर्तन के कारण सरकार द्वारा भेजा जाने वाला पूरा पैसा पात्र लोगों के खाते में पहुंच रहा है जबकि पूर्व की सरकारों के समय ऐसा नहीं था।
वहीं मीना चौहान ने महिलाओं, गरीबों व किसानों के लिये शुरू की गई योजनाओं की जानकारी दी।
समानाबाहू में पहुंचने पर मुख्य अतिथि का सरपंच कुलदीप सिंह चीमा और अंजनथली में सरपंच विपिन कुमार द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। पूर्व विधायक ने इस मौके पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल्स का अवलोकन किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का लाइव संदेश भी सुनाया गया। हरियाणा के विकास संबंधी लघु फिल्म दिखाई गई लोग संपर्क विभाग के कलाकारों द्वारा गीत प्रस्तुत किए गए। समाजसेवी अभिनेता शिवनाथ कपूर ने लोगों को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई।
भगवानदास कबीरपंथी ने इस मौके पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि देश विकसित राष्ट्र बने और योजनाओं का लाभ आम आदमी तक पहुंचे।
नौ साल में केंद्र सरकार ने जम्मू कश्मीर में धारा 370 हटाकर तथा तीन तलाक पर ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। विश्व में भारत की साख बढ़ी हैं। संकल्प यात्रा का उद्देश्य लोगों में योजनाओं के प्रति जागरूकता पैदा करना तथा लोगों से फीडबैक प्राप्त करना है, ताकि क्रियान्वयन में कोई कमी रह गई है तो उसे दूर किया जा सके।
दूसरी ओर मीना चौहान ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार ने ऐसी योजनायें आंरभ की हैं जिनका लाभ समाज में
अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंच रहा है। स्वच्छता, हर घर नल, उज्ज्वला जैसी योजनाओं को सीधा लाभ महिलाओं को पहुंचा है। घर-घर शौचालयों का निर्माण होने से महिलाओं को राहत मिली है।
उन्होंने कहा कि आज सरकार ग्रामीणों के द्वार पहुंची है और लोगों को योजनाओं का फायदा उठाना चाहिये।

# सुरक्षा न कर गहलोत सरकार ने की हत्यारों की मदद : डॉ. चौहान

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल**
**श्री** राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष दिवंगत सुखदेव सिंह गोगामेड़ी को लंबे अरसे से जान से मारने की धमकियां मिल रही थी। उन्होंने अपनी जान पर मंडराते खतरे को लेकर राजस्थान की गहलोत सरकार के हर संभव दरवाजे को खटखटाकर सुरक्षा माँगी। सुरक्षा नहीं मिली, इसलिए आपराधिक तत्व मौका मिलते ही उनकी हत्या करने में कामयाब रहे। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने आज यहाँ क्षत्रिय समाज द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि सभा और रोष प्रदर्शन के दौरान अपने संबोधन और मीडिया से बातचीत में यह टिप्पणी की। उन्होंने ने कहा कि स्वर्गीय सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की दिवंगत आत्मा को शांति तभी मिलेगी और परिवार के साथ सच्चा न्याय उसी दिन होगा, जब उन पर गोलियाँ चलाने वाले, उन पर पर्दे के पीछे रह कर गोलियाँ चलवाने वाले और बारंबार गुहार लगाई जाने पर भी सुरक्षा न देने वाले कानून के रास्ते से कड़ी से कड़ी सजा के भागी बनें। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि करनाल के जिला प्रशासन के माध्यम से प्रधानमंत्री और राजस्थान के राज्यपाल को प्रेषित ज्ञापन में समाज की ओर से एक निष्पक्ष, तीव्र और गहराई से सारे घटनाक्रम की जाँच कराने की माँग की गई है। उन्होंने उम्मीद जतायी कि राजस्थान की जल्द गठित होने वाली भाजपा सरकार आपराधिक तत्वों को बुल्डोजर बाबा के अंदाज में सजा देगी। डा. चौहान ने कहा कि कानून में गोली के बदले गोली का प्रावधान भले ही ना हो, और समाज के अधिकांश संजीदा और सजग लोग उभरते गन-कल्चर पर अंकुश के लिए एनकाउंटर या मुठभेड़ का ही रास्ता अपनाने के हिमायती हैं।

## संपादकीय

# कहां गए वे पुश्तैनी फैमिली डॉक्टर

**अगर** आपकी उम्र 45-50 साल से अधिक होगी तो आपको याद होगा कि पहले हर शहर की हर कॉलोनी में वे डॉक्टर प्रैक्टिस करते थे, जिन पर सैकड़ों परिवार भरोसा रखते थे। वे परिवार के किसी सदस्य के बीमार होने पर उसके पास तुरंत चले जाते थे। वे डॉक्टर रोगी का कायदे से इलाज करते थे क्योंकि, वे रोगी को पहले से ही अच्छी तरह से जानते थे । वह रोगी की सारी व्यथा को सुनने के बाद सही दवाई बताता था। क्योंकि उसे रोगी के परिवार के हरेक सदस्य के बारे में विस्तार से जानकारी हुआ करती थी। बहुत अवसरों पर तो इनमें पारिवारिक संबंध भी हुआ करते थे। उसे ही कहा जाता था फैमिली डॉक्टर। अब फैमिली डॉक्टरों की संस्था लुप्त सी हो गई है। उनकी जगह ले ली है क्लिनिकों, नर्सिंग होम और बड़े अस्पतालों में बैठने वाले डॉक्टरों ने। उनका अपने किसी भी रोगी से कोई संबंध नहीं होता। वह फैमिली डॉक्टर से बिलकुल ही अलग होता है। फैमिली डॉक्टर को जब भी बुलाया जाता था तो वह अपना डॉक्टर का बैग लेकर मरीज के पास पहुंच जाता था। रोगी को देखने के बाद रोगी के घर में चाय-नाशता करने के बाद ही जाता। लेकिन, अब वह परंपरा पूरी तरह से खत्म हो गई है। बिहार के बेगूसराय में डॉ. अमृता सैकड़ों परिवारों की फैमिली डॉक्टर हुआ करती थीं। बीती दीवाली से पहले उनके निधन से उनके अनगिनत रोगी शोक में डूब गए। जानी-मानी गायनकोलॉजिस्ट डॉक्टर अमृता डेंगू संक्रमण का शिकार हो गयी। प्रतिभाशालिनी डॉक्टर थीं अमृता मैडम क सहृदय और संवेदनशील चिकित्सक थी। हरेक रोगी का पूरे मन से इलाज करती। डॉ. अमृता गरीब और दूरदराज से आये रोगियों को भी अपना समझकर इलाज करती थीं। उनके रोगी आज के दिन अपने को अनाथ महसूस कर रहे हैं। उनके लिए सांत्वना के कोई शब्द नहीं मिलते। नियति की क्रूरता का कोई उत्तर नहीं मिलता। वह सच में एक समर्पित फैमिली डॉक्टर थीं। श्रमिकों के शहर कानपुर के रहने वाले मित्र बताते हैं कि वहां पर कुछ साल पहले तक हर मोहल्ले में दो-तीन फैमिली डॉक्टर सक्रिय रहते थे। वे तेज बुखार, जोड़ों में भयंकर पीड़ा और शरीर के बाकी भागों में किसी तकलीफ की स्थिति में रोगियों का इलाज कर दिया करते थे। वे दवाएं लिखते और रोगी उन्हें लेने के बाद ठीक होने लगता। इतना बोल देते कि अगर दवा काम नहीं करेंगी तो तभी जांच करायेंगे। पर आमतौर पर फैमिली डॉक्टर की दवा लेने के बाद मरीज का बुखार उतर जाता, उल्टियां नहीं होती और बदन दर्द में भी आराम मिल जाता। राजधानी के करोल बाग में भी कुछ साल पहले तक डॉ. कुसुम जौली भल्ला नाम की एक मशहूर फैमिली डॉक्टर थीं। वह जनरल फिजिशयन के साथ-साथ स्त्री रोग विशेषज्ञ थीं। उनके पास वेस्ट दिल्ली के बहुत सारे लोग आते। डॉ. कुसुम अपने रोगियों से पारिवारिक संबंध बना लेती। वह कथाकार भीष्म साहनी से लेकर न जाने कितने परिवारों की फैमिली डॉक्टर भी थीं। डॉ. कुसुम के रोगी उन्हें सुबह पार्क में ही घेर लेते थे। वहां पर रोगी और डॉक्टर के बीच संवाद चालू हो जाता और दवाई बता दी जाती। ये सिलसिला लगातार जारी ही रहता था। उनके क्लिनिक में ह्लतमसह्व जैसी कालजयी रचना के लेखक भीष्म साहनी भी आते थे। भीष्म साहनी की मृत्यु के बाद डॉ. कुसुम बेमन से ही कभी-कभार पार्क जातीं। अब उनका वक्त अपने मेडिकल सेंटर में ही बीतता।

# प्रदेश में विजय भाजपा बड़वानी में क्यों हारी कौन है जिम्मेदार..?



नरेंद्र तिवारी पत्रकार

> "वह तो पानसेमल विधानसभा में कांग्रेस के बागी निर्दलीय उम्मीदवार ने भाजपा की लाज को बचा लिया वरना इस जिले में चारो विधानसभा कांग्रेस की झोली में जाने से कोई नहीं रोक पा रहा था। पानसेमल में भाजपा के श्याम बरडे ने विजय हासिल कर चार शून्य की पराजय को तीनझ्एक में बदल दिया। जिले की सबसे बड़ी हार कैबिनेट मंत्री प्रेमसिंह पटेल की है। जिन्होंने एक वर्ष पूर्व अपने पुत्र को जिला पंचायत के चुनाव में संगठन के दिशानिर्देश के विरुद्ध जाकर जिला जनपद अध्यक्ष की कुर्सी पर तो जीत दिलवा दी थी, किंतु जिला पंचायत चुनाव से बड़वानी जिले में फैली भाजपाई गुटबाजी बढ़ती चली गई। भाजपा का जिला संगठन इसे दूर करने की बजाय इसमें ही अपने बढ़ने की संभावनाओं को ढूंढ़ता नजर आया। दरअसल जिला पंचायत में भाजपा को स्पष्ट बहुमत था"

**मध्यप्रदेश** में एक तरफा विजय की पताका फहराने वाली भाजपा बड़वानी जिले में क्यों हारी? क्यों खरगोन जिले में भाजपा को आधी सीटों पर ही सफलता मिली।यह प्रश्न खरगोनझ्बड़वानी जिले की राजनीति में गहराने लगा है। बड़वानी जिले की चार विधानसभा सीटों में मात्र एक पर विजय होकर भाजपा का इतराना कितना न्यायसंगत है। खरगोन जिले में आधी सफलता को गर्व करने लायक माना जाना चाहिए ? यह भाजपा के सांसद, जिलाध्यक्ष एवं पार्टी कार्यकताओं के लिए विचारणीय प्रश्न होना चाहिए। बड़वानी जिले की बात करें तो इस जिला मुख्यालय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा क्यों बेअसर रही ? क्यों सेंधवा विधानसभा की चाचरिया ग्राम पंचायत में आए प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज का जादू नहीं चल पाया? क्यों लाडली बहना पर गर्व कर रही भाजपा की यह योजना बड़वानी में बेअसर रही? यह प्रश्न बड़वानी जिले की हर विधानसभा में गूंज रहा है। वह तो पानसेमल विधानसभा में कांग्रेस के बागी निर्दलीय उम्मीदवार ने भाजपा की लाज को बचा लिया वरना इस जिले में चारो विधानसभा कांग्रेस की झोली में जाने से कोई नहीं रोक पा रहा था। पानसेमल में भाजपा के श्याम बरडे ने विजय हासिल कर चार शून्य की पराजय को तीनझ्एक में बदल दिया। जिले की सबसे बड़ी हार कैबिनेट मंत्री प्रेमसिंह पटेल की है। जिन्होंने एक वर्ष पूर्व अपने पुत्र को जिला पंचायत के चुनाव में संगठन के दिशानिर्देश के विरुद्ध जाकर जिला जनपद अध्यक्ष की कुर्सी पर तो जीत दिलवा दी थी, किंतु जिला पंचायत चुनाव से बड़वानी जिले में फैली भाजपाई गुटबाजी बढ़ती चली गई। भाजपा का जिला संगठन इसे दूर करने की बजाय इसमें ही अपने बढ़ने की संभावनाओं को ढूंढता नजर आया। दरअसल जिला पंचायत में भाजपा को स्पष्ट बहुमत था। भाजपा संगठन ने जिला पंचायत पद हेतु पूर्व मंत्री अंतरसिंह आर्य की पुत्रवधू जिला पंचायत सदस्य कविता विकास आर्य को नामित किया था। किंतु मंत्री प्रेमसिंह पटेल के पुत्र बलवंत पटेल ने पार्टी के दिशानिदेशों के विरुद्ध जाकर जिला पंचायत अध्यक्ष के पद हेतु अपना नामांकन दाखिल किया और कुछ अन्य सदस्यों से मिलकर विजय भी हासिल कर ली, पार्टी के निदेशों के विरुद्ध जाकर पाई इस जीत का नतीजा सम्पूर्ण जिले में गुटबाजी पनपने के रूप में हुआ। जिले में भाजपा को चार में से एक सीट पर ही विजय होना उसी गुटबाजी का नतीजा है। बड़वानी विधानसभा में नए नवेले कांग्रेस उम्मीदवार राजन मंडलोई ने भाजपा के स्थापित नेता, सरकार के कैबिनेट मंत्री प्रेमसिंह पटेल की सत्ता को उखाड़ दिया। सेंधवा में पूर्व मंत्री, आदिवासी समाज के कद्दावर माने जाने वाले अंतरसिंह आर्य को नए चेहरे मोंटू सोलंकी ने मात देकर धराशाही कर दिया। भाजपा की राजनीतिक रणनीति राजपुर में भी सफल नहीं हो सकी जहां अंतरसिंह पटेल पूर्व गृहमंत्री कांग्रेस उम्मीदवार बाला बच्चन के हाथो पराजित हुए है। राजपुर भाजपा के जिला अध्यक्ष की घरेलू विधानसभा है। वह तो पानसेमल में नए नवेले भाजपा उम्मीदवार ने कांग्रेस की विधायक चंद्रभागा किराड़े को पराजित कर भाजपा की चार शून्य से होने वाली संभावित पराजय से बचा लिया। 2018 में चार शून्य से बचाने का श्रेय प्रेमसिंह पटेल बड़वानी को गया था। जिन्हे इस विजय का तोहफा कैबिनेट मंत्री के रूप में मिला था। कैबिनेट मंत्री प्रेमसिंह भी 2023 में अपनी पराजय को नहीं बचा पाए। बड़वानी जिला जहां पलसूद को छोड़कर लगभग सभी नगरपालिका, नगर पंचायत, भाजपा के कब्जे में है। जिला जनपद अध्यक्ष के पद पर प्रेमसिंह पटेल के पुत्र बलवंत पटेल काबिज है। संसदीय सीट से भाजपा के लोकसभा सदस्य गजेंद्र पटेल है। राज्यसभा के सांसद सुमरसिंह सोलंकी है। भाजपा का मजबूत सा दिखने वाला संगठन भी बड़वानी जिले को पूर्व की स्थिति से उभारने में नाकाम, सिद्ध हुआ है। बात महज बड़वानी की नहीं है। खरगोन संसदीय सीट के अंतर्गत खरगोन जिले की छह विधानसभा भी आती है। खरगोन जिले की बात करें तो यहां फिफ्टीझ्फिफ्टी नतीजा रहा। खरगोन जिले में जरूर भाजपा ने कुछ हासिल किया है। किंतु इतना नहीं जिस पर इतराया जा सके। खरगोन में तीनझ्तीन सीट की बराबरी भाजपा के लिए गर्व की बात नहीं मानी जा सकती है।कसरावत विधानसभा में सचिन यादव कांग्रेस यथावत रखने में सफल रहे। उन्होंने भाजपा के पूर्व विधायक आत्माराम पटेल को पराजित किया। भिकनगांव विधानसभा में भी संघर्ष पूर्व मुकाबले में झूमा सोलंकी कांग्रेस विजय रही। भगवानपुरा विधानसभा जहां 2018 में केदार डावर निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में विजय हुए थे, इस बार कांग्रेस ने उन्हें उम्मीदवार बनाया केदार बड़ी और धमाकेदार जीत हासिल करने में सफल हुए। महेश्वर में भाजपा के राजकुमार मेव ने जरूर सफलता अर्जित की उन्होंने अपने दम पर इंदौर टीम के साथ अपने बेहतर प्रबंधन से वर्तमान विधायक और कमलनाथ सरकार में मंत्री रही विजयलक्ष्मी साधो को पराजित किया, खरगोन में भाजपा के बालकृष्ण पाटीदार जरूर भाजपा संगठन की मेहनत का परिणाम माने जा सकते है। उन्होंने कांग्रेस के वर्तमान विधायक रवि जोशी को हराकर 2018 में मिली पराजय का बदला लिया। बड़वाह में 2018 में कांग्रेस के टिकिट पर चुनाव लडे और विधायक बने सचिन बिरला ने खंडवा लोकसभा उपचुनाव में भाजपा का हाथ थामा। 2023 में भाजपा ने उन्हें अपना उम्मीदवार बनाया उन्होंने कांग्रेस के नरेंद्र पटेल को पराजित किया। यहां भाजपा संगठन ने बहुत कुछ खोकर सचिन के रूप में कांग्रेस से आयातित व्यक्ति को विधायक भाजपा विधायक बना पाने में सफलता प्राप्त की है। कुलमिलाकर निमाड़ की खरगोनझ्बड़वानी संसदीय क्षेत्र में भाजपा ने 4 सीट तो कांग्रेस ने 6 सीट पर विजय प्राप्त की है। खरगोन में भाजपा को आंशिक सफलता मिली है। बड़वानी में 2018 की स्थिति यथावत रही, भाजपा की विजय सीट जरूर बदली कांग्रेस ने पानसेमल खोकर जिला मुख्यालय की सीट प्राप्त की है। ऐसे समय जब सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में भाजपा क्लीन स्वीप कर रही हो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जादू सर चढ़कर बोल रहा हो, शिवराज की लाडली बहना प्रदेश में जीत का इतिहास लिख रही हो। बड़वानी जिले में भाजपा का तीन के मुकाबले एक विधानसभा में विजय रहना। खरगोन में आंशिक सफलता हासिल करना। भाजपा के सांसद सदस्य, राज्यसभा सदस्य, जिला अध्यक्षों, सहित पार्टी पधारिकारियो के लिए सोचनीय प्रश्न है। खरगोनझ्बड़वानी संसदीय क्षेत्र भाजपा के लिए चिंता का सवाल होना चाहिए। उन्हे बड़वानी में कमजोर और खरगोन में मिली आंशिक आधी पराजय की जिम्मेदारी भी लेना चाहिए। भाजपा के मौजूदा सांसद, राज्यसभा सांसद, पधाधिकारियो पर नैतिकता की तलवार तो लटक ही रहीं है। नैतिकता का सवाल भले भाजपा का अंदरूनी मामला हो किंतु जिले के मतदाता जरूर सोच रहे है। बड़वानी में तीन एक की यथावत स्थिति और खरगोन में तीनझ्तीन का प्रदर्शन प्रदेश में क्लीन स्वीप कर रही भाजपा के लिए कितना उम्दा, बेहतर और गर्व करने लायक है। भाजपा को खरगोनझ्बड़वानी संसदीय क्षेत्र की इन सीटों को लोकसभा के लिहाज से भी देखना है। गजेंद्र पटेल इस संसदीय क्षेत्र से सांसद सदस्य है। विगत दो लोकसभा चुनाव में भाजपा ने विजय उम्मीदवार को बदलने का साहस दिखाया और दोनो ही लोकसभा चुनाव में विजय श्री हासिल की थी। भाजपा के एक पूर्व सांसद सदस्य मकनसिंह सोलंकी ने विधानसभा चुनाव के पूर्व कांग्रेस पार्टी का हाथ थाम लिया था। जिसका परिणाम बड़वानी विधानसभा में भाजपा की हार के रूप में देखा जा सकता है। अब सवाल यह है की भाजपा बड़वानी जिले के अपने मंथन में क्या नया करने जा रही है। नैतिकता के आधार पर कौनसे पदाधिकारी परिवर्तित होंगें या लोकसभा चुनाव तक सब यथावत चलता रहेगा देखने वाली बात होगी।

## कविता

श्री कृष्ण के गीत पावन से
भूमि रही पूज्य सदियों से,
फिर भी इस धरा की महता को
जाने क्यूँ जन भूल गये थे,
गुलजारी नंदा के अथक प्रयासों से फिर
गुलजार हुआ कुरुक्षेत्र का आँगन !
सरल ह्रदय उस पीएम के सुकृत्यों से
हरियाणा को मिली वैश्विक पहचान,
ब्रह्मसरोवर के जीर्णोधार से
मिला सौन्दर्य पावन धरती को,
फिर काया पलटी नगर प्राचीन की
उन्हीं के ही प्रयास सफल से !
गीता जयंती हो रही साबित
राज्यभर में मील का पत्थर,
अंतर राजीय सांस्कृतिक मिलन द
शिल्प मेले के आयोजन से,
अंतर्राष्ट्रीय भागीदारी भी हुई संभव
और गुलजार हुआ कुरुक्षेत्र का आँगन !
ऐतिहासिक इमारतों और सरोवरों के
आधुनीकीकरण से पर्यटकों को मिली
तीर्थ क्षेत्र में सुविधाएं अपार
गुलजारी जी के अथक प्रयासों से
आया ह्यतीर्थ पर्यटनह्न का नवविचार
और गुलजार हुआ कुरुक्षेत्र का आँगन !

मुनीष भाटिया

# ऐसे वैसे चाहे जैसे

**भजनखबरी** उपचुनाव में नेताओं के लिए वोट बटोरने का नया धंधा चालू कर रखा है। अंतर केवल इतना है कि यह सब वह घर पर रहकर करता है। इससे पहले बाहर जाओ, धूप में पसीना बहाओ, पोस्टर चिपकाओ, इनकी-उनकी गाली खाओ की फजीहत थी। धन्यभाग्य की ऑनलाइन के चलते उसके माथे में प्रचार-प्रसार के नए विचार ठनके। अब वह घर पर रहकर ही सारी सृजनशीलता दिखा रखा है। मल्टी मीडिया के चलते सोशल मीडिया की सीढ़ी चढ़कर नेता जी को नए-नए आइडिया दे रहा है। बदले में अच्छी-खासी मोटी रकम वसूल रहा है। वह जिस नेता का प्रचार-प्रसार कर रहा था उनका नाम दयाराम था। सिर्फ नाम के दयाराम थे। पुलिस थाने में उनकी दया के किस्से चोर-डकैती, लूटपाट, खूनखराबा के रूप में दर्ज है। इसी दयाराम के ऊपर भजनखबरी ने छोटा-सा गीत लिख डाला झ राम बोलो भाई राम बोलो झ जय जय दयाराम बोलो। प्यार से बोलो भई जोर से बोलो झ जय जय दयाराम बोलो। फूटा अंडा निशान है बोलो झ जय जय दयाराम बोलो। चुनाव में यही बटन दबा दो झ जय जय दयाराम बोलो। गीत सुनने के बाद दयाराम जी को लगा कि आरंभ की लाइनें शवयात्रा जैसी हैं। इस पर भजनखबरी ने स्पष्टीकरण देते हुए उवाचा झ नेता जी आजकल लोग बड़े बदल गए हैं। वे पारंपरिक पद्धति के गीत नहीं सुन रहे हैं। उन्हें एकदम हटकर सुनना पसंद आता है। चूँकि गीत की आरंभिक पंक्तियाँ शवयात्रा सी लग रही है इसलिए यह गीत उन्हें बहुत पसंद आयेगा। यह सुन नेता जी बड़े प्रसन्न हुए। उन्होंने कुछ नारे बना लाने के लिए कहा। नारे बनाने के चक्कर में भजनखबरी को बड़ी मशक्कत करनी पड़ी। देखते-देखते यह काम भी कर डाला। पहला नारा बना झ वोट नहीं तो दया नहीं झ आप पर राम की कृपा नहीं। दूसरा नारा बना - वोट दिया तो पुण्य मिलेगा, नहीं तो तुमको पाप लगेगा। तीसरा नारा बना झ दया है तो मुमकिन है झ राम के चलते रात और दिन है। इस तरह कई नारे बना डाले। नारे सुन दयाराम को खुद पर हँसी आ रही थी। उन्हें लगा पैसा अच्छे को बुरा और बुरे को अच्छा बना देता है। पैसा न हो तो सगा बेटा भी बाप की अच्छाई नहीं बताता। वरना जीवन भर जन्म देने के लिए उसे कोसता रहता है। दयाराम को नारे इतने अच्छे लगे कि हाथों हाथ उन्होंने भी कई नारे बना डाले झ आएगा भई आएगा झ दयाराम आएगा। लाएगा भई लाएगा खुशहाली लाएगा। इधर उधर जिधर देखो झ दयाराम की कृपा देखो। नारे इतने पॉवरफुल थे कि भजखबरी को अपनी दुकान बंद होती नजर आयी। तुरंत उसने नेता जी को रोका। कहा - आप भी कमाल करते हैं। आपका काम हड़कंप मचाना है, लोगों को दहलाना है, अपना खौफ जमाना है। न कि नारे बनाने जैसा चिल्लर काम करना है। शेर अगर घांस की ओर ताकेगा तो बाकी जानवर उस पर चढ़ बैठेंगे। यह सुन दयाराम नारा बनाने के काम से हायतौबा कर ली। भजनखबरी ने उन्हें सुझाव देते हुए उवाचा कि आप अपना एक निजी चुनावी एजेंडा बना लीजिए। ऐसे-ऐसे वायदे कीजिए कि लोग सुनकर दंग रह जाएँ।

## विचार

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के फायदे और नुकसान

**विजय गर्ग**

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक कंप्यूटर प्रोग्राम की सीखने और सोचने की क्षमता है। हर चीज को कृत्रिम बुद्धिमत्ता माना जा सकता है यदि इसमें कोई ऐसा प्रोग्राम शामिल हो जो कुछ ऐसा कर रहा हो जिसके बारे में हम आम तौर पर सोचते हैं कि वह मानव की बुद्धि पर निर्भर होगा। कृत्रिम बुद्धिमत्ता अनुप्रयोगों के लाभ बहुत अधिक हैं और यह किसी भी पेशेवर क्षेत्र में क्रांति ला सकते हैं। 1) मानवीय त्रुटि में कमीः "मानवीय त्रुटि" वाक्यांश का जन्म इसलिए हुआ क्योंकि मनुष्य समय-समय पर गलतियाँ करते हैं। हालाँकि, यदि कंप्यूटर ठीक से प्रोग्राम किए गए हों तो वे ये गलतियाँ नहीं करते हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के साथ, एल्गोरिदम के एक निश्चित सेट को लागू करके पहले से एकत्रित जानकारी से निर्णय लिए जाते हैं। इसलिए त्रुटियां कम हो जाती हैं और अधिक सटीकता के साथ सटीकता तक पहुंचने की संभावना होती है। उदाहरणः एआई का उपयोग करके मौसम पूर्वानुमान में उन्होंने अधिकांश मानवीय त्रुटि को कम कर दिया है। 2) इंसानों की जगह जोखिम लेता हैः यह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का सबसे बड़ा फायदा है। हम एआई रोबोट विकसित करके इंसानों की कई जोखिम भरी सीमाओं को पार कर सकते हैं जो बदले में हमारे लिए जोखिम भरे काम कर सकता है। मंगल पर जाना हो, बम को निष्क्रिय करना हो, महासागरों के सबसे गहरे हिस्सों का पता लगाना हो, कोयले और तेल के लिए खनन करना हो, किसी भी प्रकार की प्राकृतिक या मानव निर्मित आपदाओं में इसका प्रभावी ढंग से उपयोग किया जा सकता है। उदाहरणः क्या आपने यूक्रेन में चेरनोबिल परमाणु ऊर्जा संयंत्र विस्फोट के बारे में सुना है? उस समय कोई एआई-संचालित रोबोट नहीं थे जो प्रारंभिक अवस्था में आग को नियंत्रित करके विकिरण के प्रभाव को कम करने में हमारी मदद कर सकें, क्योंकि कोई भी इंसान कोर के करीब जाता था तो कुछ ही मिनटों में मर जाता था। अंततः उन्होंने हेलीकॉप्टरों से मात्र कुछ ही दूरी से रेत और बोरान डाला। एआई रोबोट का उपयोग ऐसी स्थितियों में किया जा सकता है जहां हस्तक्षेप खतरनाक हो सकता है। 3) 24७7 उपलब्धः एक औसत इंसान ब्रेक को छोड़कर प्रतिदिन 4-6 घंटे काम करेगा। इंसानों का निर्माण इस तरह से किया गया है कि उन्हें खुद को तरोताजा करने और काम के एक नए दिन के लिए तैयार होने के लिए कुछ समय मिल सके और उन्हें अपने कार्य-जीवन और व्यक्तिगत जीवन से जुड़े रहने के लिए साप्ताहिक छुट्टी भी मिलती है। लेकिन एआई का उपयोग करके हम मशीनों को बिना किसी रुकावट के 24७7 काम करवा सकते हैं और वे इंसानों के विपरीत ऊबती भी नहीं हैं। उदाहरणः शैक्षणिक संस्थानों और हेल्पलाइन केंद्रों पर कई प्रश्न और मुद्दे आ रहे हैं जिन्हें एआई का उपयोग करके प्रभावी ढंग से संभाला जा सकता है। 4) दोहराव वाली नौकरियों में मदद करनाः अपने दिन-प्रतिदिन के काम में, हम कई दोहराए जाने वाले काम करेंगे जैसे धन्यवाद मेल भेजना, त्रुटियों के लिए कुछ दस्तावेजों को सत्यापित करना और कई अन्य चीजें। कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग करके हम इन सांसारिक कार्यों को उत्पादक रूप से स्वचालित कर सकते हैं और मनुष्यों के लिए "उबाऊ" कार्यों को भी हटा सकते हैं और उन्हें तेजी से रचनात्मक होने के लिए मुक्त कर सकते हैं। उदाहरणः बैंकों में, हम अक्सर ऋण प्राप्त करने के लिए दस्तावेजों के कई सत्यापन देखते हैं जो बैंक के मालिक के लिए एक दोहराव वाला कार्य है। एआई कॉग्निटिव ऑटोमेशन का उपयोग करके मालिक दस्तावेजों को सत्यापित करने की प्रक्रिया को तेज कर सकता है जिससे ग्राहक और मालिक दोनों को लाभ होगा। 5) डिजिटल सहायताः कुछ अत्यधिक उन्नत संगठन उपयोगकताओं के साथ बातचीत करने के लिए डिजिटल सहायकों का उपयोग करते हैं जो मानव संसाधनों की आवश्यकता को बचाता है। डिजिटल सहायकों का उपयोग कई वेबसाइटों में उपयोगकताओं को उनकी इच्छित चीजें प्रदान करने के लिए भी किया जाता है। हम जो खोज रहे हैं उसके बारे में हम उनसे बातचीत कर सकते हैं।

# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# अमूल्य बुजुर्गों की सलाह, जीने की नई राह।

**यह** विडंबना है जब मनुष्य अत्यंत अनुभवी परिपक्व,प्रबुद्ध शालीन हो जाता है तब उसके अनुभव कार्य की लगनशीलता और परिपक्व मस्तिष्क का हम सदुपयोग नहीं करते उन्हें अवकाश प्रदान कर देते हैं। यह भी इस सिक्के का दूसरा पहलू है कि इस उम्र में शरीर में थकावट और वृद्धावस्था आ जाती है पर हम उन्हें सम्मान और यथा योग्य महत्व देकर उनके मार्गदर्शन और परामर्श का यथोचित लाभ लेकर अपने जीवन,व्यवसाय अथवा नई नीतियों में सफलता प्राप्त कर सकते हैं, पर अमूमन ऐसा होता नहीं है।

वृद्धावस्था को जीवन का अंतिम पड़ाव एवं समस्याओं से गिरी हुई अवस्था माना जाता है, क्योंकि इस अवस्था में वृद्धों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है।समय की रफ्तार के साथ समाज में अनेक परिवर्तन होने लगे हैं। नवीन पीढ़ी के लोग पुराने विचारों के लोगों का उनके जीवन में हस्तक्षेप उचित ना समझ कर बर्दाश्त नहीं करते हैं,इसी कारण युवा पीढ़ी बुजुर्गों और वृद्धों के विचारों की गहन उपेक्षा करने लगते हैं और बुजुर्गों को लगता है कि उनकी समाज में उपयोगिता धीरे धीरे कम हो रही है। जीवन का सांध्य काल आने पर मनुष्य कई समस्याओं से घिर जाता है। सबसे बड़ी समस्या शारीरिक क्षमता में कमी आ जाने की है, शरीर की सभी इंद्रियां धीमी पड़ जाती हैं,अनेक प्रकार की व्याधियों से शरीर घिर जाता है और मनुष्य धीरे-धीरे शरीर पर नियंत्रण खोता जाता है। उम्र के वृद्धावस्था के पड़ाव पर अनेक शारीरिक बीमारियों के साथ-साथ मूल समस्या मानसिक व्याधि की होती है। सरकारी तथा गैर सरकारी संगठनों में वेतन भोगी कर्मचारी को एक निर्धारित आयु के बाद सेवानिवृत्त कर दिया जाता है और यह मान लिया जाता है कि वह व्यक्ति अब शारीरिक एवं मानसिक श्रम के योग्य नहीं रहा चाहे वह व्यक्ति स्वस्थ ही क्यों ना हो। इसके बाद उस व्यक्ति के जीवन में अनेक कठिनाई आने लगती हैं। जैसे ही व्यक्ति की आर्थिक उपयोगिता समाज में कम होने लगती है, वह समाज के लिए अनुपयोगी मान लिया जाता है और इस अवस्था में पहुंचने के बाद मानसिक तनाव की स्थिति बनने लगती है।

# सांसद महुआ मोइत्रा पहली सांसद नहीं है जिसका कैश फॉर क्वेरी मामले में निष्कासन हुआ हो

**कैश** फॉर क्वेरी मामले में तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा को कल लोकसभा के सदस्यता से निष्कासित कर दिया गया। सदन में लोकसभा की आचार संहिता की रिपोर्ट को चर्चा के बाद मंजूरी दे दी गई जिसमें महुआ मोइत्रा को निष्कासित करने की सिफारिश की गई थी। महुआ मोइत्रा के खिलाफ सदन में प्रश्न पूछने के बदले नगदी लेने के प्रत्यक्ष संलिप्तता के आरोप लगे थे। भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे द्वारा 15 अक्टूबर को शिकायत की गई थी। इसके बाद इस पूरे मामले को लेकर जांच पड़ताल शुरू हुई। हालांकि, इसको लेकर सियासी बवाल भी शुरू हो गया है। विपक्षी दलों के नेताओं ने इसे तानाशाही और लोकतंत्र के साथ विश्वासघात करार दिया। तो वहीं भाजपा का कहना है कि महुआ मोइत्रा के प्रकरण से दुनिया में भारतीय सांसदों की छवि धूमिल हुई है। मोइत्रा ने अपने इस निष्कासन की तुलना ह्यकंगारू अदालतह्न द्वारा सजा दिए जाने से करते हुए आरोप लगाया कि सरकार लोकसभा की आचार समिति को विपक्ष को झुकने के लिए मजबूर करने का हथियार बना रही है। उन्होंने कहा कि एथिक्स कमेटी के पास निष्कासित करने का कोई अधिकार नहीं है।यह आपके (भाजपा ) अंत की शुरूआत है। उन्होंने कहा कि अगर इस मोदी सरकार ने सोचा कि मुझे चुप कराकर वे अडानी मुद्दे को खत्म कर देंगे, मैं आपको यह बता दूं कि इस कंगारू कोर्ट ने पूरे भारत को केवल यह दिखाया है कि आपने जो जल्दबाजी और उचित प्रक्रिया का दुरुपयोग किया है, वह दर्शाता है कि अडानी आपके लिए कितना महत्वपूर्ण है, और आप एक महिला सांसद को समर्पण करने से रोकने के लिए उसे किस हद तक परेशान करेंगे। जबकि एथिक्स कमिटी ने अपनी रिपोर्ट में महुआ मोइत्रा की सांसदी रद्द करने के साथ ही इस पूरे मामले की कानूनी जांच कराने की सिफारिश की है। महुआ मोइत्रा के फाइनेंशियल ट्रांजेक्शन के आपराधिक पहलुओं की जांच केंद्रीय एजेंसियों के जरिए होगी।

## न्यूज फ्लैश

### महाविद्यालय मुरथल में यौन उत्पीडन रोकथाम सप्ताह के तहत कार्यशाला का आयोजन

**राई/टीम एक्शन इंडिया**



**महिला एवं** बाल विकास विभाग के निर्देशन में ताऊ देवी लाल राजकीय महिला महाविद्यालय मुरथल में महाविद्यालय के सभी शिक्षक व गैर-शिक्षक स्टाफ के लिए शनिवार को यौन उत्पीडन रोकथाम (निषेध) सप्ताह के एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में एडवोकेट सौरभ सचदेवा ने बतौर मुख्य वक्ता संबोधित करते हुए कहा कि माननीय सुप्रीम कोर्ट ने कार्यस्थल पर महिलाओं के लाभार्थ यौन प्रताड़ना से बचाव,इस संबंधित शिकायत व उन्मूलन के मद्देनजर बहुत सी नियमावली ईजाद की है, ताकि उन्हें कार्यस्थल पर समानता व सम्मान से कार्य करने के अवसर मिलें। उन्होंने बताया कि भारतीय लोकसभा ने भी इस बारे सन 2013 में एक्ट लागू किया। उन्होंने जिला स्तर पर कार्यरत लोकल शिकायत कमेटी व संस्थान स्तर पर आंतरिक शिकायत कमेटी के गठन, कार्यप्रणाली व कर्तव्यों पर प्रकाश डाला। साथ ही शिकायतकर्ता के अधिकार, समय सीमा व मिथ्या शिकायत साबित होने पर दण्ड व परिणामों आदि की भी विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला में कार्यक्रम की संयोजिका राष्ट्रपति अवार्डी डा. ज्योति राज, डा. संदीप,डा. सरिता बंगा, संगीता मान, डा. पूनम, डा. सुशीला, रोहित, कार्यालय अध्यक्ष अनूप सिंह सहित अनेक शिक्षक मौजूद रहे।

### खेत के कमरे से सामान चोरी

**गन्नौर।** एमपी माजरा गांव में खेत के कमरे की खिड़की तोड़ कर चोर सामान चोरी कर ले गए। किसान ने चोरी की शिकायत खुबडू झाल चौकी पुलिस को दी। एमपी माजरा गांव के किसान नरेश ने बताया कि चोर कमरे की खिड़की तोड़ कर बैटरी, बिजली की 440 मीटर तार, चार कट्टे सरसो के, एक मूंग दाल का कट्टा व पांच कट्टे गेंहू के चोरी कर ले गए। पुलिस ने शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सैंया खेडा गांव के पास खेत में रखी धान की फसल चोरी

**गन्नौर।** सैंया खेडा गांव के साथ लगते खेत से चोरों ने धान की फसल चोरी कर ली। खुबडू गांव के किसान नरेश ने बताया कि उसने खेत में 1718 मार्का बासमती किस्म के धान लगाए थे। उसने 11 नवंबर को धान की कटाई के बाद फसल को खेत में छोड़ दिया था। अब चोर उसके खेत से करीब 30 क्विंटल धान चोरी कर ले गए। खेत में टेंपो के टायर के निशान मिले हैं। गन्नौर थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### शादी समारोह से घर आते समय सड़क हादसे में वरिष्ठ अधिवक्ता की मां की मौत

**गन्नौर।** शादी समारोह से घर लौट रही 75 वर्षीय बुजुर्ग महिला को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बुजुर्ग महिला घायल हो गई। स्वजन ने उन्हें इलाज के लिए खानपुर मेडिकल में दाखिल करवाया, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। मृतक महिला के पुत्र गन्नौर अदालत में वरिष्ठ अधिवक्ता हैं। उन्होंने मामले की शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में लल्हेडी रोड गन्नौर के रहने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता रविंद्र रोहिल्ला ने बताया कि 8 दिसंबर की रात को उनकी मां पड़ोस में शादी समारोह में गई थी। शादी से वापिस घर लौटते समय जब उनकी मां गली के पास पहुंची तो एक तेज रफ्तार कार ने उनकी मां को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। पुलिस ने अधिवक्ता की शिकायत पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को भी खंगाल रही है। थाना प्रभारी रवि कुमार का कहना है कि पुलिस कार चालक का पता लगा कर उसे गिरफ्तार कर लेगी।

### जिलें में दो घंटे की हड़ताल पर रहे चिकित्सक

**टीम एक्शन इंडिया/ संजय शर्मा**

**नारनौल। हरियाणा** सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन के आह्वान पर जिला नागरिक अस्पताल में चिकित्सकों ने कलम छोड़ हड़ताल की। जिसके चलते सुबह 9 से 11 बजे तक ओपीडी पूरी तरह से बंद है। इलाज कराने पहुंचे मरीजों को परेशानी हुई। चिकित्सकों ने अस्पताल परिसर में एकत्रित होकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और लंबित मांगों को पूरा किए जाने की मांग की। नागरिक अस्पताल नारनौल के साथ अटेली सहित नांगल चौधरी के सरकारी अस्पतालों के अलावा अन्य सीएससी और पीएचसी केंद्र के डॉक्टर भी 2 घंटे हड़ताल पर रहे। हरियाणा सिविल मेडिकल एसोसिएशन के आह्वान पर आज प्रदेश भर के सरकारी अस्पतालों में कार्य डॉक्टर ने सुबह 2 घंटे तक हड़ताल रखे जाने का निर्णय लिया था। इसी निर्णय के तहत नारनौल के नागरिक अस्पताल के अलावा जिला भर के अन्य सभी सीएचसी पीएचसी केंद्र में कार्यरत डॉक्टरों ने सुबह 9 से 11 बजे तक ओपीडी बंद रख हड़ताल रखी। नारनौल के नागरिक अस्पताल के चिकित्सक विरोध स्वरूप धरने पर भी बैठे। इस मौके पर डॉक्टरों का कहना था कि सरकार उनकी मांगों की ओर कोई ध्यान नहीं दे रही। जिसके कारण सरकारी डॉक्टरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि डॉक्टर होने के नाते हुए बार-बार हड़ताल भी नहीं कर सकते। इसी का फायदा सरकार उठा रही है। सुबह 9 से 11बजे तक सरकारी अस्पतालों में समाज सेवाएं बंद रहने की वजह से मरीजों की लंबी लाइन लग गई। जिसके कारण सरकारी अस्पताल में अपना इलाज करवाने के लिए आए।

# 'गतिविधि में भाग लेना हर विद्यार्थी का कर्तव्य'

## हैप्पी चाइल्ड स्कूल ने उत्साह से मनाया वार्षिक महोत्सव, बच्चों ने दी रंगारंग प्रस्तुति

**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**

**हैप्पी चाइल्ड** इंटरनेशनल स्कूल का वार्षिक महोत्सव उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी गन्नौर के संस्थापक एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने दीप प्रज्वलित कर किया। इससे पूर्व महोत्सव में आने पर कादियान का स्कूल प्रबंधक सुनील नागपाल, संजय नागपाल, रीटा नागपाल, निधि नागपाल व प्रिंसिपल उषा मलिक ने पौधा भेंट कर स्वागत किया और कार्यक्रम के समापन पर उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि नपाध्यक्ष अरुण त्यागी ने भी शिरकत की। अरूण त्यागी ने कहा कि स्कूल शिक्षा के साथ खेलो में बेहतर कार्य कर रहा है। महोत्सव में शिव वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई, उसके बाद नन्हे कलाकारों ने





अपनी प्रस्तुति से समाज को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। पांचवीं कक्षा के बच्चों ने प्राचीन और आज की शिक्षा में आते हुए परिवर्तन को दर्शाया जो काबिले तारीफ रहा। इसके साथ हरियाणवी, पंजाबी, राजस्थानी गीतों पर बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुति दी। मुख्यातिथि और प्रबंधक समिति सदस्यों ने बच्चों का हौसला बढ़ाते हुए सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया।

मुख्यातिथि देवेंद्र कादियान ने कहा कि स्कूल की हर गतिविधि में भाग लेना हर विद्यार्थी का कर्तव्य है, इससे बहुत कुछ सीखने को मिलता है और सीखने की प्रक्रिया में कभी पिछड़ना नहीं चाहिए। उन्होंने कहा कि स्कूल में शिक्षक पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों को संस्कार देकर अच्छे नागरिक बनाएं, उन्हें नैतिक शिक्षा दें। वहीं, प्रिंसिपल उषा मलिक ने विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों तथा शिक्षकों का व स्कूल प्रबंधक सुनील नागपाल, संजय नागपाल ने अभिभावकों का आभार जताया।

## यौन उत्पीडन रोकथाम सप्ताह के तहत किया गया कार्यशाला का आयोजन

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**

**महिला** एवं बाल विकास विभाग के निर्देशन में ताऊ देवी लाल राजकीय महिला महाविद्यालय मुरथल में महाविद्यालय के सभी शिक्षक व गैर-शिक्षक स्टाफ के लिए शनिवार को यौन उत्पीड रोकथाम (निषेध) सप्ताह के एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला में जिला कोर्ट से एडवोकेट सौरभ सचदेवा ने बतौर मुख्य वक्ता संबोधित करते हुए कहा कि माननीय सुप्रीम कोर्ट ने कार्यस्थल पर महिलाओं के लाभार्थ यौन प्रताड़ना से बचाव,इस संबंधित शिकायत व उन्मूलन के मद्देनज? बहुत सी नियमावली ईजाद की है, ताकि उन्हें कार्यस्थल पर समानता व सम्मान से कार्य करने के अवसर मिलें। उन्होंने बताया कि भारतीय लोकसभा ने भी इस बारे सन 2013 में एक्ट लागू किया। उन्होंने जिला स्तर पर कार्यरत लोकल शिकायत कमेटी व संस्थान स्तर पर आंतरिक शिकायत कमेटी के गठन, कार्यप्रणाली व कर्तव्यों पर प्रकाश डाला। साथ ही शिकायतकर्ता के अधिकार, समय सीमा व मिथ्या शिकायत साबित होने पर दण्ड/ परिणामों आदि की भी विस्तार से जानकारी दी।

## लाखों रुपये का बैंक में गबन करने के आरोपितों की रिमांड - समाप्त

**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**

**नगरपालिका रोड स्थित** बंधन बैंक में लाखों रुपये का गबन करने के मामले में गिरफ्तार हुए बैंक प्रबंधक अशोक कुमार, खजानची देवेंद्र कुमार व उनके सहयोगी सलीम का रिमांड शनिवार को रिमांड समाप्त हो गया। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों के पास से गबन की धनराशि बरामद नहीं हो सकी। पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि उन्होंने धनराशि को अपने मकानों को रिपेयर करवाने व दूसरे कामों में खर्च कर दिए हैं। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश कर आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया।



- इस तरह किया गबन

बैंक प्रबंधक अशोक कुमार, खजानची देवेंद्र कुमार व उनके सहयोगी सलीम लोन लेने वाले उपभोक्ताओं से किस्त लेकर बैंक में जमा नहीं करवाते थे। इसके अलावा जिन उपभोक्ताओं को लोन मिल जाता थे उनके धोखे से निकासी फार्म पर अंगूठे के निशान अथवा हस्ताक्षर लगवा कर अपने पास रख लेते थे। जिनकी मदद से वह उनके खातों से खुद पैसा निकलवा कर आपस में बांट लेते थे। बैंक उपभोक्ताओं ने इसकी शिकायत बैंक अधिकारियों से की तो बैंक का आडिट किया गया। जिसमें पता चला कि बैंक में 35 लाख 35 हजार रुपये का गबन हुआ है। जिसके बाद बैंक के वरिष्ठ प्रबंधक अजय सिंह ने थाना गन्नौर में शिकायत देकर मामला दर्ज करवाया था।

## देवा एकेडमी पर विशेष शिविर में 170 युवाओं का नए वोट के लिए हुआ पंजीकरण

**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**

**भारत निर्वाचन** आयोग द्वारा जारी संक्षिप्त पुनरिक्षण 2024 के दौरान 18 वर्ष या इससे ऊपर के युवा को मतदाता के रूप में पंजीकृत करने वाली मुहिम चलाने के लिए निर्वाचन पंजीयन अधिकारी एवं गन्नौर एसडीएम डा. निर्मल नागर के आदेशानुसार जिला निर्वाचन कार्यालय की एक विशेष टीम ने गन्नौर शहर में देवा एकेडमी पर युवा वर्ग के नाम मतदाता सूचि में करीब 170 से ज्यादा पंजीकरण किए है। निर्वाचन कानूनगो पूजा शर्मा ने कहा कि मतदाता सूचि में



युवा ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीके से जुड़ सकते है। मतदाता सूची में पंजीकरण कराने के बाद ही युवा आगामी निर्वाचनों में मतदान की प्रक्रिया में भाग ले सकते है। उन्होंने कहा कि सभी युवा छात्र-छात्राएं वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। देवा एकेडमी संचालक रोहित कुमार ने बताया कि एकेडमी पर आने वाले युवाओं के वोटर कार्ड बनवाने के साथ-साथ उन्हें वोट देने के लिए भी यहां पर जागरूक किया जा रहा है ताकि चुनाव में अपना वोट दें।

## 'कांग्रेस की मोहब्बत की दुकान में काले धन के नोटों के पहाड़ निकल रहे'

**पंचकूला/टीम एक्शन इंडिया**

**कांग्रेस** पार्टी के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के ठिकानों से बरामद हुई 210 करोड़ की रकम पर प्रधानमंत्री मोदी द्वारा ट्वीट किए जाने के बाद सियासत तेज हो गई है। भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस को भ्रष्टाचार पर घेरना शुरू कर दिया है। पंचकूला भाजपा जिला अध्यक्ष अजय शर्मा ने कहा कि कांग्रेस सांसद धीरज साहू के पास बड़ी मात्रा में नकदी प्राप्त होना चिंतनीय और गंभीर विषय है। श्री शर्मा ने कहा कि कांग्रेस भ्रष्टाचार की जननी है। कांग्रेस सांसद साहू के ठिकानों से बरामद हो रहे नोटों पर सवाल खड़ा करते हुए श्री शर्मा ने कहा कि विपक्ष का घमंडिया गठबंधन लूट की गारंटी है और जनता की पाई-पाई को लौटाने की गारंटी मोदी सरकार की है।

## लाखो रूपए कीमत की 724 ग्राम अफीम सहित नशा तस्कर गिरफ्तार

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**सीआईए वन** प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि उनकी टीम शुक्रवार को गश्त व जांच पड़ताल के दौरान गांव कचरौली में प्रताप स्कूल के पास मौजूद थी। टीम को इसी दौरान गुप्त सूचना मिली की बलजिंद्र निवासी महमूदपुर घर पर मादक पदार्थ बेचने का अवैध धंधा करता है। दबिश दी जाए तो बलजिंद्र को मादक पदार्थ सहित काबू किया जा सकता है। पुलिस टीम ने उक्त जानकारी उच्च अधिकारियों के संज्ञान में लाकर ड्यूटी मजिस्ट्रेट ईटीओ ध्रुव गोस्वामी को साथ लेकर मौके पर दबिश दी तो घर के बाहर एक युवक खड़ा दिखाई दिया। युवक पुलिस टीम को आते देखकर एकदम से घर के अंदर प्रवेश करने लगा। पुलिस टीम ने युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान बलजिंद्र पुत्र पूर्ण सिंह निवासी महमूदपुर के रूप में बताई। पुलिस टीम ने बलजिंद्र को नोटिस देकर ड्यूटी मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में उसकी व घर की तलाशी ली तो कमरे में बनी अलमारी में रखे डिब्बे से भारी मात्रा में अफीम बरामद हुई। *बरामद अफीम का वजन करने पर 724 ग्राम पाया गया। बरामद अफीम की अंतराष्ट्रीय बाजार में करीब 1.50 लाख रूपए कीमत है। इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि



पूछताछ में आरोपी नशा तस्कर बलजिंद्र ने बताया कि वह नशा करने का आदी है। अपनी नशे की लत पूरी करने व शार्टकट तरिके से मोटे पैसे कमाने के लिए वह करीब 10 दिन पहले यूपी के बरैली से 1 किलो अफीम खरीदकर लाया था। जिसमें से कुछ अफीम उसने खुद नशा करने में प्रयोग कर ली व थोड़ी बहोत बेच दी। बची 724 ग्राम अफीम उसने बेचने के लिए घर में अलमारी में छुपाकर रखी थी। पुलिस ने बरामद अफीम को कब्जा पुलिस में लेकर आरोपी के खिलाफ थाना सदर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर शनिवार को आरोपी बलजिंद्र को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उसे 5 दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपी से पूछताछ करने के साथ ही नशा तस्कर के ठिकानों का पता लगा पकड़ने का प्रयास करेंगी।

## पानीपत में पाईट क्वेस्ट प्रतियोगिता का हुआ भव्य आयोजन

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**शिक्षण** संस्थान पाईट की ओर से प्रदेश स्तरीय पाईट क्वेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश के 200 स्कूलों के कक्षा ग्यारवी व बाहरवीं में पढ़ रहे 5000 बच्चों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में पानीपत की प्रकाश नगर कॉलोनी के साधारण परिवार के प्रवीन के पुत्र कार्तिक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्तिक को पाईट की ओर से एक इलेक्ट्रिक स्कूटी और 40 हजार रुपए की छात्रवृत्ति देने का प्रमाण पत्र दिया। वहीं प्रकाश नगर वेलफेयर सोसाइटी की ओर से भी कार्तिक को फूलों और नोटों की



माला से लाद कर पूरे सम्मान के साथ घर तक लाया गया। इस अवसर पर समाजसेवी राजेश अहलावत ने कहा की इस छात्र ने पूरे पानीपत का नाम रोशन किया है। वहीं आर्य समाज कावड़ी के उपप्रधान ओमदत्त आर्य ने कहा कि रोजगार जीवन का आधार होता है और कोई छात्र जल्दी रोजगार प्राप्त करना चाहता है तो उन्हें विज्ञान वर्ग में प्रवेश लेकर और समय प्रबंधन करके विद्या अध्यन करना चाहिए। दौड़ में अनेक मेडल प्राप्त कर चुकी महिला सुखबीर अहलावत ने कहा की होनहार बीरवान के होत चिकने पात की कहावत को इस बच्चे ने कक्षा पांचवी में ही सिद्ध कर दिया था। इस अवसर पर कार्तिक के दादा ईश्वर, कार्तिक की मां पुनीता, पिता प्रवीन,चाची सुमन आदि मौजूद रहे। वहीं कार्तिक ने अपने साथी छात्रों से अनुरोध किया है की वे पूरे आत्मविश्वास के साथ दिमाग केंद्रित करके विद्या अध्यन करें।

## प्रयास इंटरनेशनल स्कूल में लगाया गया स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**

**शनिवार को** जीटी रोड़ स्थित प्रयास इंटरनेशनल स्कूल में स्वैच्छिक रक्तदान व निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नगरपालिका के चेयरमैन अरुण त्यागी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया। रक्तदान शिविर में 180 लोगों ने रक्तदान किया, जबकि 175 लोगों की विभिन्न बीमारियों की निशुल्क जांच की गई,आंखों की जांच में 8 मरीज मोतियाबिंद के पाए गए। जिनका संजोग अस्पताल में निःशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। स्कूल पहुचने पर स्कूल निदेशक अमित बत्रा ने सभी अतिथियों व डॉक्टर की टीम का स्वागत किया। रक्तदाताओं को सम्बोधित करते हुए नपा चेयरमैन अरुण त्यागी ने कहा दान कोई भी हो वो दूसरे का भला ही करना चाहे है चाहे पैसे का दान हो, अन्न का दान हो, लेकिन रक्तदान सबसे बड़ा दान है। रक्तदान शिविर में महिलाओं के साथ युवाओं व लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रक्तदाताओं को सम्बोधित करते हुए स्कूल निदेशक एवं सीता एवं संजोग अस्पताल के संचालक डॉक्टर संजय जैन ने कहा कि सभी को बढ़चढ़ कर रक्तदान करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से हमारे शरीर का चेकअप होता रहता है और शरीर मे कोई छोटी मोटी बीमारी हो तो उसका भी हमे समय रहते पता चल जाता है। रक्त दान करने से हृदय रोग और स्ट्रोक का खतरा कम होता है। रक्त में आयरन का उच्च स्तर दिल के दौरे के खतरे को बढ़ा सकता है। स्कूल के निदेशक अमित बत्रा ने संजोग अस्पताल के प्रबंधकों व डॉक्टरों की टीम का विशेष रूप से आभार जताया।

## सोनीपतः परोपकार की भावना से होगा समाज का विकासः जैन

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**

**ज्ञान** गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) ने स्प्रेड स्माइल फाउंडेशन की पाठशाला में पढ़ने वाले बच्चों की सहायतार्थ सेक्टर -12 स्थित सामुदायिक केंद्र में एक दान शिविर का आयोजन किया। शिविर में स्कूल के छात्र-छात्राओं ने जरूरतमंद बच्चों की मदद के लिए वस्तुएं प्रदान की और दूसरों को भी इस बारे में जागरूक किया। स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन , सीईओ संजय जैन व प्राचार्या गीता चोपड़ा ने छात्र-छात्राओं के प्रयासों की सराहना करते हुए उनका हौसला बढ़ाया। स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन ने कहा कि हम सभी का दायित्व है



कि बच्चों में ऐसा संस्कार पैदा किया जाए कि वे स्वार्थहित से हटकर सामाजिक हित के बारे में चिंतन करें और उनमें परोपकार की भावना विकसित हो। इससे न केवल समाज का विकास होगा, अपितु राष्ट्र भी समृद्धशाली होगा। सुधीर जैन ने कहा कि निस्वार्थ भाव से दूसरों पर किया गया उपकार ही परोपकार है। हमें हमेशा दूसरों की मदद के लिए तत्पर रहना चाहिए। बच्चों को भी हमेशा परोपकारी बनने की सीख देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, स्वामी विवेकानंद जैसे महापुरुषों ने परोपकार को ही जीवन का सबसे महत्वपूर्ण अंग माना है। वास्तव में परोपकार की भावना ही जीवन को महान बनाती है। सीईओ संजय जैन ने कहा कि सेवा का भाव ही इंसान को जीवन में प्रगति के पथ पर आगे बढ़ाता है। जिसके लिए मन के भीतर इसका समावेश जरूरी है। जिन बच्चों में प्रारंभ से ही सेवा की भावना का विकास किया जाता है वह आगे चलकर समाज में प्रतिष्ठा पाते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चे संस्कारी हो, यही हमारी शिक्षण संस्था का मूलमंत्र है। प्राचार्या गीता चोपड़ा ने बताया कि दान शिविर में विद्यालय के शिक्षक गण तथा छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर अर्पणा, देव, वंश, माही, युक्ति, आर्यन, जयवीर, गगन, सौगात, वैष्णवी, अनुराग, निश्चय, कुणाल, दक्षित, शिवाय, जय दहिया, अर्जुन, ध्रुव, अदिति, प्रियांशी, पीयूष, अंशिका, पलक, पुनीत, यशिका, काव्या, रचिता, विधि, नव्या, भाविका, भूमि, देव मलिक , गगन दीप, हार्दिक आदि छात्र-छात्राओं ने जरूरतमंद बच्चों की सहायता के लिए वस्तुएं प्रदान की। जरूरतमंद बच्चों में ठंड से बचने के लिए कपड़े, जूते, पढाई के लिए किताबें,पेन - पेंसिल, कलर आदि वितरित की गई। इस मौके पर अध्यापिका महक, सीमा आदि ने भी अपना योगदान दिया ।

# संदीप गर्ग ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए खोला सिलाई सेन्टर



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/ बाबैन (दलबीर मलिक)**
समाजसेवी एवं नेता संदीप गर्ग द्वारा गांव फालसंडा जट्टान में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सिलाई सेंटर का शुभारंभ किया गया। ग्रामीणों व महिलाओं द्वारा नेता संदीप गर्ग का गांव में पहुंचने पर स्वागत भी किया गया। नेता संदीप गर्ग ने कहा कि उनका सपना है कि लाडवा हल्के की हर महिला अपने आप कार्य कर अपने ऊपर आत्मनिर्भर रहे और अपने परिवार का पालन पोषण करने में सहयोग करें। उसी कड़ी में गांव फालसंडा जट्टान की महिलाओं के लिए सिलाई सेन्टर खोला गया है। जिसके कारण यहां की महिलाएं सिलाई सीख कर अपने घर पर लोगों के कपड़े बनाकर अपना रोजगार तो कर ही सकेगी। इसके साथ-साथ वह आत्मनिर्भर भी बनेंगे। वहीं जसमीत कौर, विद्या देवी, हरजीत कौर, राजकौर, सपना, पिंकी देवी, रीना देवी, सर्वजीत कोर, मनप्रीत कौर, अंजलि आदि ने कहा कि समाजसेवी संदीप गर्ग द्वारा जो यह नेक कार्य किये जा रहे हैं इनकी जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है। उन्होंने कहा कि जिस उद्देश्य से समाजसेवी संदीप गर्ग लाडवा हल्के की जनता की सेवा करने में लगे हुए हैं उससे यह साफ हो रहा है कि इन्हें किसी भी बात का प्रलोभन नहीं है, यह मात्र जनता की सेवा करने के लिए राजनीति में आए हैं और 2024 के विधानसभा चुनाव में लाडवा हल्के से भारी मतों से जीताकर इन्हें विधानसभा में भेजने का काम करेंगे।

# 'पीएम-सीएम की जोड़ी अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा रही जनकल्याणकारी योजनाएं'

**टीम एक्शन इंडिया/संजय सिंह नारनौल ।** विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा का शनिवार को गांव फैजलीपुर, खटोटी खुर्द, मोहनपुर, नांगल, मांडोला व जांजड़ियावास में जोरदार स्वागत हुआ। यात्रा के दौरान आज नागरिकों ने वर्चुअल माध्यम से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन सुना। आज हुई यात्राओं के दौरान गांव मोहनपुर व नांगल में अटेली के विधायक सीताराम यादव मुख्य अतिथि थे। वहीं पूर्व शिक्षा मंत्री जांजड़ियावास व मांडोला गांव में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे थे। इसके अलावा गांव फैजलीपुर में प्रदेश सचिव व जिला प्रभारी भिवानी मनीष मित्तल व खटोटी खुर्द में अनुशासन समिति के अध्यक्ष व जनपरिवेदना समिति के सदस्य गोविंद भारद्वाज मुख्य अतिथि रहे। सभी जगह पर



नागरिकों को विकसित भारत की शपथ भी दिलाई। अटेली के विधायक सीताराम यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की जोड़ी विकास व जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम गांव व अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा रही है। विधायक ने कहा कि हरियाणा प्रदेश में आम आदमी के कार्य आसानी से हो रहे हैं। सरकार ने आधुनिक तकनीक का प्रयोग करते हुए व्यवस्था परिवर्तन का काम किया है। उन्होंने कहा कि गरीब नागरिकों को इलाज के खर्च की चिंता से मुक्त करते हुए सरकार ने आयुष्मान चिरायु हरियाणा योजना लागू करके बहुत बड़ी राहत दी है। इसी प्रकार किसानों के लिए फसल बीमा योजना तथा किसान सम्मान निधि योजना लागू करके उनका आर्थिक उत्थान किया है।

## गौ-रक्षा दल के सदस्यों ने जीटी रोड़ पर कार में बरामद किया मीट

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत।** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर स्थित भिगान टोल प्लाजा के पास से गोरक्षा दल के सदस्यों ने एक कार को रोककर उसमें से मीट बरामद किया है। गोरक्षा दल के सदस्यों का आरोप है कि कार में गाय का मीट भरा हुआ है। मामले का पता लगने पर राहगीरों ने गुस्से में कार के शीशे तोड़ दिए और दोनों युवकों की पिटाई की। गौ-रक्षा दल के सदस्यों ने उन्हें बचाकर मामले से पुलिस को अवगत कराया। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर दोनों को काबू कर लिया है। दोनों के खिलाफ मुरथल थाना में हरियाणा गोवंश संरक्षण एवं गौ-संवर्धन अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मालवीय नगर निवासी आनंद कुमार ने बताया कि वह गौ-रक्षा दल में सदस्य है।

## हत्या प्रयास की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया /सोनीपत कुंडली थाना** पुलिस ने फायर करके हत्या प्रयास की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित प्रवीन कुमार निवासी स्वतंत्र नगर नरेला दिल्ली का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव नाहरी निवासी ललीत ने 26 मई को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह अपने मकान के सामने खड़ा था। उसी दौरान बाइक पर आए दो युवकों ने उस पर जान से मारने की नीयत से गोली चला दी। उस पर दो फायर कर दिया। उसके पैर में छर्रा लगा।

# नागरिक अस्पताल में दो घंटें की चिकित्सकों की हड़ताल

**टीम एक्शन इंडिया /सोनीपत हरियाणा सिविल** मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन के आह्वान पर जिला नागरिक अस्पताल, सीएचसी व पीएचसी में चिकित्सकों ने कलम छोड़ शनिवार को ओपीडी की दो घंटे की हड़ताल रखी। जिसके चलते सुबह 9 से 11 बजे तक ओपीडी पूरी तरह से बंद रही। इलाज करने पहुंचे मरीजों को परेशानी हुई। चिकित्सकों ने अस्पताल परिसर में एकत्रित होकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और लंबित मांगों को पूरा किए जाने की मांग की। वहीं दो से तीन घंटे तक बुजुर्ग महिलाएं व मरीजों सहित उनके तामीरदारों को लाइनों में खड़े रहने पर मजबूर होना पड़ा। एसोसिएशन के जिला प्रधान डा. राहुल आतिल व जिला प्रवक्ता डा. प्यारेलाल मलिक ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग में विशेषज्ञों के लिए अलग से कैडर बनाने की मांग की जा रही है। इसको सीएम की घोषणा में शामिल किया गया था। दो साल बीत जाने के बाद भी कुछ नहीं हुआ। एसोसिएशन की ओर से स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज को भी लिखित में दिया गया था, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। जिसकी वजह से चिकित्सकों की मांगें लंबित हैं।

उन्होंने बताया कि सर्विस में चिकित्सकों को जिस वक्त पीजी करने जाना होता है, तो एक-एक करोड़ रुपये के दो बांड भरने पड़ते है। एसोसिएशन की मांग है कि पुरानी पॉलिसी को लागू कर दिया जाए। पहले यह राशि 50 लाख थी, लेकिन सरकार की ओर से कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है। जिसकी वजह से चिकित्सकों को दो घंटे की पेन डाउन हड़ताल करनी पड़ रही है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर हड़ताल के बाद भी मांगे नहीं मानी गई तो राज्य कार्यकारिणी के आदेश पर आगे की रणनीति बनाई जाएगी। इस एसोसिएशन के प्रधान डा. राहुल, डा. सीमा सिंह, डा. सीमा सिंह, डा. राजेश जैन, डा. योगेश चौहान, डा. विपिन दलाल, डा. रोहित, डा. चेतन सहित अन्य चिकित्सक हड़ताल में मौजूद रहे।

**कुर्सिया रही खाली, भटकते रहे मरीज**

नागरिक अस्पताल में तैनात चिकित्सक हड़ताल के चलते ओपीडी छोड़कर उसके बाहर आ गए। चिकित्सक ओपीडी के बाहर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते रहे। ओपीडी में मरीजों को दो घंटे तक खाली कुर्सिया देखने को मिली। नांदनौर से उपचार के लिए आई महिला ने बताया कि वह दो घंटे से ओपीडी में चिकित्सक का इंतजार कर रही है। ताकि वह अपना उपचार करवा सके। वहीं शहर निवासी निर्मला ने बताया कि सुबह आठ बजे से लाइन में खड़े है, लेकिन हड़ताल की जानकारी नहीं थी। जिसके चलते इंतजार करना पड़ रहा है।

**आपातकालीन सेवाएं व पोस्टमार्टम सेवाएं रही चालू**

नागरिक अस्पताल में दो घंटे तक चिकित्सकों की हड़ताल के चलते मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मरीज व उनके तामीरदार आपातकालीन कक्ष में में उपचार के लिए जाने लगे। अस्पताल में प्रबंधन की तरफ से दो घंटे तक चली हड़ताल को लेकर किसी प्रकार का कदम नहीं उठाया गया।

# लोक अदालत में आए 481 केस, 81 केस डिसाइड

**टीम एक्शन इंडिया / दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़ ।** न्यायिक परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया जिसमें जज श्री मनीष नागर एसडीएम ने बताया कि लोक अदालत में 481 कैसे रखे गए जिसमें 81 केस डिसाइड हुए तथा 50 लाख 42 हजार 311 रुपए की रिकवरी हुई न्यायमूर्ति श्री मुनीश नागर जी ने बताया कि लोक अदालत के निर्णय से ना किसी की जीत और ना ही किसी की हार होती बल्कि दोनों पक्षों के साथ उचित न्याय हो जाता है उन्होंने बताया कि लोक अदालत का निर्णय दोनों पक्षों पर बाद्य कार्य अंतिम होता है तथा लोक अदालत के निर्णय के विरुद्ध अपील नहीं की जा सकती उन्होंने बताया कि लोक अदालत के निर्णय से आप सी देवेश



भावना मिट जाती है तथा भाईचारा बना रहता है विधिक सेवक विजय सिंह की ने बताया कि लोक अदालत में लोगों ने ज्यादा से ज्यादा भागीदारी करनी चाहिए तथा अपने फैसले करवाने चाहिए इस मौके पर लोक अदालत मेंबर एडवोकेट सतवीर रेवासा रीड र शेर सिंह जजमेंट लेखक चिन्नू स्टेनो पूनम अल्माद जितेंद्र परवीन हरपाल राजेंद्र अमित नवीन कॉपिस्ट कृष्णा नजीर दिनेश मनीषा सिस्टम ऑपरेटर राशि अहलावत आकाश सेवादार अविनाश महेश और और अधिवक्ता मदन सिंह शेखावत पवन बंसल करणी सिंह राठौड़ वीपी यादव सुरेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# दिव्यांग चिन्हित, स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर 10 को अटेली में



**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**
**नारनौल ।** जिला रेड क्रॉस समिति व अरावली पावर कम्पनी प्राइवेट लिमिटेड के सामाजिक सरोकार एवं भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) के सौजन्य से दिव्यांगजनों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए 5 से 11 दिसंबर तक चलाए जा रहे दिव्यांग चिन्हित (एसेसमेन्ट) शिविर के आज पांचवे दिन सतनाली में कैंप का आयोजन किया गया। रेड क्रॉस सचिव महेश गुप्ता ने बताया कि आज कैंप में 46 दिव्यांगजनों का एसेसमेन्ट किया गया तथा इसके साथ-साथ दिव्यांगजन व आमजन के स्वास्थ्य की जांच के लिए जयपुर हार्ट एण्ड जनरल अस्पताल, सिविल अस्पताल, नारनौल व आयुर्वेद अस्पताल की टीम द्वारा 138 मरीजों के स्वास्थ्य जांच की जांच की गई। शिविर में मरीजों के हृदय गति, ब्लड प्रेशर, शुगर, ईसीजी, हृदय रोग, दमा, स्वांस, नजला, हड्डी रोग व फिजियोथैरेपी की गई तथा आवश्यकता अनुसार निशुल्क दवाईयों का वितरण किया गया। श्री गुप्ता ने बताया कि 10 दिसंबर को अटेली बीडीपीओ कार्यालय में दिव्यांग चिन्हित, स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर एसईपीओ प्रवीण यादव, वार्ड नंबर 1 से बच्चाई नाथ, प्राचार्य उमेद सिंह, श्याम प्रकाश तथा सरकारी स्कूल से 15 विद्यार्थियों द्वारा वॉलिंटियर के रूप में सेवाएं दी गई तथा राजेश शर्मा झाड़ली ब्लॉक कोऑर्डिनेटर लाइफ मेंबर रेड क्रॉस द्वारा भी अपना विशेष सहयोग प्रदान किया गया ।

# 'महोत्सव में आयोजित कार्यक्रमों से युवा पीढ़ी को प्राचीन संस्कृति से आत्मसात होने का अवसर मिलेगा'

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** अन्तर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 2023 में महान साधु संत समाज के सदस्यों के साथ प्रसिद्ध समाजसेवी एवं नेता संदीप गर्ग ने मंत्रोच्चारण व शंखनाद की ध्वनि के बीच सांय कालीन आरती की समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 2023 का आयोजन 7 से 24 दिसंबर तक किया जा रहा है और मुख्य कार्यक्रम पहली बार 8 दिवसीय होंगे व यह कार्यक्रम 17 से 24 दिसंबर तक चलेंगे।



इस महोत्सव में संत सम्मेलन, दीपोत्सव, गीता सेमिनार, वैश्विक गीता पाठ मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहेंगे। इन कार्यक्रमों से युवा पीढ़ी को प्रेरणा मिलेगी और प्राचीन संस्कृति से आत्मसात होने का अनोखा अवसर भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि हजारों साल पहले कुरुक्षेत्र की भूमि पर भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को गीता का ज्ञान दिया था। यह गीता ज्ञान उस वक्त जितना उपयोगी था, आज भी उतना ही उपयोगी है। कुरुक्षेत्र भी उस वक्त जितना उपयोगी था, आज भी उतना ही उपयोगी है। गीता का यह संदेश युगों-युगों तक याद रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि गीता महोत्सव न केवल कुरुक्षेत्र की भूमि पर बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर भी मनाया जा रहा है। यह बात कुरुक्षेत्र के लिए ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश के लिए गर्व की बात है। देश व विदेश से भारी संख्या में लोग गीता जयंती को देखने के लिए आते हैं। उन्होंने कहा कि गीता जयंती के अवसर पर जो ब्रह्म सरोवर पर उन्हें महा आरती करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है और साधु-संतों से जो उन्हें विजय भव का आशीर्वाद मिला है वह भी उनके लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि गीता जयंती के दौरान लोगों का दिन प्रतिदिन रूझान बढ़ रहा है। आरती के बाद साधु संतो ने समाजसेवी संदीप गर्ग को विजयभव व लंबी आयु का आशीर्वाद दिया।

# पत्रकार देवेंद्र शुक्ला को मिला अनुज स्मृति सम्मान

**सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।**
**शनिवार को बहादुरगढ़ पत्रकार** संघ द्वारा आयोजित समारोह में राष्ट्रवादी चित्रकार महेश दलाल को बहादुरगढ़ गौरव सम्मान व पत्रकार देवेंद्र शुक्ला को छठा अनुज स्मृति पत्रकारिता सम्मान देकर सम्मानित किया गया। हरियाणा कुश्ती संघ के महासचिव डॉ. राकेश सांगवान कोच ने कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचकर पत्रकारिता के क्षेत्र में स्व. डीएस अनुज के योगदान को याद किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के संरक्षक कृष्ण गोपाल विद्यार्थी द्वारा की गई। बहादुरगढ़ पत्रकार संघ ने शहर के



सेंट एंथोनी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में शहीद नमन स्थल के निमार्ता चित्रकार महेश दलाल को बहादुरगढ़ गौरव सम्मान के रूप में एक शॉल, स्मृति चिह्न व 11 हजार रुपए की राशि भेंट की गई। जबकि पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए पत्रकार देवेंद्र शुक्ला को छठे अनुज पत्रकारिता सम्मान के रूप में शॉल, स्मृति चिह्न व 11 हजार रुपए की राशि भेंट की गई। दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना से शुरू हुए कार्यक्रम में सेंट एंथोनी स्कूल की छात्राओं ने हरियाणवी व पंजाबी नृत्य प्रस्तुत किया। डॉ. राकेश कोच ने बहादुरगढ़ के पत्रकारों का हौसला बढ़ाते हुए भविष्य में भी निर्भीक पत्रकारिता के लिए प्रेरित किया। चेयरपर्सन सरोज रमेश राठी ने भ्रष्टाचार व अराजकता के खिलाफ लोकतंत्र के चौथे स्तंभ द्वारा चलाई जा रही मुहिम की सराहना की। मंच संचालन प्रवीण धनखड़ ने किया। इस मौके पर कपूर सिंह राठी, जितेंद्र लाठर, सुभाष जग्गा, विकास सोनी, नरेंद्र छिकारा, नवीन बंटी, दीपक खट्टर, संजय दलाल, राजेंद्र मलिक, प्रदीप यादव, युद्धवीर चेयरमैन, इंद्र राठी, विक्रम छिल्लर मौजूद रहे।

# सोनीपत: दो लाख बच्चों को पिलाई जायेगी दो बूंद जिंदगी की

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
जिला स्वास्थ्य विभाग की ओर से रविवार को 2.12 लाख बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाई जाएगी। इसको लेकर जनजागरूकता के लिए वाहन व ई-रिक्शाओं को अस्पताल से जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा. जयकिशोर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके माध्यम से जन्म से लेकर 5 वर्ष तक के बच्चों को रविवार को पोलियो बूथ पर लाकर पोलियो खुराक पिलाने का संदेश दिया गया। इसके बाद 11 व 12 दिसंबर को फील्ड में जाकर आशा कार्यकर्ताओं की ओर से बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाई जाएगी। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. नीरज यादव ने बताया कि पोलियो अभियान को लेकर विभाग की ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। विभाग की टीमों की ओर से शनिवार को हाई रिस्क क्षेत्र जिनमें भट्ठे, फैक्टरी, निमाणाधीन स्थलों पर जाकर बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाई गई। रविवार को विभाग की ओर से 2 लाख 12 हजार 719 बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाने के लिए ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में 864 बूथ बनाए गए है।

# विचारों की शक्ति मानसिक तनाव को समाप्त करती है : मीनाक्षी

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्व विद्यालय कुरुक्षेत्र सेवा केंद्र की ओर से यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में 'तनाव प्रबंधन' विषयक टॉक-शो का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता बी.के मीनाक्षी बहन ने अपने संबोधन में कहा कि आज विज्ञान ने अनेक मशीनों का अविष्कार करके हर कार्य को आसान कर दिया है। जिस कारण हम शारीरिक रूप से तो हल्के रहते हैं, पर मानसिक रूप से बोझिल रहते हैं। इस कारण अनेक बीमारियां बढ़ गई है। उन्होंने इसका कारण बताया कि जब सुममता की कमी होती है, तब बीमारी उत्पन्न होती है। आज हम शारीरिक स्वास्थ्य पर तो



ध्यान देते हैं, परंतु मन के विचारों की ओर कोई ध्यान नहीं देते। उन्होंने मन को स्वस्थ रखने का तरीका बताते हुए कहा कि प्रतिदिन सुबह उठ कर एक घंटा न कोई समाचार पत्र देखना है और न ही टी.वी देखना है, केवल मन को सकारात्मक विचार देने हैं। नकारात्मक विचारों से दूर रहने का सुझाव देते हुए उन्होंने कहा कि कार्य करते समय बीच-बीच में 1 मिनट मौन रह कर अपने विचारों की जांच करनी है कि मेरे लिए कौन से विचार जरूरी है और कौन से विचार अनावश्यक हैं। विचारों की शक्ति ही मानसिक तनाव को समाप्त करती है। इसके लिए हमें शांत रहना सीखना है। क्रोध पर नियंत्रण रखना चाहिए। कार्य करते हुए स्वयं को हल्का समझना है और दूसरों की प्रशंसा करनी है। अंत में उन्होंने तनाव से बचने के लिए शिकायत, आलोचना और प्रतियोगिता से बचने की नसीहत दी। इसी कड़ी में बी.के प्रियंका बहन ने मेडिटेशन की अनुभूति करवाते हुए बताया कि हमारा आंतरिक स्वरूप कितना सुंदर है। शांति, पवित्रता, आनंद, प्रेम, सहयोग आदि गुण हमारी आत्मा की वास्तविक सुंदरता है। उन्होंने मेडिटेशन करवाते हुए स्वयं की पहचान और स्वयं के गुणों से अवगत करवाया। इस अवसर पर बैंक मेनेजर योगेश कुमार ख्यालिया अपनी सहयोगी टीम के साथ मौजूद रहे।

# पुरानी पेंशन बहाली के लिए करनाल में जुटेंगे रोड़वेज कर्मचारी

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत रोडवेज कर्मचारी** यूनियन हरियाणा के राज्य प्रधान ओमप्रकाश ग्रेवाल, राज्य महासचिव जयबीर घणघस व सोनीपत डिपो प्रधान मनजीत पहल सचिव अनिल बड़ौली ने बताया कि पुरानी पेंशन बहाली के लिए होने वाली हरियाणा कर्मचारी महासंघ की ललकार रैली में राडवेज कर्मचारी भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि मंत्रियों, विधायकों को पुरानी पेंशन योजना के तहत 80 हजार से चार लाख रुपये प्रति माह पेंशन ले रहे है। दूसरी ओर सरकारी कर्मचारियों को सरकार नई पेंशन योजना के तहत नाम मात्र 1200 से 3000 हजार रुपये पेंशन दे रही है। कर्मचारियों के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ हरियाणा कर्मचारी महासंघ के बैनर तले 12 दिसंबर को होने वाली ललकार रैली में सरकार से जवाब मांगा जाएगा। कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना से पेंशन देने से अगर देश की आर्थिक स्थिति खराब होती है। तो सांसदों व विधायको को लाखों रुपये प्रति माह पुरानी पेंशन क्या देश का विकास हो रहा है। अगर नई पेंशन योजना इतनी अच्छी है, तो राज नेता अपने ऊपर क्यो नही लागू करते। आगे बताया की प्रदेशभर के सभी विभाग के कर्मचारी सरकार की नीतियों व योजनाओं को आम जनता तक बिना अपनी जान की परवाह किए कोरोना जैसी महामारी में भी पहुचाने का कार्य पूरी निष्ठा से करता है। फिर भी सरकार कर्मचारियों को पेंशन नही दे रही है। कर्मचारियों से साथ बहुत अन्याय कर रही है। प्रदेश का कर्मचारी अब इस अन्याय को सहन नही करेगा। सरकार को सीधे शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि अगर प्रदेश सरकार कर्मचारियों की पुरानी पेंशन नीति बहाल नही करेगी।

# 'भारत को विकसित देश बनाने में सहभागी बनें ग्रामीण'

## गांव मनाना में लाइव सुना गया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन, यात्रा में भाग ना लेने वाले अधिकारियों पर होगी अनुशासनात्मक कार्रवाई, युवा ही देश का असली भविष्य

**समालखा/ कमाल हुसैन**

**विकसित भारत** संकल्प यात्रा-जनसंवाद के माध्यम से आमजन की शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया जा रहा है। देश को विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में शामिल करवाने के लिए जागरूकता फैलाई जा रही है। विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए प्रत्येक नागरिक का अहम योगदान है।

यह बात भाजपा की जिला अध्यक्ष डॉ अर्चना गुप्ता ने शनिवार को समालखा खंड के गांव मनाना में विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने कहा कि बिना रूकावट के आमजन को योजनाओं का लाभ मिले,यही विकसित भारत की पहचान है।



डॉ अर्चना गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रयासों से ग्रामीणो की समस्याओं के समाधान के लिए सभी विभाग गांव-गांव पहुंच रहे हैं। किसी भी देश को आगे बढ़ाने के लिए उसके नागरिकों का सहयोग बेहद जरूरी होता है। ऐसे में वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को पूरा करने के लिए प्रत्येक देशवासी के सहयोग की आवश्यकता है।

भाजपा के जिला महामंत्री कृष्ण छोकर ने गांव पट्टीकल्याना में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि सभी को मिलकर भारत को विकसित राष्ट्र की श्रेणी में शामिल करने के लिए भरसक प्रयास करने हैं। इसके लिए युवाओं का सहयोग बहुत जरूरी है क्योंकि देश की असली ताकत युवा ही हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा इसी संकल्पना को पूरा करने के लिए शुरू की गई है ताकि लोगों को जागरूक करके विकसित भारत के सपने को साकार किया जा सके और साथ ही लोगों के पास जाकर उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

डीसी वीरेंद्र कुमार दहिया ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा गांव दर गांव अपने लक्ष्य को पूरा कर रही है और इसमें सभी अधिकारियो को दिशा निर्देश दिए गए हैं कि वह या तो स्वयं उपस्थित रहे या अपने अधीनस्थ अधिकारी को इस विकसित भारत यात्रा में जरूर भेजें। लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। इस मौके पर डॉक्टर अर्चना गुप्ता ने गांव मानना में और जिला महामंत्री कृष्ण छोकर ने गांव पट्टी कल्याण में उपस्थित जनसमूह को संकल्प शपथ भी दिलवाई।

# धुराला में विकसित भारत संकल्प यात्रा का जोरदार स्वागत



**टीम एक्शन इंडिया/साहा/अम्बाला(मनीष कुमार)**

**विकसित भारत** संकल्प जन संवाद यात्रा साहा ब्लॉक के तहत गांव धुराला व गांव टोबा में पहुंची। यहां पहुंचने पर ग्रामीणों ने विकसित भारत संकल्प यात्रा का स्वागत किया। इस मौके पर पूर्व विधायक एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजबीर बराड़ा ने उपस्थित सभी को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ भी दिलवाई। इस मौके पर उनके साथ धुराला सरपंच मधु, सरपंच टोबा बृजपाल राणा, सुरेन्द्र राणा, अमित राणा, सुबे सिंह, प्रीतम सिंह, राजा राम पूर्व सरपंच, कशमीरी लाल, राम करण, मान सिंह सबगा, अमरजीत, प्रेमचंद, भागमल, रिंकू चोपड़ा, रवि कुमार व अन्य मौजूद रहे। पूर्व विधायक एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजबीर बराड़ा ने इस मौके पर उपस्थित ग्रामीणों व अन्य को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलवाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में हर वर्ग के उत्थान के लिए निरन्तर कार्य किए जा रहें हैं। सरकार द्वारा क्रियान्वित योजनाओं का लाभ अन्तिम छोर मे खड़े योग्य व्यक्ति को दिलवाने के लिए सरकार कृत संकल्प हैं। यात्रा को निकाले जाने का मुख्य उद्देश्य यही है कि जो व्यक्ति जिस योजना के तहत पात्र हैं, यदि किसी कारणवश उसे योजना का लाभ नहीं मिला है तो उसे योजना का लाभ दिलवाना हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा जो योजनाएं क्रियान्वित की गई है उस बारे आम जन को भी जागरूक करना हैं। उन्होंने यहां पर लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन करते हुए विभागों द्वारा जो योजनाएं चलाई जा रही हैं, उसकी जानकारी हासिल कर उपस्थित कर्मचारियों को कहा कि वे लोगों का मार्ग दर्शन करते हुए उन्हें योजनाओं बारे जानकारी देकर इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए भी प्रेरित करें। उन्होंने इस मौके पर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले विद्यार्थी व अन्य को सम्मान पूर्वक सम्मानित करने का काम भी किया। उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा जनहित के लिए अनेकों योजनाएं क्रियान्वित की गई हैं, जिनका सुगमता से लोगों को लाभ मिल रहा है। आयुष्मान/चिरायु कार्ड के माध्यम से पात्र व्यक्ति को 5 लाख रूपए तक का निशुल्क ईलाज की सुविधा की उपलब्ध करवाई जा रही हैं। किसानों के लिए भी अनेकों योजनाएं क्रियान्वित की हुई हैं, जिसका किसान लाभ उठा रहें हैं। उन्होनें कहा कि हम सबको मिलकर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को विकसित बनाने का जो संकल्प लिया हुआ है उसे मिलकर पूरा करना हैं। गांव टोबा में आयोजित कार्यक्रम में श्री राजबीर बराड़ा ने कहा कि उप स्वास्थ्य केन्द्र के भवन के नवीनीकरण के लिए 59 लाख रुपए की राशि मंजूर की हुई है जिस पर जल्द ही कार्य शुरू हो जायेगा।

## न्यूज फ्लैश

### गांव छोटी घेल में नि:शुल्क मेडिकल स्वास्थ्य चेकअप कैंप आज



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**पं. केदारनाथ** शर्मा चैरिटेबल अस्पताल एवं ट्रस्ट की तरफ से इस बार निशुल्क मेडिकल स्वास्थ्य चेकअप कैंप आज श्री गुरुद्वारा साहिब गांव छोटी घेल में सुबह 10 से 2 बजे तक लगाया जाएगा। कैंप में ब्लड शूगर, यूरिक एसिड टेस्ट, लिपिड प्रोफाइल टैस्ट, एच.बी. टेस्ट निशुल्क किए जाएंगे साथ ही आयुष्मान कार्ड, परिवार पहचान पत्र, ई – श्रम कार्ड भी मौके पर ही बनाए जाएंगे।

कैंप में विशेषज्ञ डाक्टरों की टीम अपनी सेवाएं देगीं, जिनमें पी.सी. शर्मा अस्पताल से नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. अभिमन्यु शर्मा, मिशन( फिलाडेल्फिया) अस्पताल से हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. संदीप गोयल, पी.के.आर.जैन चैरीटेबल ट्रस्ट से डा. गजल राजपूत अपनी सेवाएं देंगे। कैम्प में जरूरतमंदों के लिए लैंस संजीवनी आईज एंड मैडीकेयर सैंटर से मशीन द्वारा बिल्कुल मुफ्त डलवाए जाएंगे।

वहीं, कैंप में भारत के अग्रणी प्लेटफार्म फर्स्ट इन क्लास के तहत 5वीं से 12 वीं तक के विद्यार्थियों के लिए निशुल्क कोचिंग के लिए रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। इसके साथ ही इंग्लिश स्पीकिंग की क्लासिस के लिए भी रजिस्ट्रेशन होगी। रजिस्ट्रेशन के बाद क्लासिस भी बिल्कुल फ्री होगी। ऑनलाइन क्लास वर्चुअल होगी और यह जूम पर उपलब्ध होगी। कैम्प में जिन लोगों की परिवार पहचान पत्र में प्रमाणित आय 1,80,000 तक है के आयुष्मान कार्ड भी नि:शुल्क बनाए जाएंगे।

### हरियाणा सरकार ने जारी की कमर्शियल पॉलिसी, पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज ने विधानसभा में रखी थी माँग

**पानीपत कमाल हुसैन**

**प्रदेश की** भाजपा सरकार द्वारा रिहायशी मकानों को व्यावसायिक रूप मे प्रयोग करने की पॉलिसी पूरे प्रदेश में लागू कर दी गयी है कपानीपत शहर मे भी इस पॉलिसी को लागू करने के लिए शहरी विधायक प्रमोद विज ने विधानसभा सत्र के दौरान विधानसभा पटल पर पॉलिसी को लागू करने की मांग की थी एवं विभागों के विभिन्न सत्रों में भी विधायक द्वारा पॉलिसी लागू करने के लिए प्रयास किए गए थे, विधायक के प्रयासों पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सरकार की मोहर लगने पर विधायक ने मुख्यमंत्री एवं स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश की डबल इंजन सरकार सुशासन को आधार मानकर जनहितैषी कार्य कर रही है, जिसका लाभ समाज के प्रत्येक व्यक्ती को मिल रहा है **इन्हें मिलेगा लाभ सरकार की कमर्शियल पॉलिसी का लाभ टाउन प्लानिंग:** रिहैबिलटेशन, इंप्रूवमेंट ट्रस्ट स्कीम के अंतर्गत विकसित कॉलोनीयों पर लागू होगी साधारण शब्दों मे यह स्कीम पानीपत के सभी उपभोक्ताओं के लिए लाभदायक होगी। विधायक ने सूचना देते हुए कहा कि जिन लोगों के द्वारा मॉडल टाउन या अन्य प्लेनेट स्कीम में रिहायशी से व्यावसायिक भवन में स्थानांतरण कर लिया है, वो शीघ्र निगम आयुक्त कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं क पॉलिसी के लागू होने से जहाँ लोगों को फायदा होगा वही नगर निगम का भी रिवेन्यू बढ़ेगा

### दुकान से मोबाइल चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार, मोबाइल बरामद

**पानीपत/ कमाल हुसैन**

**सीआईए** टू प्रभारी इंस्पेक्टर नरेंद्र ने बताया की उनकी टीम को शुक्रवार देर शाम गश्त व जांच पड़ताल के दौरान गुप्त सूचना मिली की संदिग्ध किस्म का एक युवक नई सब्जी मंडी में मोबाइल फोन बेचने की फिराक में घूम रहा है। पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर दंबिश देकर युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान नितिन उर्फ शक्ति पुत्र बिजेंद्र निवासी गांव कवि के रूप में बताई। मोबाइल बारे पूछताछ करने पर आरोपी ने उक्त मोबाइल 17 नवम्बर को दिन के समय रेलवे रोड पर एक दुकान से चोरी करने बारे स्वीकारा। चोरी की वारदात बारे थाना शहर में सतीश भारद्वाज निवासी गीता कालोनी की शिकायत पर मुकदमा दर्ज है। इंस्पेक्टर नरेंद्र ने बताया कि पूछताछ में आरोपी नितिन ने पुलिस को बताया वह नशा करने का आदी है। नशे की लत पूरी करने के लिए पैसों की जरूरत पड़ी तो उसने दुकान से मोबाइल चोरी की उक्त वारदात को अंजाम दिया। शुक्रवार को आरोपी चोरीशुदा मोबाइल को बेचने की फिराक में घूम रहा है।

# मक्खी मच्छरों की बढ़ती संख्या को लेकर जजपा नेता ने की स्वास्थ्य विभाग की आलोचना

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) अंबाला** क्षेत्र में बढ़ती मक्खी मच्छरों की संख्या को लेकर जननायक जनता पार्टी के पूर्व जिला महासचिव जरनैल सिंह मोहडी ने स्वास्थ्य विभाग की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि विभाग हर समय अपनी जिम्मेदारियो से हाथ पीछे करता रहता है जनता को सुविधा देने के नाम पर वह केवल औपचारिकता ही पूरी करता है जबकि स्वास्थ्य विभाग की बड़ी जिम्मेदारी



बनती है कि लोगों के स्वास्थ्य को मध्य नजर उनके इर्द-गिर्द घूमने वाले मक्खी मच्छरों आदि का सही तरीके से समाधान हो समय-समय पर प्रत्येक गांव में ग्राम पंचायत के माध्यम से मच्छर मार दवाई का स्प्रे करवाते रहें हालांकि सर्दी बड़ी ही कड़क पड़ने लगी है साथ ही कोहरे का भी प्रभाव पड़ता जा रहा है जिसको लेकर मक्खी मच्छर कम होने चाहिए थे लेकिन यह दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं जिससे लोगों को डेंगू मलेरिया आदि जानलेवा बीमारियां होने की आशंका बनी रहती है जरनैल सिंह ने स्वास्थ विभाग से गुजारिश की है कि वह अपनी जिम्मेदारी समझते हुए क्षेत्र में ग्राम पंचायत के माध्यम से समय-समय पर मच्छर मार दवाई का स्प्रे करवाते रहें ग्रामवासी आजेश कुमार ,जीत राम ,बलवीर सिंह ,कुलविंदर सिंह,गुलाब सिंह,रिंकु ,जगजीत सिंह व समाजसेवी जरनैल सिंह मोहड़ी मोजूद रहे ।

# मतदाता जागरुक्तता अभियान फैक्ट्रियों के श्रमिको को भरवाए फार्म

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**शनिवार** को जिले में मतदाताओं को वोट बनवाने, वोटर लिस्ट में संशोधन और महिला पुरुष मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देशन में एवं उपायुक्त एवम जिला निर्वाचन अधिकारी, निर्वाचन विभाग पानीपत के मार्ग दर्शन में स्वीप गतिविधियों के अनुसार शिक्षाविद डा हितेश चंद शर्मा द्वारा एंड डी इंटरनेशनल फैक्ट्री सनौली रोड, क्लाउडी फर्निशिंग इंडस्ट्री में श्रमिकों वोट बनवाने के लिए औद्योगिक इकाईयों में ही कैंप लगाकर जागरूक किया गया। सैकड़ों श्रमिकों ने उत्साह पूर्वक फार्म 6 लेकर वोट बनवाने के लिए रुचि दिखाई। डा. शर्मा ने बताया की मतदान के दिन लोकतंत्र के पर्व में वोट डालकर राष्ट्र निर्माण में अच्छी सरकार बनाकर देश व समाज की तकदीर वोट की शक्ति द्वारा बदली जा सकती है। जिले में निर्वाचन विभाग द्वारा सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता कार्यक्रम के तत्वाधान में औद्योगिक इकाईयों में मतदाता सूची में अपना नाम इंद्राज करवाने एवं त्रुटि संबंधी कार्य भी करवाया जा रहा है।

उन्होंने श्रमिक अधिकारों, प्राथमिक उपचार एवम डिजास्टर मैनेजमेंट, अग्नि शमन सुरक्षा प्रणालियों पर विस्तृत चर्चा करते हुए पढ़ें।

# राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में वालीबॉल टूनार्मेंट आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) राजकीय** बहुतकनीकी संस्थान अंबाला शहर मे वालीबॉल टूनार्मेंट का आयोजन किया गया जिसमे संस्थान के सभी विभागो से कुल आठ टीमो ने भाग लिया । टूनार्मेंट संस्थान के हॉस्टल मैदान मे करवाया गया । कुल आठ टीमो मे से चार टीमो ने सेमीफाइनल मे अपनी जगह बनाई । पहला सेमीफाइनल मुकाबला आटोमोबाइल और इलैक्ट्रिकल के बीच खेला गया जिसमे आटोमोबाइल की टीम विजयी रही । दुसरा सेमीफाइनल मैकेनिकल और प्लास्टिक के बीच खेला गया



जिसमे मैकेनिकल की टीम विजयी रही । टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला तीन सैट मे खेला गया जिसमे पहले सैट मे आटोमोबाइल ने मैकेनिकल को 21-17 से हराया । दुसरे सैट मे मैकेनिकल ने आटोमोबाइल की टीम को 21-18 से हराया । टूनार्मेंट के फाइनल के आखिरी और निर्णायक सैट मे आटोमोबाइल ने मैकेनिकल को 21-14 के बड़े अंतर से करारी शिकस्त दी । टूनार्मेंट के समापन के अवसर पर संस्थान के प्रधानाचार्य ड़ा राजीव सपरा ने

### अपराध में रोक लगाने के लिए पुलिस का सहयोग करें चौकीदार

**गन्नौर।** एसीपी गोरखपाल राणा ने गन्नौर थाना में ग्रामीणों चौकीदारों की एक बैठक बुलाई। बैठक में उन्होंने चौकीदारों को निर्देश दिए कि वे प्रशासन द्वारा नशे व अन्य अपराधों के खिलाफ शुरू किए गए अभियान में कंधे से कंधा मिलाकर योगदान दें। उन्होंने कहा कि जनता के सहयोग के बिना अपराधों पर अंकुश लगाना संभव नहीं है। गांवो में चोरी की घटनाओं में संलिप्त लोगों का पता चले तो इसकी सूचना पुलिस के साथ सांझा करें।

एसीपी ने कहा कि चौकीदार खुद को प्रशासन का हिस्सा समझे और अपनी जिम्मदारी को समझते हुए नशा अथवा किसी अन्य अपराध के बारे में भी यदि कोई भनक लगे तो वे तुरंत पुलिस को सूचित करें।

# खेलो निसा–2023 प्ले–वे खेल प्रतियोगिता में नन्हें धावकों ने लिया भाग

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) खेलो** निसा-2023 के तहत प्ले-वे खेल प्रतियोगिता का आयोजन कैंट के सरस्वती विद्या निकेतन स्कूल चांदपुरा कैंट में शनिवार को हुआ। इस मौके पर नेशनल इंडिपेंडेंट स्कूल्स अलायंस (निसा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और फेडरेशन ऑफ प्राइवेट स्कूल्स वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. कुलभूषण शर्मा मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। साथ ही फेडरेशन ऑफ प्राइवेट स्कूल्स वेलफेयर एसोसिएशन हरियाणा के जिला अध्यक्ष आशुतोष गौड़



स्पेशल गेस्ट के तौर पर मौजूद रहे।

मुख्य अतिथि कुलभूषण शर्मा ने इस मौके पर कहा कि शिक्षा के संग ही खेल भी जरूरी है। हमारा उद्देश्य बच्चों में चहुंमुखी प्रतिभा का विकास करना है। आज खेल की दुनिया में भी बच्चें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का परिचय देकर देश, समाज और अपने स्कूल कॉलेजों का नाम रोशन कर रहे हैं। खेलों निसा में प्ले-वे के बच्चों ने भाग लेकर यह दिखा दिया कि आने वाला खेलों का समय भारत का है। हम भारत को खेल में सर्वोच्च स्थान दिलाने के प्रति कटिबद्ध हैं।

खेलो निसा-2023 की प्ले-वे खेल प्रतियोगिता के तहत शनिवार को 50 मीटर की रेस, स्पून एवं लेमन रेस, बैलून ब्रस्ट, चेयर रेस, फ्राग रेस का आयोजन किया गया। इसमें सिटी और कैंट के 21 से ज्यादा प्ले-वे स्कूलों के बच्चों ने पूरे जोश और हर्षोल्लास से भाग लिया। प्रतियोगिता में प्ले-वे स्कूल्स की टीचर्स और प्रिंसिपल की भी रेस आयोजित हुई।

खेल प्रतियोगिता के दौरान अंबाला प्राइवेट प्ले वे स्कूल के प्रधान

# आर्य स्कूल में दिखाया बाल वैज्ञानिकों ने जोश



**पानीपत/कमाल हुसैन**

**आर्य वरिष्ठ** माध्यमिक विद्यालय, पानीपत के प्रांगण में स्वामी श्रद्धानन्द बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि आर्य बाल भारती स्कूल के प्रधान रणदीप सिंह आर्य तथा आर्य कॉलेज के प्राचार्य जगदीश गुप्ता रहे तथा विशिष्ट अतिथि विद्यालय की प्रबन्धक समिति के प्रधान विरेन्द्र आर्य, मैनेजर रामपाल जागलान रहे। प्राचार्य मनीष घनगस ने मुख्य अतिथियों का पुष्प कुंज देकर हार्दिक स्वागत और अभिनन्दन किया। मुख्य अतिथि तथा विद्यालय की समस्त कार्यकारिणी द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया तथा बाल वैज्ञानिकों के द्वारा बनाए गए मॉडल की अत्यन्त सराहना की। इस प्रदर्शनी में विद्यालय के 250 छात्रों ने भाग लिया और छात्रों द्वारा 140 मॉडल तैयार किए गए। मुख्य अतिथि रणदीप सिंह आर्य ने कहा कि वर्तमान समय में विज्ञान ने इतना विकास कर लिया है कि हमारा भविष्य पूरी तरह बदल गया है। विज्ञान ने हमारा भविष्य बहुत ही उज्ज्वल बना दिया है।

प्राचीनकाल में मनुष्य जहॉ पैदल या बैलगाड़ी से यात्रा करता था, आज वह बस, टेज्न, हवाई जहाज इत्यादि में यात्रा करते हैं। विज्ञान की सहायता से हमने शिक्षा, वास्तुशिल्प, संचार, दवाईयॉं, मशीनरी इत्यादि सभी क्षेत्रों में बहुत विकास किया है। मुख्य अतिथि जगदीश गुप्ता ने कहा कि विज्ञान के बिना मनुष्य जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है। आधुनिक युग में विज्ञान के क्षेत्र में होने वाले नये.नये आविष्कारों ने पूरे विश्व में क्रांति ला दी है। विज्ञान की सहायता से मानव प्रकृति और अंतरिक्ष दोनों पर विजय प्राप्त करता जा रहा है। आज से कुछ वर्ष पूर्व विज्ञान का आविष्कार पर चर्चा मात्र से ही लोग आश्चर्यचकित हो जाते थेएकिंतु आज वही आविष्कार मनुष्य के दैनिक जीवन के अंग बन गए हैं।

प्राचीन समय में मानव प्रकृति की प्रत्येक वस्तु को कोतुहल भरी नजरों से देखता था व उन्हें आश्चर्यजनक मानता था।

# अदालत में 30904 मुकदमों का आपसी सहमति से किया निपटारा

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**माननीय** न्यायमूर्ति श्री अरुण पल्ली, न्यायाधीश, पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय तथा कार्यकारी अध्यक्ष, हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार और श्री सुदेश कुमार शर्मा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पानीपत के कुशल मार्गदर्शन में सेशन डिवीजन, पानीपत में आज दिनांक 09.12.2023 को अधिनिर्णय की पूरी प्रक्रिया न्यायाधीशों, वकीलों, वादियों, बीमा कंपनियों और बैंक प्रतिनिधियों के बीच न्यायालय में निजी रूप से आकर नेशनल लोक अदालत का



आयोजन किया गया ।लंबित मामलों के साथ-साथ पूर्व मुकदमेबाजी के मामलों से निपटने के लिए लोक उपयोगिता सेवाओं की खंडपीठ का भी गठन किया गया जिसमें दुर्घटना के दावे, चेक बाउंस, बैंक वसूली, नागरिक विवादों से संबंधित सार्वजनिक उपयोगिता सेवाएं, उपभोगता कमीशन के केस भी शामिल हैं और यहां तक कि घरेलू हिंसा अधिनियम आदि से संबंधित कंपाउंडेबल अपराधों के आपराधिक मामले भी शामिल है।

श्री प्रतीक जैन , मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण पानीपत ने आगे खुलासा किया कि लोक अदालत विवादों के निपटान के प्रभावी तरीकों में से एक है। लोक अदालतों में विवादों का सौहार्दपूर्वक निपटारा किया जाता है। "सभी के लिए न्याय तक पहुंच" के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए एडीआर तंत्र का संवर्धन काफी महत्वपूर्ण है।

उन्होंने आगे खुलासा किया है कि पानीपत में कुल 30904 मुकदमों को लिया गया था।जिनमें से 23083 मुकदमों को केवल पानीपत में लोक अदालत में पारंपरिक रूप से निपटाया गया।

# द स्टैनफोर्ड स्कूल में 2 दिवसीय स्पोर्ट्स मीट का उत्साह के साथ आयोजन

**खरखौदा/सोनीपत/ सोमपाल सैनी**

**शनिवार** को उपमंडल खरखौदा जिला सोनीपत के गाँव थाना खुर्द के द स्टेनफोर्ड स्कूल में बच्चों को खेलों के साथ जोड़ने के लिए चैयरमैन उत्सव दहिया, निर्देशिका पूजा दहिया और प्रधानाचार्य संजीत नैन की अध्यक्षता में दो दिवसीय स्पोर्ट्स मीट का आयोजन वीरवार से शुरू किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रुप में मदर खजानी एजुकेशन सोसाइटी के निर्देशक सोमवीर आर्या और थाना खुर्द के जगबीर दहिया ने दीप व मशाल प्रज्वलित कर किया।

तत्पश्चात चारों हाउस ने अपने ध्वज को लेकर मार्च पास्ट किया और खेलों की शुरूआत की। इस मौके पर प्रधानाचार्य ने कहा कि शिक्षा का छात्र जीवन में जितना महत्व है, उतना ही खेलों का भी है। इसलिए सभी छात्रों को शिक्षा के बाद साथ-साथ अधिक से अधिक खेलों में हिस्सा लेना चाहिए, क्योंकि खेल जहां उन्हें सेहत प्रदान करते है। वहीं उनके शारीरिक व मानसिक विकास में भी अहम योगदान देते हैं। परिसर में विभिन्न खेलों का अयोजन किया गया जिसमे 100 मीटर रेस, 200 मीटर रेस, 400 मीटर रिले रेस, स्लो साइकिलिंग, थ्री लेग रेस, लेमन रेस, लॉन्ग जंप, मटका रेस, शॉट पुट, वॉलीबॉल, हाई जंप और टग ऑफ वार आदि खेलों का अयोजन हुआ।

# 3 साल बाद भी शुरू नहीं हो पाया मोहल्ला क्लीनिक

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बाहरी दिल्ली** के बवाना विधानसभा के अंतर्गत आने वाले खेड़ा कला गांव के खेड़ा गढ़ी इलाके में 3 साल पहले बना मोहल्ला क्लीनिक अब तक शुरू नहीं हो सका है। हालत यह है कि मोहल्ला क्लीनिक में लगे एसी और बिजली के उपकरणों पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया है। इसके बाद भी जिम्मेदार आंख मूंदे हुए हैं। इससे स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त है। खेड़ा कलां गांव के गढ़ी इलाके में बना एक मोहल्ला क्लीनिक 3 साल बाद भी शुरू नहीं हो सका है। आरोप है कि अब यहां लगे उपकरण भी चोरी हो रहे हैं। मोहल्ला क्लीनिक के बाहर ताला लगा हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि भले ही मोहल्ला



क्लीनिक के गेट पर ताला है, लेकिन यहां लगे एसी, बिजली के उपकरण और अन्य सामानों पर चोरों ने कर हाथ साफ कर दिया हैं। बवाना विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाला गढ़ी इलाका खेड़ा कलां का ही हिस्सा है। इलाके के लोगों ने बताया कि दिल्ली में मोहल्ला क्लीनिक खोले जाने की स्कीम के तहत ही इस गांव में भी एक क्लीनिक की शुरू की गई थी, लेकिन बनने के बाद से इस पर ताला लगा हुआ है। इसके बनने से लोगों को यह उम्मीद थी कि आसपास के लोग यहां पर बेहतर इलाज करा सकेंगे, लेकिन ऐसा नहीं हो सका है। स्थानीय निवासी संदीप कौशिक ने बताया की इस मोहल्ला क्लीनिक को शुरू किए जाने की मांग को लेकर कई बार स्थानीय लोगों ने संबंधित विभाग और विधायक को भी शिकायत दी है, लेकिन अब तक इस ओर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इतना ही नहीं सालों से बंद रहने की वजह से उसकी हालत खस्ता होने लगी है। वहीं दूसरी तरफ सालों से बंद रहने से उसमें गंदगी भी दिखाई पड़ती है। ऐसे में नगर निगम की तरफ से मलेरिया विभाग के संबंधित चालान का एक नोटिस भी गेट पर लगा रखा है। ऐसे में लोगों को आशंका है कि यहां जमे पानी की वजह से शायद इसमें मलेरिया, डेंगू को फैलाने वाले मच्छर पनप रहे हैं। यदि यह नियमित तरीके से खुल सकेगा तो यहां साफ-सफाई हो सकेगी साथ ही लोग को एक बेहतर स्वास्थ्य केंद्र के रूप में इस मोहल्ला क्लीनिक का इस्तेमाल कर सकेंगे। स्थानीय लोगों की मांग है कि मोहल्ला क्लीनिक को जल्द से जल्द शुरू किया जाए। ताकि स्थानीय निवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सके।

# रानी बाग: भाजपा जो कहती हैं वह करते दिखाती हैं: नागपाल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**शकूरबस्ती विधानसभा** क्षेत्र स्थित रानी बाग वार्ड नंबर-60 से भाजपा के मंडल अध्यक्ष सुरेश नागपाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की नीतियां जनहितैषी नीतियां है।
भाजपा ने देश की जनता से जो वादे किए हैं, उन वादों पर महेशा ही खरी उतरी हैं। पार्टी जो कहती है, वह करके दिखाती है। यही कारण है कि देश के कोने-कोने में आज भाजपा का सिपाही मौजूद है और देश के लोगों की सेवा कर रहा है।
नागपाल ने बताया कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को गुमराह करने का कार्य किया है। जो वादे आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता से किये थे, वह भी पूरे नहीं हुए है। जिसके चलते



लोग परेशान हो रहे है। उन्होंने आगे बताया कि आज दिल्ली की जनता पानी की समस्या से जूझ रही है।
दिल्ली में लोगों को पीने के पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है, कई इलाको में पानी नही आ रहा है और जिन इलाकों में पानी आता भी है तो वह पीने योग्य नही है। जिससे लोग बीमार भी पड़ रहें हैं।



शिक्षा उपनिदेशक सिविल लाईन जोन के साथ नगर निगम प्राथमिक विद्यालय जे ब्लॉक जहांगीर पुरी का निरीक्षण एवं दौरा करते हुए आप नेता सुरेश शर्मा, अनुज सिंह व अन्य।

# गुरुद्वारा के खजांची साथियों सहित शिरोमणि अकाली दल में शामिल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राजौरी गार्डन** गुरुद्वारा सिंह सभा में कोषाध्यक्ष की सेवा संभाल रहे प्रीत प्रताप सिंह साथियों सहित शिरोमणि अकाली दल दिल्ली स्टेट में शामिल हुए। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका, महासचिव जगदीप सिंह काहलो एवं शिरोमणि अकाली दल दिल्ली स्टेट के अध्यक्ष महिन्दरपाल सिंह चड्ढा ने पार्टी में शामिल होने वाले सभी लोगों को सम्मानित किया। प्रीतप्रताप सिंह को पार्टी में उपाध्यक्ष के पद का नियुक्ति पत्र सौंपा गया। सः हरमीत सिंह कालका एवं जगदीप सिंह काहलो ने कहा राजौरी गार्डन गुरुद्वारा के कोषाध्यक्ष प्रीतप्रताप सिंह, संयुक्त सचिव परमिन्दर कौर, स्टोर कीपर



जसमीत सिंह, डिस्पेंसरी के चेयरमैन हरजीत सिंह राजा बख्शी, सिख यूथ फाउंडेशन के अध्यक्ष हरनीक सिंह, हरनाम सिंह, मनप्रीत सिंह बख्शी, जसप्रीत सिंह सहित राजौरी गार्डन के युवाओं ने दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी में की जा रही सेवाओं से प्रभावित होकर शिरोमणि अकाली दल दिल्ली स्टेट में शामिल होना यह दशार्ता है कि दिल्ली की संगत का पूर्ण



विश्वास शिरोमणी अकाली दल दिल्ली स्टेट को प्राप्त है। प्रीत प्रताप सिंह ने सः हरमीत सिंह कालका, जगदीप सिंह काहलो का आभार प्रकट किया। जिन्होंने पार्टी में बतौर उपाध्यक्ष की सेवा सौंपी है। उन्होंने कहा राजौरी गार्डन गुरुद्वारा साहिब पहले ही संगत की सेवाएं निरन्तर करता आ रहा है और अब दिल्ली कमेटी के साथ मिलकर और बेहतर सेवाएं की जायेंगी।

# जहांगीर पुरी में अक्षत वितरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**जहांगीरपुरी** और नंद नगरी में अयोध्या से आवेशित होकर आए हुए पावन अक्षत के कलशों के वितरण के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।
यूनाईटेड हिन्दू फ्रंट के अंतर्राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष, राष्ट्रवादी शिवसेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेता भाजपा जय भगवान गोयल ने बताया कि 22 जनवरी 2024 भारत के इतिहास का गौरवमयी दिवस है जब भारत के तेजस्वी प्रधानमंत्री मोदी अयोध्या में श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा की विधिवत पूजा करके उन्हें मंदिर में विराजमान करेंगे।
यह हम सभी भारतीयों के लिए भी बड़े ही गर्व के क्षण हैं जो 500 वर्ष के तप, त्याग, सेवा, संघर्ष व 5 लाख



राम भक्तां के बलिदान के पश्चात देखने को मिल रहे हैं। इससे बढ़कर हम सभी भी सौभाग्य शाली है जो अपने जीवन काल में ही इन सुनहरे पलों के साक्षी बनने जा रहे हैं। श्री गोयल ने बताया कि उन्होंने भी यह संकल्प लिया है कि घर-घर, मोहल्लों में, कॉलोनियों में, सोसायटियों में, बाजारों में जा-जाकर इन पवित्र अक्षतों के कलशों का वितरण स्वयं ही अपने हाथों से करेंगे ताकि कोई भी राम भक्त इस दिव्य कार्यक्रम की



सहभागिता से वंचित न हो पाए। श्री गोयल ने बताया कि राम भक्तों में इस कार्यक्रम को लेकर काफी उत्साह देखने को मिला और बड़े ही भक्ति भाव व श्रृद्धा से राम भक्तो ने इन अक्षत के कलशों को प्राप्त किया जो पूजा के तिलक व मौली से सुशोभित थे। इन अक्षत कलशां के साथ हेंडबील भी बांटे गएं जिसमें 22 जनवरी 2024 को क्षेत्रीय मंदिरों में इन अक्षतां द्वारा पूजा करने का आहवाहन किया गया है।

# जीवन में संस्कारों का बड़ा महत्व: हेमलता


**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**जीवन मूल्यों में संस्कारों** का बड़ा महत्व है। ऐसा ही एक संस्कार है सेवा का भाव। निः स्वार्थ भाव से यथासंभव जरूरतमंद की मदद करना, सेवा करना हमारे संस्कारों की पहचान कराता है। पश्चिम विहार के गुरू हरिकिशन नगर स्थित सूता फाउंडेशन की संस्थापिका व हेमलता वरूण ने कहा कि तन, मन और वचन से दूसरे की सेवा में तत्पर रहना स्वयं इतना बड़ा साधन है कि उसके रहते किसी अन्य साधन की आवश्यकता ही नहीं रहती। क्योंकि जो व्यक्ति सेवा में सच्चे मन से लग जाएगा उसको वह सब कुछ स्वतः ही प्राप्य होगा जिसकी वह आकांक्षा रखता है। जिन बच्चों में प्रारम्भ से सेवा की



भावना का स्वस्थ विकास कर दिया जाता है वे आगे चलकर अपने सेवा-भाव से समाज में प्रतिष्ठा के पात्र बन जाते हैं। वास्तव में समाज के सुंदर निर्माण और भविष्य में उन्नति के लिए बच्चे में सेवा-भाव का विकास करना अत्यंत आवश्यक है। अभिभावकों का दायित्व है कि वह स्वयं बच्चों के सामने अपने आचरण से ऐसा उदाहरण प्रस्तुत करें जिसे देखकर बच्चों में सेवा भाव का संस्कार पैदा हो। सामान्य सेवा कार्यों को भी व्यक्ति यदि जीवन-पर्यन्त करता रहे तो उसका अहं भाव पूर्णतः समाप्त होकर उसके लिए आध्यात्मिक उत्थान का मार्ग प्रशस्त कर देगा। सेवा करने वाले के रूप में समाज में उत्तम परम्पराओं की स्थापना होती है। एक-दूसरे के प्रति प्रेमभाव से सामाजिक एकता, शान्ति और भाईचारे का आधार बनता है। सेवा कार्यो से उत्तम जीवन मूल्यों की स्थापना होती है। इतिहास में एक नहीं हजारों ऐसे उदाहरण हैं कि साधारण से साधारण व्यक्ति सामान्य सेवा मार्ग से चलते हुए राष्ट्रों के महान नेता हुए हैं।

# मॉडल टाउन: सोनिया गांधी के जन्मदिन पर वधवा ने लंबी उम्र की कामना की

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सोनिया गांधी भारतीय** राजनीति के इतिहास में सबसे महत्वपूर्ण नामों में से एक हैं। तथा वह आज 9 दिसंबर को 77 साल की हो गई हैं। सुबह से ही बधाइयों का सिलसिला जारी है। इस मौके पर पीएम नरेंद्र मोदी ने सोनिया गांधी को जन्मदिन पर शुभकामनाएं दी हैं। इसी कड़ी में मॉडल टाउन पार्ट दो में रहने वाले व चांदनी चौक जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष विनोद वधवा, सचिव अमित वधवा व मॉडल टाउन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के महासचिव राहुल वधवा ने सोनिया गांधी को बधाई




दी और दीघार्यु के लिए कामना की। विनोद वधवा ने कहा कि सोनिया गांधी हमारी शक्ति और हमारी बड़ी नेता हैं। तथा सोनिया गांधी ने महिलाओं की शक्ति, हमारे देश की संस्कृति और हमारे देश के लोगों की क्षमता को खुद में समाहित किया है। उन्होने कहा कि आपका देश के लिए त्याग, दृढ़ प्रतिबद्धता, निर्णायक नेतृत्व और अथक परिश्रम हमेशा हमें प्रेरणा देता है। ईश्वर से आपके अच्छे स्वास्थ्य और दीघार्यु होने की कामना करते हैं। इसके साथ ही उन्होने यह भी कहा कि हाशिए पर मौजूद लोगों के अधिकारों की एक निरंतर समर्थक व साहस, धैर्य और निस्वार्थ बलिदान के साथ विपरीत परिस्थितियों से लड़ते हुए अत्यंत दयालुता का प्रतीक रही हैं। मैं उनके लंबे और स्वस्थ जीवन की कामना करता हूं।



पूर्व स्वास्थ्य मंत्री भारत सरकार एवं चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र से सांसद डॉ हर्षवर्धन से मुलाकात करते हुए कुमार गौरव सिंह, सुमित चौहान, अनुराग अग्रवाल और हर्ष कुमार।

## समाज सेवा ही मेरे जीवन का लक्ष्यः वर्मा

# दान करने से धन में नही आती कमी: अमन वर्मा



### मानवता फाउंडेशन के संस्थापक अमन वर्मा ने कहा...

= जो लोग जरूरतमंदो की सेवा करते हैं वही है सच्चे समाजसेवी। अपने लिए तो सभी जीते हैं जो दूसरों की मदद के लिए आगे आते हैं वे सच्चे मानव होते हैं।



**जो मन और विचारों से प्रामाणिक रहता है,**
**भगवान संकट में हमेशा उसका साथ देता है।।**

**आज** हम आपकी मुलाकात ऐसे व्यक्ति से करवाने जा रहे है, जो आज अपने कार्यों की बदौलत पश्चिम विहार क्षेत्र में किसी भी परिचय के मोहताज नहीं है। और अपने कार्य के बदौलत लोगों के दिलों में आज भी बसे हुए है। यहां पर हम बात कर रहें हैं पश्चिम विहार स्थित गुरू हरिकिशन नगर में रहने वाले समाज सेवी व मानवता फांउडेशन के संस्थापक एडवोकेट अमन वर्मा की।

**जल्द बनकर तैयार होगा मंदिरः** अमन वर्मा ने बताया कि भगवान के आर्शिवाद से निहाल विहार में मंदिर बनाने के लिए जमीन ली गई है, जिसमें शिव मंदिर बनाने का कार्य चल रहा हैं और जैसे ही मंदिर निर्माण पूरा हो जाएगा उसके बाद मंदिर में महादेव की रसोई चलाई जाएगी, जहां सप्ताह में एक बार लोगों को 11 रूपये में भरपेट भोजन करवाया जाएगा।

**समाज सेवा करना सभी मनुष्यों का नैतिक उत्तरदायित्वः** अमन वर्मा ने कहा कि अपना नैतिक कर्तव्य समझते हुए मानव को यह कार्य करते रहना चाहिए। वहीं उन्होने यह भी बताया कि गरीब व असहाय लोगों की सेवा करना एक पुण्य का काम होता है, इसलिए सभी को इस पुण्य के कार्य में हिस्सा लेना चाहिए और दिल खोलकर गरीबों की सहायता करनी चाहिए।

**समाज सेवा के लिए पद होना जरूरी नहीः** वर्मा ने कहा कि समाज सेवा करने के लिए जरूरी नहीं है कि हमारे पास कोई पद या पोस्ट हो तभी हम समाज सेवा कर सकते है। समाज सेवा के लिए पद नहीं साफ नियत और नेक इरादा होना चाहिए। जैसे की कोई रास्तें मे भीख मांगता दिखे तो उसे भीख न देकर उसको छोटा-मोटा उसके व्यवसाय खुलवाया जाए, जिससे कि उसको अगले दिन भीख नही मांगनी पड़ेगी और आपकी तरफ से सेवा भी हो जाएगी। वहीं, जब कोई निसहाय अवस्था में बीमार दिखे तो मुहं घुमाकर निकलने की बजाए उसको चिकित्सक के पास लेकर जाए, ऐसी छोटी मोटी मदद करके भी समाज सेवा हो सकती है।

**दान-धर्म करने से धन कभी नहीं घटता**
अमन वर्मा ने कहा कि कुछ लोगों की यह सोच होती है कि पैसे मैने मेहनत करके कमाए हैं दान करने के लिए थोडी ही न कमाए है, फिजूल में क्यों दान करके उड़ा दूं, यह सोच पूरी तरह से गलत है। दान में खर्च करना कभी भी फिजूल खर्च नहीं होता है, लोगों की मदद करने से आपके धन में कभी भी कमी नहीं आती है, आप तो बस एक निमित हो समाज सेवा करने का, भगवान ने बस आपको एक माध्यम बनाया है, करने वाला तो भगवान ही हैं।

**नर सेवा ही है नारायण सेवाः** दूसरों के प्रति निस्वार्थ सेवा का भाव रखना ही जीवन में कामयाबी का मूलमंत्र है। निस्वार्थ भाव से की गई सेवा से किसी का भी हृदय परिवर्तन किया जो सकता है। हमें अपने आचरण में सदैव सेवा का भाव निहित रखना चाहिए।





# मोदी ने भारतीय संस्कृति की विरासत को विश्व में परचम फहराया: गुर्जर

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरि ओम गुप्ता)**

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विकसित भारत संकल्प यात्रा (वीबीएसवाई) के लाभार्थियों के साथ बातचीत की। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने वर्चुअल के जरिये सभा को संबोधित किया। इस कार्यक्रम में देश भर से हजारों विकसित भारत संकल्प यात्रा लाभार्थी वर्चुअल रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान पूरे देश के दो हजार से अधिक वीबीएसवाई वैन, हजारों कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) और सामान्य सेवा केंद्र (सीएससी) भी जुड़े। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में केंद्रीय मंत्री, सांसद, विधायक और स्थानीय स्तर के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। इसी बीच केंद्रीय विद्युत और भारी उद्योग राज्य मंत्री श्री कृष्ण पाल गुर्जर रॉयल वाटिका, एनआईटी विधानसभा क्षेत्र फरीदाबाद, हरियाणा में विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल

**संवाद**

> 8 प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से किया संवाद: केंद्रीय कृष्ण पाल गुर्जर

हुए। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री नागरिकों को ह्यहमारा संकल्प-विकसित भारतह्न की शपथ दिलाई। जहां केंद्रीय राज्य मंत्री श्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कार्यक्रम में भाग लेने वाले लोगों से सीधा संवाद भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा, "विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य मोदी सरकार द्वारा शुरू की गई जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभ को आम जनता के लिए सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति को शत प्रतिशत मिलना चाहिए



और कोई इससे छूटना नहीं चाहिए। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा के प्रधानमंत्री मोदी ने संकल्प लिया था कि जब भारत आजादी के 100 वर्ष पूरे करे तब देश एक विकसित राष्ट्र होना चाहिए, श्रेष्ठ राष्ट्र होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस संकल्प की पूर्ति के लिए पंक्ति में खड़े आखिरी व्यक्ति को सशक्त बनाना है व उसको मजबूत कर मुख्यधारा में लाना है। उन्होंने कहा कि इसलिए देश के हर गांव और शहरों के हर कोने में विकसित भारत संकल्प यात्रा चल रही है और 25 जनवरी तक लगातार चलनी है। केंद्रीय राज्य मंत्री ने बताया कि इस यात्रा के दौरान योजनाओं से संबंधित अधिकारी तीन से चार घंटे लोगों के बीच रहेंगे और योजना से संबंधित हर जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने केंद्र सरकार की कई योजनाओं के आंकड़े भी साझा किये। केंद्रीय राज्य मंत्री ने सभी अधिकारीयों को लोगों तक पहुँच बनाकर योजनाओं लाभ देने के निर्देश दिए।

केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय संस्कृति की विरासत को विश्व में परचम फहराया है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के जरिए गरीबों को शत प्रतिशत लाभ उनके घर द्वार के नजदीक मिल रहा है। देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 नवंबर से झारखंड से विकसित भारत जन संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया था। जो आगामी 25 जनवरी तक पूरे देश के हर गांव और शहरों के हर मोहल्ले में यह मोदी जी के गारंटी वाला रथ यात्रा पहुंचेगी। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि 50 करोड़ गरीब लोगों के खाते खुलवा कर उन्हें सरकार ऑनलाइन प्लेटफार्म प्रणाली पर अपलोड करके सरकारी योजनाओं और परियोजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। साथ ही गरीब परिवारों का ?200000 रुपये की धनराशि का दुर्घटना होने पर बीमा भी कर किया जा रहा है। वहीं 11 करोड़ महिलाओं को मुफ्त में गैस के कनेक्शन दिए हैं और चार करोड लोगों के प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान बनाए हैं। देश में वेंडर स्कीम के तहत रेडी फड़ी वालों को ?10000 से लेकर के ?50000 तक का की धनराशि बिना ब्याज के दी जा रही है। उन्होंने कहा कि करोड़ों लोगों को मुफ्त में अनाज देने का काम मोदी की गारंटी वाली सरकार ने किया है। वही अपना खुद काम से रोजगार करने वाले लोगों को ?300000 रुपए की धनराशि तक का लोन सस्ती दर पर दिया जा रहा है। आयुष्मान योजना के तहत देश में ?500000 रुपये की धनराशि तक का सालाना इलाज गरीब परिवारों का किया जा रहा है। वहीं प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने चिरायु योजना को आयुष्मान योजना के साथ जोड़कर गरीब परिवारों की आय 180000 रुपए की है। प्रदेश में 39 लाख परिवारों के पीले कार्ड बनाए गए हैं। है। देश के 11 करोड़ किसानों को ?6000 सालाना सीधा खाते में जा रहा है। वहीं 5 लाख परिवारों को कोविड के टाइम में फ्री में महिलाओं को सहायता का काम किया। इस दौरान कई संबंधित विभागों द्वारा योजनाओं के बारे में स्टाल लगाए गए। इसके इलावा एक स्वास्थ्य जांच कैंप भी लगाया गया, जिसमें माननीय केंद्रीय राज्य मंत्री श्री कृष्ण पाल गुर्जर ने अपना चैकअप करवाया।

## संक्षिप्त खबरें

### नई अर्ली चाइल्डहुड एजुकेशन रिपोर्ट जारी

**नोएडा**

भारत के प्राथमिक और पूर्व-प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में प्रमुख गैर-लाभकारी संगठन, सेंट्रल स्?क?वैयर फाउंडेशन (सीएसएफ) ने ह्यठोस बुनियाद का निर्माण : भारत में आरंभिक बाल्यावस्था शिक्षा की पड़तालह्न रिपोर्ट जारी की है। यह रिपोर्ट भारत में 200 अर्ली चाइल्डहुड एजुकेशन (ईसीई) यानि आरंभिक बाल्यावस्था शिक्षा क्लासरूम्स में संचालित स्थितिपरक विश्लेषण अध्ययन के बाद जारी की गई है। इस अध्ययन का उद्देश्य अनुसंधान के मौजूदा आँकड़ों का सत्यापन करना, ईसीई पाठ्यक्रम में सुधार के अवसरों की पहचान करना और महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डालना था, जिन पर तत्काल कारवाई की जरुरत है।

### एनएसई-सूचीबद्ध 2000 कंपनियों में से केवल 5% में महिलाएं सीईओ हैं : रिपोर्ट

**नोएडा**

एक प्रमुख अनुदान देने वाले संगठन, एडलगिव फाउंडेशन ने वित्त और अर्थशास्त्र में महिलाओं के नेतृत्व के रास्ते पर एक अध्ययन जारी किया। रिपोर्ट भारत में महिलाओं की नेतृत्वकारी भूमिकाओं की धीमी प्रगति पर प्रकाश डालती है - नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध 2000 में से केवल 100 (5%) कंपनियों में महिलाएं सीईओ हैं। रिपोर्ट के लोकार्पण कार्यक्रम में प्रसिद्ध पत्रकार फे डिसूजा और प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद, भारत सरकार की शमिका रवि के बीच एक बातचीत भी शामिल थी। इस व्यापक अध्ययन में माध्यमिक स्तर पर किए गए विस्तृत शोध के साथ-साथ, विभिन्न उद्योगों में वरिष्ठ वित्त भूमिकाओं (जैसे, सीएफओ, ऑडिट प्रमुख) में 55 महिला पेशेवरों के साथ गहन साक्षात्कार भी शामिल है।

### आईसीआईसीआई बैंक ने रुपे क्रेडिट कार्ड के माध्यम से यूपीआई भुगतान की शुरूआत की

**नोएडा**

आईसीआईसीआई बैंक ने आज घोषणा की कि उसने अपने ग्राहकों के लिए भुगतान सुविधा को बढ़ाते हुए अपने रुपे क्रेडिट कार्ड को यूपीआई लेनदेन के साथ इंटीग्रेट कर दिया है। इस इंटीग्रेशन के साथ आईसीआईसीआई बैंक के ग्राहक पर्सन-टू-मर्चेंट (पी2एम) लेनदेन को ऑनलाइन करने के लिए अपने रूपे क्रेडिट कार्ड को यूपीआई से लिंक कर सकते हैं - जैसे खरीदारी, उपयोगिता बिलों का भुगतान - और ऑफलाइन - जैसे कि पीओएस (प्वाइंट ऑफ सेल) मशीन पर भुगतान। इसके अलावा, वे अपने खर्च पर रिवॉर्ड पॉइंट भी अर्जित कर सकते हैं, जिससे उनका डिजिटल भुगतान अनुभव और बेहतर हो जाएगा। बैंक ने अपने रुपे क्रेडिट कार्ड पर यूपीआई लेनदेन को सक्षम करने के लिए नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) के साथ सहयोग किया है।

### टेक्नो ने 6699 रुपये में स्पार्क गो 2024 लॉन्च किया

**गाजियाबाद**

वैश्विक स्मार्टफोन ब्रांड टेक्नो ने स्पार्क गो 2024 - 'भारत का अपना स्पार्क' लॉन्च करके 7 हजार रुपये से कम कीमत वाले स्मार्टफोन सेगमेंट में क्रांति ला दी है। इसकी कीमत आकर्षक रूप से 6,699 रुपये से शुरू है। 2020 में स्पार्क गो सीरीज के आने के बाद से, यह पूरी तरह से गेम-चेंजर और ट्रेंड सेटर रहा है। अपने इनोवेटिव फीचर्स के साथ इसने तकनीकी परिदृश्य में हलचल मचा दी है। साथ ही इसकी कीमत को अधिकांश भारतीयों की पहुंच के भीतर रखा गया है। यही नहीं स्पार्क गो 2024 चीजों को एक पायदान ऊपर ले जाने के लिए यहाँ है! एस्पिरेशनल भारत की भावनाओं के अनुरूप डिजाइन किया गया, स्पार्क गो 2024 सिर्फ आवश्यकताओं को ही पूरा नहीं करता है; बल्कि इसमें अपूर्व अनुभव प्रदान करने वाली सेगमेंट-फर्स्ट फीचर्स का पूरा समूह है जिसमें काम से लेकर मनोरंजन तक सब कुछ शामिल है। साथ ही, यह जेब पर भारी भी नहीं पड़ेगा और, 3 जीबी रैम + 64 जीबी रोम संस्करण केवल 6699 रुपये में उपलब्ध होगा!
स्पार्क श्रृंखला के नए फोन पर टिप्पणी करते हुए, टेक्नो मोबाइल इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, अरिजीत तालपात्रा ने कहा, ह्नक्रांतिकारी स्पार्क गो 2024 का लॉन्च पूरे देश में प्रौद्योगिकी को अपनाने को बढ़ावा देने के हमारे व्यापक मिशन में महत्वपूर्ण प्रगति को दशार्ता है।

## 5.100 किलोग्राम गांजा सप्लाई करने वाले आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**

डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा द्वारा नशा तस्करी की वारदातों पर अंकुश लगाने के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 85 प्रभारी जोगिंदर सिंह की टीम ने नशा तस्करी के मुकदमे में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गया आरोपी सोनू उर्फ रसीला ताजपुर बदरपुर का रहने वाला है। मामले में आरोपी शिवम तथा ताहिर को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर आरोपी को थाना सिटी बल्लभगढ़ के अवैध नशे के मामले में गिरफ्तार किया है।

## विकसित भारत अभियान में भूमिका निभाएगा विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय

**खाका**

> 8 विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए सरकार ने खाका तैयार करना शुरू कर दिया है।

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरि ओम गुप्ता)**

विकसित भारत-2047 के संकल्प को साकार करने के लिए केंद्र और राज्य सरकार ने खाका तैयार करना शुरू कर दिया है। सोमवार को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी विकसित भारत@2047 आइडियाज पोर्टल का ऑनलाइन लॉन्च करेंगे। अपने आईडिया देने के लिए हरियाणा के सभी सरकारी



और गैर सरकारी विश्वविद्यालयों के कुलपति और कुलसचिवों को चंडीगढ़ राजभवन में आमंत्रित किया गया है। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राज नेहरू ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी इस अवसर पर ऑनलाइन माध्यम से अपना संबोधन भी देंगे। हरियाणा के राज्यपाल एवं श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री बंडारू दत्तात्रेय सभी कुलपतियों और कुल सचिवों को संबोधित कर उन्हें नए आइडिया पर काम करने को प्रेरित करेंगे। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि विकसित भारत का संकल्प साकार करने में श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय की विशेष भूमिका होगी। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय राष्ट्र हित में इस लक्ष्य के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगा। उन्होंने कहा कि देश का सर्वप्रथम कौशल विश्वविद्यालय होने के नाते श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय इस सेमिनार में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी निभाएगा।
चंडीगढ़ राज भवन में होने वाले विकसित भारत-2047 सेमिनार के विषय में कुलसचिव प्रोफेसर ज्योति राणा ने बताया कि इस सेमिनार में विश्वविद्यालय के लगभग 10 प्रोफेसर और अधिकारी भी भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि सेमिनार में खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्वविद्यालयों से जुड़े लोगों को प्रेरित करेंगे, ताकि नए नए विचारों पर आगे बढ़ा जा सके। प्रोफेसर ज्योति राणा ने बताया कि इस सेमिनार में विविध सत्र रखे गए हैं। इनके माध्यम से सब अपने सुझाव दे सकेंगे और नए विचारों का प्रतिपादन भी होगा। प्रोफेसर ज्योति राणा ने कहा कि श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय शुरू से ही नवाचार को प्रोन्नत कर रहा है। पूरा विश्वास है कि विकसित भारत -2047 के इस संकल्प अभियान में भी श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय की रचनात्मक भूमिका उल्लेखनीय रहेगी।

## चोरी के मामले में क्राइम ब्रांच बदरपुर बॉर्डर की टीम ने 2 आरोपियो को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरि ओम गुप्ता)**

डीसीपी क्राइम हेमेन्द्र कुमार मीणा के द्वारा शहर में अपराध पर अंकुश लगाने के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच बदरपुर बॉर्डर प्रभारी जितेन्द्र की टीम ने चोरी के मामले में 2 आरोपियो को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियो में अभिषेक (24) और करण (35) का नाम शामिल है। दोनों आरोपी(चाचा-भतीजे) पंचशील कॉलोनी पल्ला के रहने वाले है। दोनों आरोपियो को क्राइम ब्रांच टीम ने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना



से नया पुल पल्ला से चोरी के मामले में गिरफ्तार किया है। आरोपियो ने एक डिलीवरी बॉय के बैग को चोरी करने की वारदात को अनजाम दिया है। डिलीवरी बॉय ने बताया था की बह डिलीवरी के लिए गया था तो पिछे से किसी ने बैग चोरी कर लिया था। जिसमें 4 फोन, एक स्मार्ट वॉच, एक पावर बैंक अन्य सामन था। जिसका मामला थाना खेडीपुल में दर्ज किया गया था। आरोपियो से एक स्मार्ट वॉच, एक पावर बैंक बरामद की जा चुकी है। आरोपी भी डिलीवरी बॉय का काम करते थे। आरोपी को अन्य सामान बरामद कर ने के लिए अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा।

## चोरी के वाहन खरीदने वाले आरोपी को क्राइम ब्रांच की टीम ने किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**

डीसीपी क्राइम हेमेन्द्र कुमार मीणा के द्वारा शहर में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए आरोपियो की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश पर, एसीपी क्राइम अमन यादव के मार्ग दर्शन में कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच एनआईटी प्रभारी नरेश कुमार की टीम ने चोरी के वाहन खरीदने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी साहिल गांधी कॉलोनी फरीदाबाद का रहने वाला है। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से बडखल चौक के पास से मोटर साइकिल सहित काबू किया है।

## रात्रि के समय रास्ता भटकी महिला को पीसीआर की टीम ने सुरक्षित परिजनों तक छोड़ा



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**

पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के तहत एसीपी हैडकवार्टर के मार्ग दर्शन में कार्रवाई करते हुए महिला थाना सेन्ट्रल जोन प्रभीर इंदु बाला व ईआरवी सेन्ट्रल जोन इंचार्ज कुलजीत सिंह की टीम महिला डीएसआरएएफ पीसीआर-2 की टीम ने रात्रि के समय रास्ता भटकी महिला को उसके परिजनों तक पहुंचाने का सराहनीय कार्य किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि रात्रि के समय करीब 1.00 बजे डीएसआरएएफ पीसीआर-2 टीम महिला एएसआई सुरेश बाला ड्राइवर समुंदर को पुलिस कन्ट्रोल रुम से महिला के रास्ता भटक ने कि वीटी प्राप्त हुई। मौके पर पुलिस टीम ने देखा की एक महिला अकेली बैठी है। महिला को बैठन का कारण पूछा तो उसने बताया कि वह रास्ता भटक गई है। महिला को पीसीआर में बैठा कर उसके बताए हुए पते पर लेकर गए। पता नही मिलने पर महिला से फोन नम्बर मांगा तो महिला ने अपने भाई का नम्बर दिया जिससे सम्पर्क करने पर महिला का भाई मौके पर आया। महिला को उसके भाई के हवाले किया। महिला के भाई ने पुलिस टीम का तहे दिल से धन्यवाद किया। फरीदाबाद पुलिस के द्वारा पुलिस आयुक्त के आदेशानुसार रात्रि के समय महिला को कोई साधन/ पब्लिक ट्रांसपोर्ट नही मिल पा रहा हो और अकेली असुरक्षित महसूस कर रही है तो वह फरीदाबाद पुलिस द्वारा जारी किए गए कंट्रोल रूम नंबर 9999150000, 0129-2227200, 7290010000 पर संपर्क कर-के पुलिस की मदद ले सकती है। जिसमें उसके नजदीकी दुर्गा शक्ति, पीसीआर या इआरवी टीम उस महिला से संपर्क करके उसे सुरक्षित घर तक छोड़ेगी।

## अवैध हथियार सहित आरोपियो को क्राइम ब्रांच ने किया गिरफ्तार

**धर-पकड़**

> 8 पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम अमरजीत उर्फ कपिल और अर्जुन का नाम शमिल है

**फरीदाबाद**

डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के द्वारा आरोपियो की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच डीएलएफ प्रभारी कप्तान सिंह की टीम ने अवैध हथियार सहित 2 आरोपियो को अलग अलग स्थान से गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम अमरजीत उर्फ कपिल और अर्जुन



का नाम शमिल है। दोनों आरोपी गांव शाहबाद बल्लबगढ़ के रहने वाले है। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी अमरजीत को वाई-पास रोड खेडी पुल से काबू किया है तथा आरोपी अर्जुन को कृष्णा कॉलोनी सेक्टर-11 के पास से काबू किया है। दोनों आरोपयो की तलाशी लेने पर आरोपियो से 2 देसी कट्टा बरामद किए गए है। दोनों आरोपियो को खिलाफ संबंधित थानों में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपियो से पूछताछ में समाने आया कि दोनों आरोपी अवैध हथियार को लोगो में भैय बनाने के लिए रखते थे। आरोपी अर्जुन ने देसी कट्टे को 5500/-रु में आरोपी अमरजीत से खरीदा था। आरोपी अमरजीत देसी कट्टों को राजस्थान में किसी व्यक्ति से 10000/-रु में खरीद कर लाया था। पूछताछ में सामने आया की आरोपी अमरजीत पर पहले एक मामला लडाई झगडे का है। आरोपी बाउंसर की नौकरी करता था तथा आरोपी अर्जुन पर पहले थाना तिगांव में हत्या के प्रयाश धाराओं में एक मामल दर्ज है। आरोपी अर्जुन को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया ताथ आरोपी अमरजीत को पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

## मूलचंद शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गारंटी वाले रथ यात्रा का किया गांव पियाला में स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**

हरियाणा के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी मोदी की गारंटी वाले रथ का पृथला विधानसभा के गांव पियाला पहुंचने पर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। जहां विकसित भारत संकल्प यात्रा, जन संवाद कार्यक्रम में हरियाणा के कैबिनेट मंत्री श्री मूलचंद शर्मा बतौर मुख्य मुख्य अतिथि शिरकत की। वहीं पियाला गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने परिवहन मंत्री का पगड़ी बांध कर जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर विशिष्ठ अतिथि भाजपा की राष्ट्रीय सचिव डॉ आशा लाकड़ा का गांव की महिलाओं ने शॉल भेंट कर स्वागत किया। परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने लोगो को संबोधित करते हुए



कहा की आज देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं से देश और प्रदेशों में चौमुखी विकास रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी गारंटी वाले रथ पर लगी स्क्रीन के जरिये केंद्र और प्रदेश सरकारो की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और परियोजनाओं और परियोजनाओं की जानकारी दी जा रही है। हरियाणा के परिवहन विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने उपस्थित लोगों हिन्दुस्तान को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए संकल्प शपथ दिलवाते हुए कहा कि सरकार की विकसित भारत संकल्प यात्रा-जन-संवाद कार्यक्रमों में अपार जन समर्थन मिल रहा है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि सरकारी सेवाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। कैबिनेट मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि आमजन को सरकार द्वारा दी जाने वाली जनकल्याणकारी योजनाओं को घर- घर पहुंचाने के लिए इस कार्यक्रम में विभिन्न सरकारी विभागों का कैंप लगाए जा रहे हैं। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा आज शनिवार को पृथला विधानसभा क्षेत्र के गांव पियाला विकसित भारत संकल्प यात्रा में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सम्बोधित कर रहे थे। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि कैंप में पहुंचने वाले लोगो की समस्याओं को मौके पर ही समाधान किया जा रहा है। उन्होंने कहा की डिजिटल स्कीम के तहत लोगो को सरकारी सुविधाएं दी जा रही है। उन्होंने कहा कि इन कैम्पों में लोगों को परिवार पहचान पत्र (पीपीपी), पेंशन, आधार, स्वास्थ्य सहित अन्य सेवाओं को जन जन तक पहुंचाने के लिए लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि देश में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद कार्यक्रम देश के कौने कौने में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की समस्याएं घर द्वार के नजदीक कैम्पों के जरिये की जा रही है। प्रदेश में प्रतिदिन 140 यात्राएं की जा रही है। गावों के खेतों में बनी ढाणियो और शहरी क्षेत्रों में स्लम बस्तियों में में कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र में सरकार 60 हजार गरीब परिवारों को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और परियोजनाओं और परियोजनाओं का लाभ दे रही है। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने इस मौके पर सभी को भारत देश को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने की शपथ भी दिलवाई। कैबिनेट मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने अपने संबोधन में कहा आज देश प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा में मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल के नेतृत्व में निरंतर उन्नति के पथ पर है। कार्यक्रमों में योजना के लाभार्थियों को सरकार की जनहितकारी योजनाओं की जानकारी दी गई व विभिन्न प्रकार की सेवाओं से लाभान्वित किया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल व प्रदर्शनी लगाकर लोगों को योजनाओं व सरकारी सेवाओं की जानकारी देने के साथ-साथ स्वास्थ्य की जांच भी की गई।
ह्यविकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवादह्न पूरे देश में सरकार की प्रमुख योजनाओं की संपूर्ण पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की गई है।
\ ताकि इन योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से सभी लक्षित लाभार्थियों तक लाभ पहुंच सके। कैबिनेट मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने लोगों से सीधा संवाद करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में समाज के अंतिम व्यक्ति को विकास की पंक्ति में सबसे आगे खड़ा करना केंद्र व प्रदेश सरकार का लक्ष्य है।

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
Front Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 10 दिसंबर 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

आदर्श रसोई सप्ताह 36 वां

# 'राकेश भारद्वाज चौक' पर आदर्श रसोई ने मनाई संतोष छाबड़ा की तीसरी पुण्यतिथि

## छाबड़ा परिवार ने रिबन काटकर की आदर्श रसोई की शुरूआत, आदर्श रसोई ने किया अतिथियों का जोरदार स्वागत








**टीम एक्शन इंडिया/ नई दिल्ली**
आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले "**राकेश भारद्वाज चौक**" पर आदर्श रसोई के दूसरे वर्ष के 36वें रविवारीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### विधिवत रूप से अतिथियों ने रिबन काटकर की आदर्श रसोई की शुरूआत

अपनी नई और नायाब पहल के लिए मशहूर आदर्श रसोई में इस बार भी कुछ अलग ही देखने को मिला। इस बार आदर्श रसोई में राकेश भारद्वाज चौक पर स्वर्गीय संतोष छाबड़ा की तीसरी पुण्यतिथि मनाई गई। पुण्यतिथि के इस मौके पर छाबड़ा परिवार की ओर से आदर्श रसोई में निःशुल्क अन्नदान किया गया।

### छाबड़ा परिवार रहा विशेष अतिथि

जैसा कि सभी जानते है कि हर बार आदर्श रसोई में कोई विशेष अतिथि रहते है। इस बार आदर्श रसोई में छाबड़ा परिवार ने विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की। पूरे छाबड़ा परिवार ने रिबन काटकर आदर्श रसोई की विधिवत शुरूआत की। रिबन काटने के बाद श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी और स्वर्गीय संतोष छाबड़ा को पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस मौके पर आदर्श रसोई के पदाधिकारियों ने एक-दूसरे का स्वागत किया और फूलों की माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया।




### संतोष छाबड़ा जी की मनाई गई तीसरी पुण्यतिथि

छाबड़ा परिवार की बड़ी संतोष छाबड़ा जी की पुण्यतिथि का कार्यक्रम आदर्श रसोई में आयोजित किया गया। इस दौरान पूरा छाबड़ा परिवार संतोष छाबडा को याद करते हुए भावुक दिखाई दिया। इस मौके गुरदयाल छाबड़ा ने कहा कि आदर्श रसोई की सबसे बढ़िया बात है कि आदर्श रसोई सामाजिक गतिविधियों के साथ-साथ अपनी धर्म और संस्कृति को बढ़ावा देने वाले कार्यों को निरंतर रूप से करती आ रही है।

### छाबडा परिवार की ओर से किया गया निःशुल्क अन्नदान

**संतोष** छाबड़ा की तीसरी पुण्यतिथि के अवसर पर इस बार छाबड़ा परिवार ने आदर्श रसोई में निःशुल्क अन्नदान किया। आदर्श रसोई के संरक्षक और दवाई बैंक के प्रणेता गुरदयाल छाबडा ने कहा कि आदर्श रसोई के माध्यम से हर सप्ताह जो यह रसोई निरंतर चलाई जा रही है इसके संस्थापक को शत शत नमन है, जिनके आदर्शों की बदौलत रसोई के माध्यम से सेंकड़ो लोगों का पेट भर रहा है। आदर्श रसोई समाज में बेहतरीन कार्य कर रही है। ऐसी सामाजिक संस्थाओं की आज के समय में बेहद जरूरत है जोकि निःस्वार्थ भाव से जरूरतमंद लोगों को भोजन उपलब्ध करा रही है। मैं आदर्श रसोई की पूरी टीम को बधाई देता हूं। इस मौके पर राजेश छाबड़ा, गोपी छाबड़ा, स्नेहलता छाबड़ा सहित पूरा छाबड़ा परिवार उपस्थित रहे।





# संवेदनशील सरकार में होती है गरीब-कमजोर की सुनवाई: मुख्यमंत्री

## गोरखपुर में 1500 गरीब बेटियों के सामूहिक विवाह समारोह में शामिल हुए योगी, दिया आशीर्वाद

**टीम एक्शन इंडिया/गोरखपुर**
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि जब सरकार संवेदनशील होती है तो गरीब-कमजोर लोगों की सुनवाई होती है। उन्हें बिना भेदभाव के पूरी पारदर्शिता के साथ शासन की योजनाओं का लाभ मिलता है। केंद्र व राज्य की डबल इंजन सरकार ऐसी ही संवेदनशील सरकार है। यह सरकार बिना भेदभाव शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ तो पहुंचा ही रही है, जन सहयोग से समाज की कुरीतियों को समाप्त करने का भी प्रयास कर रही है।
मुख्यमंत्री योगी शनिवार को महंत दिग्विजयनाथ पार्क में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत आयोजित 1500 जोड़ों के विवाह समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का कार्यक्रम डबल इंजन सरकार के प्रयासों और सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार का आयोजन है। दहेज की कुरीति से कई गरीब परिवार विवाह के पवित्र यज्ञ से वंचित हो जाते थे। बाल विवाह से पूरी तरह छुटकारा पाने के साथ दहेज के अत्याचार को समाप्त करने की



दिशा में यह आयोजन अभिनव प्रयास है।
उन्होंने कहा कि हमें समाज में किसी भी ऐसी कुरीति को पनपने नहीं देना है जो समाज के विकास में बाधक हो।
आदित्यनाथ ने बताया कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत वर्ष 2017 से अब तक लगभग तीन लाख शादियां करा चुकी है। 2017 के पूर्व प्रति जोड़े विवाह पर 31 हजार रुपये खर्च किए जाते थे, बाद में इसे बढ़ाकर 51 हजार रुपये कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार सशक्तीकरण के लिए प्रतिबद्ध है और इस निमित्त हर जरूरी कदम उठा रही है। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ मातृ वंदना जैसे कई कार्यक्रम महिलाओं की सुरक्षा व प्रेरणा की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो रहे हैं। महिला सशक्तीकरण की दिशा में आगे बढ़ते हुए सरकार ने संसद में एक नया विधेयक भी पारित किया है। इसके अंतर्गत ग्राम पंचायत व नगर निकायों की तर्ज पर संसद व विधानसभाओं में भी महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का लाभ प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला सशक्तीकरण के प्रयासों का ही परिणाम है कि उत्तर प्रदेश में 01 करोड़ 75 लाख तथा देश में 9 करोड़ 60 लाख महिलाओं को उज्ज्वला योजना का लाभ मिल रहा है। अब तो इस योजना के तहत होली और दीपावली पर मुफ्त गैस सिलेंडर भी मिलना शुरू हो चुका है।

# कार्डियोथोरेसिक विभाग में ट्रांस कैथेटर ऑर्टिक वाल्व इंप्लांटेशन रिप्लेसमेंट

**जोधपुर**। मथुरा दास माथुर अस्पताल के उत्कर्ष कार्डियोथोरेसिक विभाग में पहली बार एंडोवस्कुलर तकनीक- टावी (ट्रांस कैथेटर ऑर्टिक वाल्व इंप्लांटेशन/ रिप्लेसमेंट ) के माध्यम से मरीज को हृदय के सिकुड़े हुए ऑर्टिक वाल्व से निजात दिलाई गई । सीटीवीएस विभागअध्यक्ष डॉ सुभाष बलारा ने बताया कि नागौर निवासी 67 वर्षीय जेठाराम गत दो सालों से सीने में दर्द तथा सांस फूलने की तकलीफ से पीड़ित थे। जांचों के उपरांत यह पता चला कि उनके हृदय के ऑर्टिक वाल्व में काफी सिकुड? (सीविअर अयोर्टिक स्टेनोसिस) है। पहले इस बीमारी के उपचार के लिए सर्जरी ही ऑप्शन था परंतु आधुनिक टावी (टावर) प्रणाली के माध्यम से बिना चीर फाड़ के, सिर्फ निडल पंचर होल के जरिए वाल्व इंप्लांटेशन संभव है। अतः मरीज की बीमारी, उमर को देखते हुए मरीज को टावी प्रोसीजर करने का निर्णय लिया गया।

## ई-रिक्शा- ट्रैक्टर की टक्कर में 10 वर्षीय बालक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/नवादा**
नवादा में ई -रिक्शा से ट्यूशन पढ़ने जा रहे 10 वर्षीय छात्र का शनिवार को सड़क हादसा में मौत हो गयी, जिसके बाद परिजन में कोहराम मच गया। बताया जा रहा है कि छात्र ई -रिक्शा से ट्यूशन पढ़ने जा रहा था, तभी विपरीत दिशा से आ रहे अनियंत्रित ट्रैक्टर ने धक्का मार दिया, जिससे छात्र की घटनास्थल पर हीं मौत हो गई। मृतक मुफसिल थाना के पछियाडीह गांव का छोटू कुमार है। घटना की सूचना मिलने दुनिया को बताएं कि भारत किस तरह से आगे बढ़ रहा है और क्या बदलाव हो रहे हैं। पर पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए नवादा सदर भेज दिया है। मृत छात्र छोटू कुमार के मामा गोनावां निवासी सुनील दास ने बताया कि उनका 10 वर्षीय भांजा, जो पचिया डीह ग्राम निवासी है। वह पछियाडीह से ई -रिक्शा पर सवार होकर ट्यूशन पढ़ने के लिए नवादा आ रहा था, तभी ओढ़नपुर गांव के समीप एक विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर ने धक्का मार दिया।




**नुकसान** भारतीय मुद्रा का विदेशों में जाने का मतलब, स्वदेशी अर्थव्यवस्था में नुकसान होना है।

# भारत में साल में 5000 डेस्टिनेशन वेडिंग, विदेशी में खर्च हो रहे 1 लाख करोड़

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**देश** में डेस्टिनेशन वेडिंग का क्रेज बढ़ता जा रहा है। अगर 365 दिन की बात करें, तो लगभग 5000 हजार शादियां, विदेशी धरती पर संपन्न हो रही हैं। यानी विदेशी धरती पर भारतीय लोगों के एक लाख करोड़ रुपये खर्च हो जाते हैं। इतनी बड़ी मात्रा में भारतीय मुद्रा का विदेशों में जाने का मतलब, स्वदेशी अर्थव्यवस्था में नुकसान होना है। इस स्थिति में कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट), प्रधानमंत्री मोदी के 'वेड इन इंडिया' आह्वान को आगे बढ़ाने के लिए काम करेगा। 'वेड इन इंडिया' से देश की अर्थव्यवस्था एवं व्यापार को मजबूती मिलेगी। साथ ही 'कैट' ने भारत के विभिन्न राज्यों में लगभग 100 प्रमुख शहरों एवं उनके आसपास 2 हजार से अधिक ऐसे स्थानों को चिन्हित किया है, जहां पर



'डेस्टिनेशन वेडिंग' हो सकती हैं। इससे लोगों का 'डेस्टिनेशन वेडिंग' का शौक भी पूरा हो जाएगा और भारत का धन दूसरे मुल्कों में नहीं जाएगा। मतलब, हर साल भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। प्रधानमंत्री मोदी ने देहरादून में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के उद्घाटन के दौरान भी पूंजीपतियों से विदेश में जाकर शादी करने के बजाय उत्तराखंड में आकर डेस्टिनेशन वेडिंग करने की सलाह दी थी। उन्होंने भी कहा था कि अगर उत्तराखंड में एक साल में पांच हजार भी डेस्टिनेशन वेडिंग हुईं, तो प्रदेश की अर्थव्यवस्था काफी मजबूत होगी।
**अनावश्यक तौर पर भारतीय मुद्रा, देश से बाहर:** कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया और राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने शनिवार को बताया, प्रधानमंत्री मोदी द्वारा 'वेड इन इंडिया' का आह्वान किया गया है। इससे देश की अर्थव्यवस्था एवं व्यापार को मजबूती मिलेगी।
डेस्टिनेशन शादियों पर लगभग एक लाख करोड़ रुपये विदेश में खर्च हो जाते हैं। इसके जरिए अनावश्यक तौर पर भारतीय मुद्रा, देश से बाहर जा रही है।